काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

BANARAS HINDU UNIVERSITY

2020-21

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT

www.bhu.ac.in

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

BANARAS HINDU UNIVERSITY

वार्षिक प्रतिवेदन

2020-21

सम्पादन समिति

1. **प्रो० राज कुमार**
   हिन्दी विभाग, कला संकाय
2. **प्रो० अरूण कुमार मिश्र**
   वनस्पति विज्ञान विभाग, विज्ञान संस्थान
3. **प्रो० राकेश सिंह**
   कृषि अर्थशास्त्र, कृषि विज्ञान संस्थान
4. **प्रो० योगेश आर्या**
   मनोविज्ञान विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय
5. **प्रो० सत्यपाल शर्मा**
   हिन्दी विभाग, कला संकाय
6. **डॉ. पंचानन दलाई**
   अंग्रेजी विभाग, कला संकाय
7. **डॉ. जसमिंदर कौर**
   दृश्यकला संकाय
8. **डॉ. आरती निर्मल**
   अंग्रेजी विभाग, कला संकाय
9. **डॉ. राहुल चतुर्वेदी**
   अंग्रेजी विभाग, कला संकाय
10. **डॉ. संजीव सर्राफ**
    उप पुस्कालय अध्यक्ष, केन्द्रीय ग्रंथालय
11. **डॉ. विचित्रसेन गुप्त**
    हिन्दी अधिकारी
12. **डॉ. संजय कुमार**
    संयुक्त कुलसचिव (शिक्षण)
13. **डॉ. पुष्यमित्र त्रिवेदी**
    उप कुलसचिव (शिक्षण)



संस्थापक

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय

२५.१२.१८६१ - १२.११.१९४६

(पौष कृष्ण अष्टमी, वि. सं. १९१८ – मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी, वि. सं. २००३)

The Founder

of the

BANARAS HINDU UNIVERSITY

Mahamana Pandit Madan Mohan Malaviya

25.12.1861 – 12.11.1946

(Paush Krishna Ashtami, V.S. 1918 – Margshirsha Krishna Panchami, V.S. 2003)

न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम् ।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम् ॥

"I do not covet kingdom, neither heaven, nor Nirvana
The only desire I have is to serve Disconsolate"

- Mahamana Malaviya

कुलगीत

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर,
यह सर्वविद्या की राजधानी ।

यह तीनो लोकों से न्यारी काशी ।
सुज्ञान धर्म और सत्यराशी ॥
बसी है गंगा के रम्य तट पर,
यह सर्वविद्या की राजधानी । मधुर मनोहर -॥

नये नहीं हैं यह ईंट पत्थर ।
है विश्वकर्मा का कार्य सुन्दर ॥
रचे है विद्या के भव्य मंदिर,
यह सर्व सृष्टि की राजधानी । मधुर मनोहर - ॥

यहाँ की है यह पवित्र शिक्षा ।
कि सत्य पहले फिर आत्म-रक्षा ॥
बीके हरिश्चंद्र थे यहीं पर,
यह सत्यशिक्षा की राजधानी । मधुर मनोहर - ॥

यह वेद ईश्वर की सत्यवाणी ।
बने जिन्हें पढ़ के ब्रह्मज्ञानी ॥
थे व्यास जी ने रचे यहीं पर,
यह ब्रह्मविद्या की राजधानी । मधुर मनोहर - ॥

यह मुक्तिपद को दिलाने वाले ।
सुधर्म पथ पर चलाने वाले ॥
यहीं फले फूले बुद्ध शंकर,
यह राजऋषियों की राजधानी । मधुर मनोहर - ॥

सुरम्य धारायें वरूणा अस्सी ।
नहाए जिनमे कबीर तुलसी ॥
भला हो कविता का क्यों न आकर,
यह बागविद्या की राजधानी । मधुर मनोहर - ॥

विविध कला अर्थशास्त्र गायन ।
गणित खनिज औषधि रसायन ॥
प्रतीचि-प्राची का मेल सुन्दर,
यह विश्वविद्या की राजधानी । मधुर मनोहर - ॥

यह मालवीय जी की देश भक्ति ।
यह उनका साहस यह उनकी शक्ति ॥
प्रकट हुई है नवीन होकर,
यह कर्मवीरों की राजधानी ।

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर,
यह सर्वविद्या की राजधानी ॥

Dr. SHANTI SWARUP BHATNAGAR
Eminent Scientist
who composed the BHU Kulgeet

Kulgeet (English Translation)

So sweet serene, infinitely beautiful
This is the presiding center of all learning.

Radiant Kashi, wonder of the three worlds
Treasure-Chest of Jnana , Dharma and Satya
Nesting on Ganga`s bank, center of all disciplines.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

No Recent work of brick and stone
Primordial design of divinity alone
Mansions of Vidya, center of all creation.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Clear here is the doctrine pure
Truth first, then only one' self
Home of Harishchandra, Truth's testing ground.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

The voice of God in Vedic record
Constant Inspiration for soul-accord
Work-shop of Veda Vyasa, center freedom for Bhrahma Vidya
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Find here the steps of freedom
Tread here the path of Dharma
Flaming trail Budha`s and Shankara`s center for philosopher-kings.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Life-Giving waters of Varuna and Assi
Sustenance of Kabir and Tulsi
Fountainhead of eloquent speech and poetry.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Music, Economics, other arts so many
Maths, Mining, Medicine and Chemistry
Fraternal forum of East and West, university in trust sense.
(So sweet, serene, infinitely beautiful)

Patriotism of Malviyaji
His intrepidity and energy
All in youthful manifestation,
centre for men of action

So sweet, serene, infinitely beautiful
This is the presiding center of all learning.

Á®å fot; dekj ‘kDYk
कुलगुरू एवं
कार्यवाहक कुलपति
Prof. Vijay Kumar Shukla
Rector &
Officiating Vice-Chancellor

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY

Telephone : 0542-2368938
Fax : 0542-2369100
Email : vc@bhu.ac.in
rector@bhu.ac.in
Website: www.bhu.ac.in

प्रस्तावना

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की वर्ष 2020-21 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत गौरव एवं प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। इस प्रतिवेदन में विश्वविद्यालय के संस्थानों, संकायों, विभागों और केन्द्रों की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का समावेश है। प्रस्तुत प्रतिवेदन में शैक्षणिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त, उल्लिखित अवधि के दौरान संचालित महत्वपूर्ण सह-पाठ्यक्रम और विकास गतिविधियों के क्षेत्र में अर्जित विशिष्ट उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया है।

शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक संस्थान के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अपने ज्ञानदीप्त संस्थापक एवं महान शिक्षाविद महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा शिक्षा के समग्र एवं मूल्यनिष्ठ पद्धति को नूतन आयामों से जोड़कर युवा वर्ग का संपोषण एवं उन्नयन कर रहा है। विश्वविद्यालय, शिक्षा के समस्त क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्ति के अपने प्रयास में सैद्धांतिक और व्यवहारिक दोनों रूप से अन्वेषण, नवाचार और ज्ञान प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं अनुसंधानिक गतिविधियों को बढ़ावा देंने के उद्देश्य से कई नयी संरचानाओ के स्थापत्य एवं नयी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान, समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप कई नए शैक्षणिक कार्यक्रमों की शुरुआत करने के साथ साथ विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व से चली आ रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों का संशोधन भी किया गया है। विश्वविद्यालय की शोध और शैक्षणिक योजनाओं को व्यवहारिक रूप से कार्यान्वित करने के लिए परिचालन योजना को उच्च प्राथमिकता दी गयी है।

विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के प्रत्यक्ष व्यवहारिक लाभ हेतु उनके कौशल संवर्धन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गए है। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक उन्नयन के उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा लब्धप्रतिष्ठित विद्वानों के व्याख्यानों एवं विभिन्न संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। छात्रावास सुविधाओं में विस्तार के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा खेलकूद एवं योग शिक्षा की सम्यक व्यवस्था की गयी।

मै, इस वार्षिक प्रतिवेदन 2020-21 के संकलन, सम्पादन एवं प्रकाशन से जुड़े समस्त लोगों को बधाई देता हूँ और उनके अथक मेहनत एवं प्रयासों की सराहना करता हूँ।

(विजय कुमार शुक्ल)

BHU
capital of knowledge

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

विषय सूची

भाग-1

1. **भूमिका**
    1.1. विश्वविद्यालय - एक दृष्टि में
    1.2. शैक्षणिक सत्र 2020-21की प्रमुख विशेषताएँ
2. **विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अवयव (अंग)**
    2.1. **मुख्य परिसर**
        2.1.1. **संस्थान**
            2.1.1.1. कृषि विज्ञान
            2.1.1.2. चिकित्सा विज्ञान (आधुनिक, आयुर्वेद, दन्त चिकित्सा)
            2.1.1.3. पर्यावरण एवं संपोष्य विकास
            2.1.1.4. प्रबंध शास्त्र
            2.1.1.5. विज्ञान
        2.1.2. **संकाय**
            2.1.2.1. कला
            2.1.2.2. वाणिज्य
            2.1.2.3. शिक्षा
            2.1.2.4. विधि
            2.1.2.5. मंच कला
            2.1.2.6. सामाजिक विज्ञान
            2.1.2.7. संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान
            2.1.2.8. दृश्य कला
        2.1.3. **महिला महाविद्यालय**
        2.1.4. **अध्ययन केन्द्र**
            2.1.4.1. आनुवांशिकी विकार केन्द्र
            2.1.4.2. डी.एस.टी.-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द्र
            2.1.4.3. नेपाल अध्ययन केन्द्र
            2.1.4.4. महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र
            2.1.4.5. मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र
            2.1.4.6. समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र
            2.1.4.7. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र
        2.1.5. **स्कूल**
            2.1.5.1. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल
            2.1.5.2. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल
            2.1.5.3. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय
        2.1.6. **काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ग्रंथालय प्रणाली**
        2.1.7. **यू.जी.सी. ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर**
        2.1.8. **मालवीय भवन**

2.1.9. भारत कला भवन

2.2. दक्षिणी परिसर

2.3. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत संचालित नगरीय महाविद्यालय
2.3.1. आर्य महिला पी.जी. महाविद्यालय, चेतगंज
2.3.2. वसन्त महिला महाविद्यालय, राजघाट
2.3.3. वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा
2.3.4. दयानन्द पी.जी. महाविद्यालय, औसानगंज

3. अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम

4. प्रदत्त उपाधियां / सनद / प्रमाण पत्र
4.1 छात्रों की संख्या

5. मानव संसाधन रूपरेखा

6. वित्तीय संसाधन

7. पुरस्कार व सम्मान

8. छात्रवृत्तियाँ / अध्येतावृत्तियाँ (छात्रों के लिये)

9. सुविधाएं

9.1. आवास
9.1.1. छात्रावास (बालक)
9.1.2. छात्रावास (बालिका)
9.1.3. छात्रावास (विदेशी)
9.1.4. विश्वविद्यालय कर्मचारियों के निवास हेतु आवास सुविधाएँ

9.2. अतिथि गृह संकुल

9.3. इन्टरनेट एवं संगणक

9.4. सम्मेलन कक्ष

9.5. पुरातन छात्र प्रकोष्ठ

9.6. भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद्

9.7. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

9.8. अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र

9.9. समाचार पत्र प्रकाशन एवं प्रचार प्रकोष्ठ

9.10. विद्युत एवं जल सेवाएं

9.11. अनुरक्षण (भवन एवं उपकरण)

9.12. स्वास्थ्य देखभाल (अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र)

9.13. विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद

9.14. छात्र अधिष्ठाता द्वारा आयोजित कार्यक्रम

9.15. जलपान गृह

9.16. राष्ट्रीय सेवा योजना

9.17. नेशनल कैडेट कोर

9.18. एयर स्ट्रीप एवं हेलीपैड

9.19. विपणन संकुल

9.20. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय क्लब

9.21. छात्र कल्याण
- 9.21.1. संस्थापन सेवा
- 9.21.2. विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र
- 9.21.3. छात्र परिषद्
- 9.21.4. नगर छात्र निकाय
- 9.21.5. समान अवसर एवं समावेशी पद्धति
- 9.21.6. पाठ्येतर क्रियाकलाप

9.22. हिन्दी प्रकाशन प्रकोष्ठ

भाग – 2

परिशिष्ट - 1 विश्वविद्यालय के कोर्ट, कार्यकारिणी परिषद् व विद्वत् परिषद् के सदस्यगण एवं अधिकारीगण

परिशिष्ट - 2 विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान का विवरण

परिशिष्ट - 3 विभिन्न अभिकरणों द्वारा वित्तपोषित शोध परियोजनाओं की सूची

परिशिष्ट - 4 वर्ष 2020-21 में आयोजित कुछ प्रमुख संगोष्ठियाँसम्मेलन एवं कार्यशालाएँ

परिशिष्ट - 5 वर्ष 2020-21 में शैक्षणिक विचार-गोष्ठियों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त शिक्षकों की संख्या का विवरण

परिशिष्ट - 6 वर्ष 2020-21 सीधी नियुक्ति और पदोन्नति

हिन्दी संस्करण

वार्षिक प्रतिवेदन 2020-21

1.भूमिका

परिसर विन्यास संबंधी महामना की दृष्टि



1.1 विश्वविद्यालय – एक दृष्टि में



काशी हिन्दू विश्वविद्यालय देश के अति प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक है जिसकी स्थापना महामान पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा सन् 1916 में की गई थी। ये एक स्वायत्तशासी उत्कृष्ट संस्था है जिसके विजिटर भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी हैं। ये एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है। पंडित मदन मोहन मालवीय जी, डॉ. एनी बेसेन्ट एवं डॉ. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन जैसे मनीषियों की दूरदर्शिता की जीवन्त प्रतीक यह राष्ट्रीय संस्था प्राचीन भारतीय ज्ञान विज्ञान एवं आधुनिक वैज्ञानिक चिंतन दृष्टि का एक अद्भुद संगम है। अपने ज्ञानदीप्त संस्थापक द्वारा पल्लवित-प्रतिपादित शिक्षा की समग्र एवं पवित्रमूलक पद्धति को नूतन आयामों से जोड़कर यह विश्वविद्यालय युवा वर्ग का उन्नयन कर रहा है तथा उनकी सृजनात्मक प्रतिभा का सम्पोषण कर उन्हें पर्याप्त सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

संस्थापक की दृष्टि

- "यह मेरी हार्दिक इच्छा और उम्मीद है कि आज से स्थापित होने वाले इस प्रकाश स्तम्भ से ऐसे स्नातक दीक्षित हो जो न केवल बौद्धिकता में विश्व के किसी भी क्षेत्र के विद्यार्थियों के समतुल्य हो बल्कि एक सुसंस्कृत जीवन यापन करने वाले देशभक्त तथा धर्मनिष्ठ भी हो"
- "एक आवासीय विश्वविद्यालय अपने उद्देश्य के प्रति अपूर्ण है यदि वह अपने स्नातकों में समान उत्कन्ठा से उनके भावावेगों को समुन्नत नहीं करता जिस प्रकार उनके बौद्धिक विकास हेतु वह सचेष्ट है। अतैव इस विश्वविद्यालय ने अपना मूल लक्ष्य युवकों के चरित्र निर्माण के लिये निर्धारित किया है। यह संस्था न केवल अभियंताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, धार्मिक विचारकों, व्यापारियों को बनाने के लिए प्रयत्न करेगा बल्कि ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा जो अत्यन्त चरित्रवान, नैतिक तथा सम्मान के योग्य होंगे, जिनका उदाहरण महान विश्वविद्यालय के महनीय उद्देश्यों के समरूप दिया जा सकेगा।"

विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय की स्थापना चरित्र निर्माण तथा अभिभावकत्व की मूल परिकल्पना के अनुरूप एक आवासीय विश्वविद्यालय के रूप की गई। यह सम्भवतः विश्व का अनूठा विश्वविद्यालय है जिसमें 550 हेक्टेयर (1360 एकड़) के चहारदीवारी से घिरे तथा स्थापत्य की दृष्टि से अनुपम भवनों के परिसर में नर्सरी से लगायत डाकरेट उपाधि तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। इस विशाल हरीतिमा से परिपूर्ण परिसर में विज्ञान, अभियंत्रिकी एवं तकनिकी, मानविकी, समाज विज्ञान, वाणिज्य, विधि, शिक्षा, दृश्यकला, मंचकला, संस्कृत विद्याधर्म विज्ञान, कृषि, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान, पत्रकारिता तथा बड़ी संख्या में भारतीय एवं विदेशी भाषाओं आदि लगभग समस्त विधाओं में शिक्षा प्रदान की जाती है।

विश्वविद्यालय के 5 विभागों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष सहायत कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान प्राप्त हो रहा है तथा 3 अन्य केन्द्रों/कार्यक्रमों तथा 7 डी.एस.टी. फिस्ट कार्यक्रमों को वित्तीय अनुदान मिल रहा है। शहर में अवस्थित 4 महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय 3 विद्यालयों का भी संचालन करता है, इसके अतिरिक्त 1 केन्द्रीय विद्यालय भी परिसर में अवस्थित है। इनके अलावा मुख्य परिसर से 75 किलोमीटर दूर मिर्जापुर जिले के बरकच्छा नामक स्थान पर 1012.6 हेक्टेयर (2700 एकड़) भूमि के विस्तृत परिसर में सन् 2006 में विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर की स्थापना की गई है।

उत्कृष्टता का प्रतीक

एन.आई.आई.एफ. रैकिंग में विगत 5 वर्षों से लगातार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में तृतीय तथा समस्त शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में दसवां स्थान प्राप्त करता आ रहा है। इण्डिया टुडे-नील्सन सर्वेक्षण (2010) के अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को भारतीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उपरोक्त सर्वेक्षण में प्रसिद्धि, शैक्षणिक गुणवत्ता, संकाय गुणवत्ता, शोध प्रकाशन / रिपोर्ट / परियोजना, बुनियादी संरचना एवं रोजगार के अवसरों आदि विशिष्ट मानको के विश्लेषण पर आधारित है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शिक्षण एवं शोध की गुणवत्ता के आयाम सें सुधार करने के लिए निरंतर प्रयास किये गये हैं। सत्र 2009-10 के दौरान प्रतिष्ठित पत्रिका करेंट साइंस में प्रकाशित दस वर्षीय सर्वेक्षण में सूचकांक जर्नलों में अधिकतम शोध पत्रों के प्रकाशन के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को सर्वोच्च 25 भारतीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर रखागया है। इंडिया टुडे के (जून 2013) में प्रकाशित इंडिया टुडे नील्सन के द्वारा कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय भारत के पाँच शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्थान रखता है। अन्य एजेंसियों ने भी इस विश्वविद्यालय एवं इसके विभिन्न संकायों / विभागों को समान प्रकार की श्रेणी दी है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, का.ही.वि.वि.

कृषि विज्ञान संस्थान

चिकित्सा विज्ञान संस्थान

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय

शताब्दी सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक

ब्रोचा छात्रावास

कृषि विज्ञान संस्थान

समग्र कृषि और संबद्ध विज्ञान के सतत और समान विकास के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध यह संस्थान मानव संसाधन विकास, अध्यापन, अनुसंधान एवं विस्तार के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से स्वतंत्रता, सुरक्षा और समृद्धि के द्वारा मानव संसाधन का विकास कर रहा है। ज्ञान निर्माण कारक, दक्षता, फसलों / सब्जीयों / फलों / पशुओं / मुर्गीयों / मछलियों में उत्पादन, गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन सुधार, आजीविका सुरक्षा में सुधार और भुखमरी मुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में संस्थान सतत प्रयासरत है। इसके अतिरिक्त संस्थान शिक्षा, शोध, खेल-कूद एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है।

हावाई पट्टी

साईबर लाइब्रेरी

चिकित्सा विज्ञान संस्थान एवं चिकित्सालय

चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अंतर्गत 3 संकाय- आधुनिक चिकित्सा, आयुर्वेद एवं दन्त चिकित्सा संकाय कार्यरत है। संस्थान में चिकित्सीय एवं चिकित्सा सहायक सभी विषयों के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित होते है। संस्थान के अंतर्गत स्थापित विभिन्न चिकित्सालयों के माध्यम से सात राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखन्ड, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल) एवं पड़ोसी राष्ट्र नेपाल तथा भूटान से आने वाले 20 करोड़ की जनसंख्या को चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध कराई जाती है। चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों का लगभग 40 प्रतिशत गरीब तबके से आता है। वर्तमान में संस्थान के चिकित्सालयों में 2614 बेड क्रियान्वित हैं जिसमें 1385 बिस्तरों का सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, 180 बिस्तरों का आयुर्वेद विंग, 334 बिस्तरों का ट्रामा सेंटर, 13 बिस्तरों का दन्त चिकित्सा, 430 बिस्तरों का शताब्दी सुपर स्पेशिलिटी ब्लाक, 100 बिस्तरों का मातृ एवं शिशु एवं स्वास्थ्य विंग, 60 बिस्तरों का मानसिक चिकित्सा उत्कृष्ट केन्द्र, 12 बिस्तरों का बोन मैरो ट्रांस्प्लांट एवं स्टेम सेल रिसर्च सेंटर, 100 बिस्तरों का क्षेत्रीय संस्थान, शामिल है।

केन्द्रीय ग्रंथालय

मालवीय भवन

पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान

विश्वविद्यालय में सन् 2010 में एक राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान की स्थापना की गई। इस संस्थान में सन् 2011 में शैक्षणिक पदों पर नियुक्तियाँ हुई। संस्थान का उद्देश्य सम्पोष्य विकास के बारे में शिक्षा एवं शोध करने के साथ-साथ सतत विकास हेतु शिक्षा प्रदान करना है। संस्थान का लक्ष्य देश के सतत विकास से सम्बन्धित शिक्षण, शोध एवं विस्तार कार्य करना है जिससे देश का संपोष्य विकास हो सके, निर्धनता मिटे और देश के प्राकृतिक संसाधनों का कुशल एवं समुचित प्रबंधनहो सके।

सेन्ट्रल डिस्कवरी सेंटर

प्रबंधन शास्त्र संस्थान

विश्वविद्यालय में प्रबंधन में स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रम की शुरूआत सन् 1968 में की गई। प्रारम्भ में प्रबंधन शास्त्र एक विभाग के रूप में वाणिज्य संकाय के

अटल इन्क्यूबेशन सेंटर

अंतर्गत संचालित होता था परन्तु गुणवत्तायुक्त प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान प्रदान करने की बढ़ती आवश्यकता की परिकल्पना करते हुए, विश्वविद्यालय द्वारा प्रबंधन अध्ययन विभाग को सन् 1984 में एक स्वतंत्र संकाय के रूप में स्थापित किया गया। प्रबंधन संकाय अपने प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्तशिक्षकों के नेतृत्व मेंकॉर्पोरेट जगत के लिए उपयुक्त नवीन और आवश्यकता आधारित कार्यक्रम चलाने के लिए प्रतिबद्ध है। संकाय को दिसंबर 2015 में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के रूप में उच्चीकृत किया गया।



श्री विश्वनाथ मंदिर

विज्ञान संस्थान

सन् 1916 में स्थापित विज्ञान संकाय जो बाद में विज्ञान संस्थान के रूप में उच्चीकृत हुआ, स्नातक, परास्नातक, एवं पी.एच.डी.कार्यक्रमों के अतिरिक्त डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। संस्थान के अंतर्गत 13 विभाग, 6 केन्द्र, 2 अंतरविषयक स्कूल आते हैं। आधुनिक एवं जटिल उपकरणों से लैस प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान विज्ञान के सभी क्षेत्रों में पठन-पाठन एवं शोध की दिशा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की तरफ अग्रसर है।

भारत कला भवन

एशिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में सम्पूर्ण भारत एवं विश्व के 34 देशों से लगभग 32 हजार छात्र एवं छात्राएं अध्ययनरत है। विश्वविद्यालय के 64 छात्रावासों में लगभग 11 हजार विद्यार्थी प्रवास करते हैं। ये छात्रावास इंटरनेट सुविधा के साथ-साथ सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। विश्वविद्यालय में 1400 कर्मचारी आवास एवं 7 अतिथि गृह भी है।

एन.सी.सी. केडेट्स के लिये फ्लाइंग प्र शिक्षण

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपना हवाई पट्टी एवं तीन हेलीपैड है. इनका उपयोग एन.सी.सी. कैडेट्स के प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।

दक्षिणी परिसर

पुस्तकालय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय प्रणाली में 13000 ऑनलाइन शोध पत्रिकाओं, 50000 ई-पुस्तिकाओं, डिजीटलाइज्ड पाण्डुलिपियों सहित 15 लाख पुस्तको का विसाल संग्रह है। यह पुस्तकालय विभागीय, संकायों तथा संस्थानों के पुस्तकालयों की श्रृंखला का समुच्चय है। इसके अतिरिक्त दिन-रात कार्यरत 200 से अधिक सीटों की एक वातानुकूलित साइबर लाइब्रेरी है। नवीनीकृत वातानुकूलित पत्रिका अध्ययन कक्ष की भी स्थापना की गई है जिसमें 60 व्यक्तिगत कक्ष शोध छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उपलब्ध है।

पर्यावरण जागरूकता एवं सौन्दर्यीकरण

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर 575.75 प्रक्षेत्र सुन्दर बगीचों एवं हरीतिमा युक्त है।

- 33.5 कि.मी. का कटीलें बाड़ों का घेरा है।
- संस्थानों, संकायों, मैदानों एवं आवासीय परिसरों के चारो तरफ 142800 झाड़ियाँ लगाई गई है।
- 11 एकड़ की नर्सरी जिसमें 40500 फलदार पौधे, 20000 वन वृक्ष, 15000 सजावटी पौधे, 15 लाख मौसमी फल के पौधे एवं 5000 अन्य पौधे हैं।

सूचना एवं संचार संरचना

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक,प्रशासनिक एवं कार्यालयीय भवन वाई-फाई से लैस हैं। इसके अलावा,विश्वविद्यालय में कैंपस वाइड लैन की 100 किलोमीटर लंबी फाइबर ऑप्टिक की एक सुदृढ़ संरचना भी है जोसभी शैक्षणिक और प्रशासनिक भवनों के साथ-साथ छात्रावासों को आधुनिक तकनिकों से सुसज्जित कंप्यूटर केंद्र से जोड़ती है,जो उच्चिकृत कंप्यूटिंग और प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करती है। विश्वविद्यालय को एनएमई-आईसीटी के तहत राष्ट्रीय नॉलेज नेटवर्क (एन.के.एन.) के तीन 1 जीबीपीएस नोड प्रदान किए गए हैं। इनके अलावा,विशेष रूप से कोविड काल में ऑनलाइन पठन-पाठन को सुगम बनाने के लिए 100 से अधिक स्मार्ट क्लास रूम किये गये हैं।वर्ष 2018 से विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षायें कम्प्यूटर आधारित टेस्ट प्रणाली के माध्यम से संचालित हो रही है। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों को संपादित करने के लिए ई.आर.पी. सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है जिससे विश्वविद्यालय पेपर लेस कार्यालय बनने की तरफ अग्रसर है।

मंदिर

परिसर के केन्द्र में भगवान शिव का एक मंदिर स्थित है जिसे श्री विश्वनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है। सफेद संगमरमर से निर्मित इस मंदिर का विस्तृत ले-आउट एवं नक्शा स्वयं मालवीय जी के देख-रेख में तैयार किया गया था। हरितिमा युक्त मंदिर परिसर तथा सुरूचिपूर्ण उद्यान दर्शनार्थियों के नेत्र को ठंडक एवं मन को शांति प्रदान करते हैं। मंदिर के केन्द्र में शिव लिंग तथा दीवारों पर हिन्दू शास्त्रों के श्लोक चित्र सहित उत्कीर्ण हैं।

भारत कला भवन

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व का एक संग्रहालय-भारत कला भवन है, जिसमें प्राचीन कलात्मक वस्तुओं का एक अद्भुत संग्रह उपलब्ध है। भारत कला भवन में 13 कला वीथिकायें हैं जिनमें एक लाख से अधिक दुर्लभ कला वस्तुओं एवं दुर्लभ मूर्तियों, लघुचित्र, राजस्थान, मुगल एवं पहाड़ी चित्र, सिक्के, गहने, रत्न आदि के साथ-साथकई प्रसिद्ध लेखकों की हस्तलिखित ऐतिहासिक महत्व की कृतियाँ संग्रहित हैं।

दक्षिणी परिसर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा मिर्जापुर जिले के बरकच्छा में अपने दक्षिणी परिसर का विस्तार किया गया है। समाज के कमजोर वर्ग एवं जन-जातियों से सम्बद्ध युवा-युवतियों के लिए विशेषतः स्थापित इस शिक्षा केन्द्र का विकास शिक्षण, प्रशिक्षण एवं उद्यमशीलता के लिए किया गया है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य इस पिछड़े क्षेत्र में वहां के निवासियों के लिए आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ शैक्षणिक एवं अनुसंधान से उन्हें लाभान्वित करना है।

ब्राण्ड बी.एच.यू.

भारत का यह एक ऐसा पहला केन्द्रीय विश्वविद्यालय है जिसमें ग्राफिक आइडेंटिटी लागू किया गया है। इसके अंतर्गत सील, लोगो, द्विभाषीय लोगो टाईप, टैग लाईन, कलर आइडेंटिटी के अतिरिक्त कार्यालयीय उपयोग की स्टेशनरी एवं साइनेज सिस्टम का मानकीकरण किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डिजाइन स्टूडियों, सोविनियर शॉप, इलेक्ट्रानिक, वेब एवं सोसल मिडिया आदि का भी मानकीकरण किया गया है।

प्रमुख उपलब्धियाँ – नवाचार, शोध, शिक्षा एवं सरचनात्मक विकास

- चिकित्सा विज्ञान संस्थान का भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के समकक्ष संस्थान के रूप में उन्नयन
- शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस के टैग से नवाजा जाना। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय को आगामी 5 वर्षों के लिए 1000 करोड़ रुपये का वित्तीय सहयोग प्राप्त होगा।

- आधुनिक चिकित्सीय सुनिधाओं से लैस 430 बिस्तरों के सुपर स्पेशिलिटी ब्लाक की स्थापना। इसमें 13 मॉडुलर ओ.टी., 50 आई.सी.यू. एवं 19 सी.सी.यू. हैं।
- 100 बिस्तरों वाले मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग की स्थापना।
- क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की स्थापना।
- बोन मैरो ट्रांस्प्लानंट एवं स्टेम सेल रिसर्च सेंटर की स्थापना।
- टाटा ट्रस्ट के वित्तीय सहयोग से महामना कैंसर चिकित्सालय एवं शोध संस्थान की स्थापना।
- सेन्ट्रल डिस्कवरी सेंटर की स्थापना। इस सेंटर में विज्ञान के आधुनिक शोध उपकरणों एवं सुविधाओं की स्थापना की जा रही है जो विश्वविद्यालय की एक केन्द्रीय सुविधा है जिसे विज्ञान की मूल एवं सम्बद्ध विषयों पर शोध एवं नवाचार हेतु स्थापित किया गया है।
- नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से SATHI Centre के अंतर्गत एक स्वतंत्र पारिस्थितक तंत्र की स्थापना
- निति आयोग, भारत सरकार के तत्वाधान में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर परियोजना के अंतर्गत Mahamana Foundation for Innovation and Entrepreneurship की स्थापना
- देश के प्राचीन ज्ञान भण्डार एवं आधुनिक ज्ञान विज्ञान के मध्य सम्बन्ध स्थापित करने के उद्देश्य से वैदिक विज्ञान केंद्र की स्थापना
- मुख्य परिसर के साथ-साथ दक्षिण परिसर में कई भवनों में रूफ टॉप सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करना।
- दक्षिण परिसर में दो नए छात्रावास एवं तीन आवासीय संकुल का निर्माण
- एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान का निर्माण
- विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं वाले एकीकृत खेल परिसर की स्थापना तथा खेल मनोविज्ञान प्रयोगशाला एवं संसाधन कक्ष की स्थापना
- 300 फ्लैटों वाले शिक्षक आवास का निर्माण
- दक्षिणी परिसर में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय की स्थापना
- दक्षिणी परिसर में पहाड़ी क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए चेक डैम का निर्माण
- अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए 110 कमरों के छात्रावास का निर्माण
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधानपरिषद के तत्वाधान में अंतरिक्ष विज्ञान में शिक्षण और अनुसंधान को सुदृढ़ बनाना
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा कृषि विज्ञान संस्थान,बी.एच.यू. में निर्माण/बीज अवसंरचना हेतु वित्तीय सहायोग प्राप्त होना।

बीएचयू में अंतरराष्ट्रीय चेयर

- शांति और अंतरसांस्कृतिक शिक्षण एवं शोध हेतु यूनेस्को चेयर
- नेपाल चेयर
- बाल अधिकारों के लिए यूनिसेफ चेयर

भविष्य की योजनाएँ

- जनजातीय और जीनोमिक चिकित्सा संस्थान का निर्माण
- संक्रमित रोग पर अनुसंधान के लिए जैव सुरक्षा स्तर IV BSL4 सुविधा की स्थापना।
- सेंटर फॉर ट्रांस्लेशनल रिसर्च की स्थापना
- जीनोमिक्स और प्रोटिओमिक्स पर अनुसंधान को बढ़ावा देना।
- भारतीय सांस्कृतिक विरासत पर अध्ययन को बढ़ावा देना।
- 500 कमरों की क्षमता वाला अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास का निर्माण

ट्रॉमा सेंटर

बी.एच.यू. पुरातन छात्र

महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ज्ञान की सीमाओं का विस्तार करने और सामुदायिक मूल्यों का पुर्नस्थापन एवं सतत् प्रवाह इस बात का प्रमाण है कि यहां से ज्ञान प्राप्त विशिष्ट व्यक्तियों की एक लम्बी श्रृंखला सम्पूर्ण विश्व में विभिन्न राजकीय एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रमुख पदों पर आसीन है।

हमारे कुलपति

यहाँ के यशस्वी कुलपतियों में महामना मालवीय जी, सर सुन्दरलाल, डॉ. एस. राधाकृष्णन एवं आचार्य नरेन्द्र देव जैसे महापुरुष रहें, जिन्होंने इस महान विश्वविद्यालय का निर्माण किया।

सर सुन्दरलाल	(1.4.1916-13.4.1918)
डॉ. पी. एस. शिवास्वामी अय्यर	(13.4.1918-8.5.1919)
पंडित मदन मोहन मालवीय	(29.11.1919-6.9.1938)
डॉ. सर्वेपल्ली राधाकृष्णन	(17.9.1939-16.1.1948)
डॉ. अमर नाथ झा	(27.2.1948-5.12.1948)
पंडित गोविन्द मालवीय	(6.12.1948-21.11.1951)
आचार्य नरेंद्र डेव	(6.12.1951-31.5.1954)
डॉ. सी.पी. रामास्वामी अय्यर	(1.7.1954-2.7.1956)
डॉ. वी. एस. झा	(3.7.1956-16.4.1960)
न्यायमूर्ति एन.एच. भगवती	(16.4.1960-15.4.1966)
डॉ. त्रिगुण सेन	(9.10.1966-15.3.1967)
डॉ. ए.सी. जोशी	(1.9.1967-31.7.1969)
डॉ. के.एल. श्रीमाली	(1.11.1969-31.1.1977)
डॉ. मोटी लाल धर	(2.2.1977-15.12.1977)
डॉ. हरि नारायण	(15.5.1978-14.5.1981)
डॉ. इकबाल नारायण	(19.10.1981-29.4.1985)
डॉ. आर.पी. रस्तोगी	(30.4.1985-29.4.1991)
डॉ. सी.एस. झा	(1.5.1991-14.6.1993)
प्रो० डी.एन. मिश्रा	(8.2.1994-27.6.1995)
प्रो० हरि गौतम	(2.8.1995-25.8.1998)
प्रो० वाई. सी. सिम्हाद्री	(31.8.1998-20.2.2002)
प्रो० पी. रामचंद्र राव	(20.2.2002-19.2.2005)
प्रो० पंजाब सिंह	(03.5.2005-7.5.2008)
प्रो० डी.पी. सिंह	(08.5.2008-21.8.2011)
डॉ. लालजी सिंह	(22.8.2011-22.8.2014)
प्रो० गिरीश चन्द्र त्रिपाठी	(27.11.2014-27.10.2017)
प्रो० राकेश भागनगर	(28.3.2018-28.3.2021)

दीक्षांत संबोधन

88th Convocation – 2006
Hon'ble President of India
Dr. APJ Abdul Kalam

89th Convocation – 2007
Hon'ble Vice-President of India
Shri Bhairon Singh Shekhawat



90th Convocation – 2008
Hon'ble Prime Minister of India
Dr. Manmohan Singh

91st Convocation – 2009
Hon'ble President of India
Smt. Pratibha Devi Singh Patil

92nd Convocation – 2010
Hon'ble Vice-President of India
Shri Hamid Ansari

93rd Convocation – 2011
Hon'ble Minister of HRD
Shri Kapil Sibal

94th Convocation – 2012
Hon'ble Speaker of Lok Sabha
Smt. Meira Kumar

Special Convocation – 2012
Hon'ble President of India
Shri Pranab Mukherjee

95th Convocation – 2013
Hon'ble Chancellor of BHU
Dr. Karan Singh

96th Convocation – 2014
Padma Vibhushan
Prof. Jayant Vishnu Narlikar

97th Convocation – 2015
Padma Vibhushan
Dr. G. Madhavan Nair

98th Convocation – 2016
Hon'ble Prime Minister of India
Shri Narendra Damodar Das Modi

99th Convocation – 2017
Bharat Ratna
Prof. C.N.R. Rao, FRS

100th Convocation – 2018
Padma Vibhushan
Dr. Raghunath Anant Mashelkar, FRS

101st Convocation – 2019
Padma Vibhushan
Dr. Vijay Kelkar

प्रशासन

विश्वविद्यालय की प्रशासनिक संरचना मुख्य रूप मे कार्यकारिणी परिषद एवं विद्वत परिषद द्वारा संचालित की जाती है। इस उच्च अधिकार युक्त मंडल में सत्र 2020-21 के सदस्यों के नाम परिशिष्ट-1 में वर्णित हैं। वर्तमान आंकलन अवधि (2020-21) के अंतर्गत निम्नलिखित महानुभाव विश्वविद्यालय के वैधानिक पदों पर अपनी सेवायें प्रदान किये है।

कुलपति

प्रो. राकेश भटनागर (28.3.2021 तक)
प्रो. विजय कुमार शुक्ल(कार्यकारी) (28.3.2021 से)

रेक्टर

प्रो. विजय कुमार शुक्ल

कुलसचिव

डॉ. नीरज त्रिपाठी

वित्ताधिकारी

डॉ. अभय कुमार ठाकुर

परीक्षा नियंता

श्री मनोज कुमार पाण्डेय

छात्र अधिष्ठाता

प्रो. महेन्द्र कुमार सिंह

मुख्य आरक्षाधिकारी

प्रो. ओ.पी. रॉय (31.12.2020तक)
प्रो. आनन्द चौधरी (1.1.2021 से)

पुस्तकालयाध्यक्ष

डॉ. डी. के. सिंह

1.2. शैक्षणिक सत्र 2020-21 की महत्वपूर्ण गतिविधियां

उक्त अधिक के दौरन अनेक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं विकासपरक कार्यक्रम पूरे किए गए और नई पहलें की गईं। वर्तमान वर्ष के दौरान की मुख्य उपलब्धियां व पहलें नीचे दिए जा रहे हैं।

प्रवेश

नया शैक्षणिक सत्र 1.4.2020 से प्रारम्भ हुआ और विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 13576 नये विद्यार्थी (8094 पुरुष एवं 5482 महिला) पंजीकृत हुये। विभिन्न स्नातक/स्नातकोत्तर/पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हुए। पुरूष व महिला विद्यार्थियों का संकायवार विवरण अध्याय-4.1 में दिया जा रहा है। उक्त अवधि के दौरान 117 नये विदेशी विद्यार्थियों (84 पुरुष एवं 33 महिला) ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। इन विद्यार्थियों का देशवार विवरण अध्याय 4.1 में दिया जा रहा है।

समीक्षाधीन वर्तमान वर्ष के दौरान 6336 स्नातकों, 4631 परास्नातकों एवं 6 एम.फिल. शोधार्थियों ने अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त की और 681 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। उपाधि प्राप्तकर्ताओं का संकाय व पाठ्यक्रम विवरण अध्याय 4 में दिया गया है।

शैक्षणिक योगदान

उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक परिवेश को प्रोत्साहित करने में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य अग्रणी रहे हैं। वर्ष 2020-21 की अवधि के दौरान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से 4152 से अधिक प्रकाशन (विवरण अनुलग्नक-2 में दिया गया है) निर्गत हुए है जिनमें 2958 शोध पत्र (अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में 1902 तथा राष्ट्रीय जर्नल्स में 1056) शामिल है।

वर्ष 2020-21 की अवधि में शिक्षकों का शैक्षणिक योगदान										
शोधपत्र			**लेख**		**पुस्तके**				मोनोग्राफ	19
राष्ट्रीय	1056		राष्ट्रीय	**317**	राष्ट्रीय	**144**			**मैनुयल**	**23**
अन्तर्राष्ट्रीय	1902		अन्तर्राष्ट्रीय	**228**	अन्तर्राष्ट्रीय	**63**			**लीफलेट / अन्य**	**400**
योग	8958		**योग**	545	**योग**	207			**योग**	442

सम्मान / पुरस्कार / मान्यता

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान के विभिन्न रूपों में मान्यता मिली है (अध्याय-७ में सूचीबद्ध)। अनेक शिक्षक विभिन्न प्रतिष्ठित अकादमियों (यथा-इंडियन अकेडेमी ऑफ साइंस,नेशनल अकादमी ऑफ साइंस,नेशनल अकेडेमी ऑफ मेडिकल साइंस) के अध्येता चुने गए हैं। विदेशों में (उदाहरणार्थ- अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ड,अध्येत्तावृत्ति,जर्मनी;आई.एन.एस.ए.-डी.एफ.जी. अध्येतावृत्ति) उन्नत शोध के लिए कई शिक्षकों को अध्येतावृत्ति तथा एसोसिएटशिप प्रदान की गई है। व्यावसायिक संगठनों में पदाधिकारी,अध्यक्षता/विद्वत निकायों एवं सम्मेलनों की अध्यक्षता,राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय समितियों,पत्रिकाओं का संपादकत्व इत्यादि अन्य मान्यताओं में शामिल है।

शोध परियोजनाएं

वर्ष के दौरान कुल 3335.09 लाख से अधिक अनुदान की 117 नई शोध परियोजनाएं मंजूर की गई। साथ ही, 370 पूर्व से चली आ रही परियोजनाएं (कुल अनुदान रु 159000.23 लाख से अधिक) जारी रही। देश की प्रमुख निधियम एजेंन्सियों ने बीएचयू को शोध में सहयोग प्रदान किया। शोध परियोजनाओं का विस्तृत विवरण अनुलग्नक-3 में दिया गया है।

विभिन्न अभिकरणों द्वारा वित्तपोषित शोध परियोजनाओं की सूची

सत्र 2020-21में स्वीकृत नई शोध परियोजनायें

	नवीन परियोजनाएं		पूर्व से संचालित परियोजनाएं	
संस्थान/संकाय/विभाग का नाम	**संख्या**	**स्वीकृत धनराशि**	**संख्या**	**स्वीकृत धनराशि**
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	13	11723500	19	33072100
अतंर विश्वविद्यालय त्वरण केन्द्र	1	75000	2	654000
जैव प्रौद्योगिकी विभाग	7	46426819	30	181297525
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	35	161144562	148	784240973
वैज्ञानिक और औद्योगिकी परिषद्	3	2969500	12	10936167
विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद्	9	14644120	10	17019621
क्रिश्चिन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, वेल्लोर	-	-	02	2726930
भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	7	17195540	23	49657684
भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली	1	283320	05	4268049
परमाणु उर्जा विभाग	1	3075625	7	17081775
रक्षा मंत्रालय	2	10944971	3	14948016
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय	-	-	5	23315150
भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्	5	3888000	11	8280000
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	2	13199954	18	65778006
विदेशी अभिकरण	5	4178052	6	4701226
सहयोग परियोजना, स्ट्रैसा	-	-	04	2071583
संस्कृति मंत्रालय	-	-	01	10700000
भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन	-	-	5	9716000
विश्व स्वास्थ्य संगठन	-	-	02	28175462
आई.सी.आर.आई.एस.ए.टी.(एक्सलेरेटर प्रोग्राम ग्री-टेक स्टार्ट-अप)	-	-	01	2408000
बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउडेंशन, यू.एस.ए.	-	-	01	31912595
जी. बी. पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण एवं संधारणीय विकास संस्थान	-	-	01	1415920
उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	-	-	01	2403500
राष्ट्रीय वरिष्ठ वैज्ञानिक अकादमी (एन.ए.एस.आई)	2	200000	4	1880000
इंण्डेयन नेशनल साइंस ऐकेडमी	-	-	6	4340000
अन्तरराष्ट्रीय मक्का और गेहूं उन्नयन केंद्र सहयोगी परियोजना, हैदराबाद	-	-	02	842156
मानव और परिवार स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली	-	-	02	16300000
राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान, ब्लूमवर्ग	-	-	01	1014281
संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, (यूनिसेफ)	-	-	01	625000

केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान, लखनऊ	1	1890000	1	1890000
मानव संसाधन विकास मंत्रालय	1	4994000	1	4994000
ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान के लिए राष्ट्रिय केन्द्र	1	817420	1	817420
राष्ट्रिय मिशन स्वच्छ गंगा	-	-	01	6307175
तेल और प्राकृतिक गैस निगम	01	500000	1	1568000
केनकीड्स प्राईवेट लिमिटेड	-	-	1	111000
कृषि विज्ञान केन्द्र,नई दिल्ली (के.वी.के.)	-	-	01	850000
क्लिऐंथ रिसर्च लिमिटेड, नई दिल्ली	-	-	1	71050
खान मंत्रालय, नई दिल्ली	-	-	1	829800
सीनोफी –सींथलैब, लिमिटेड	-	-	01	49680
ड्रग ट्रायल	-	-	2	98156
सेट्रल काउसिल फार रिसर्च आयुर्वेदिक सांइसेस	-	-	1	3958000
राष्ट्रीय कृषि विकास योजना	-	-	01	200000000
स्ट्रैसा राइस	-	-	01	500000
इंडिया हेल्थ एक्सन ट्रस्ट, लखनऊ	1	2331315	01	2331315
एरेडेंट क्लीनिकल रिसर्च सर्विसेस, पुणें	1	426250	-	-
बेयर क्रॉप साइंस लिमिटेड	1	876000	-	-
सी.एस.सी.	1	500000	-	-
क्रिस्चियान मेडिकल कॉलेज	1	2226930	-	-
धानुका एग्रीटेक लिमिटेड	1	803004	-	-
ग्लोबल हेल्थ एडोकेसी इंक्यूबेटर	1	1081205	-	-
भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद	1	375000	1	375000
आई.एफ.एम.आर. ट्रस्ट	1	798000	1	798000
मलेरिहा एवं बी.बी.डी., लखलऊ	1	35000	-	-
आयुष मंत्रालय	3	1670789	3	1670789
खाद्य एवं रसद उद्योग मंत्रालय	1	3251000	1	3251000
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन	1	426250	-	-
ओ.एस.सी.ए.आई.एल.				
उत्तर प्रदेस सरकार				
एरेडेंट क्लीनिकल रिसर्च सर्विसेस, पुणें				
बेयर क्रॉप साइंस लिमिटेड				
धानुका एग्रीटेक लिमिटेड	-	-	1	1803004
ग्लोबल हेल्थ एडोकेसी इंक्यूबेटर	-	-	1	1081205
इंडियोफिल इन्डस्ट्री लिमिटेड			1	390000
मलेरिहा एवं बी.बी.डी., लखलऊ			1	35000
ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय केंद्र			1	1720000
ऑयल इंडिया लिमिटेड			1	500000

सम्मेलन

विभिन्न विषय क्षेत्रों में हुए विकास का मूल्यांकन करने तथा शैक्षणिक विचार-विमर्श हेतु अवसर उपलब्ध करने के लिए बहुत से विभागों/संकायों में शैक्षणिक समागम आयोजित किया जिसमें काफी संख्या में बाहरी प्रतिभागी शामिल हुए। कुल मिलाकर सन् 2020-21 के दौरान बीएचयू में 44 सम्मेलन आयोजित किए गए (विस्तृत विवरण में अनुलग्नक-4 में दिया गया है)।

देश एवं विदेशों में आयोजित संगोष्ठियों / सेमिनारों / कार्यशालाओं और इत्यादि में बीएचयू के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। वर्ष 2020-21 के दौरान विभिन्न सम्मेलनों में भाग लेने के लिए शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया जिनमें से 3 भारत के लिए प्रतिनियुक्त किए गए थे। बाहरी देशों में जो प्रतिनियुक्ति की गई थी वे हैं - यू.एस.ए., कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, चीन, यू.के., जापान, भूटान, आस्ट्रेलिया तथा जर्मनी इत्यादी (विवरण अनुलग्नक -5 में दिया गया है)।

विश्वविद्यालय की श्रेणी (रैंकिंग)

वर्तमान वर्ष में राष्ट्रीय संस्थागत श्रेणी ढांचा (एन.आई.आर.एफ.),भारत सरकार,शिक्षा मंत्रालय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालयों की श्रेणी में तृतीय तथा उच्च शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में 10वां स्थान प्राप्त हुआ है।

विद्यार्थी केन्द्रित पहल

- **रोजगार परामर्श योजना :** विश्वविद्यालय ने एक रोजगार परामर्श योजना शुरू की है जिससे विद्यार्थियों को अपने लिए उचित रोजगार के चयन में मार्गदर्शन मिलेगा। पूर्णकालिक दो परामर्शदाता रखे गये है जो छात्रावासों का दौरा करते हैं,विद्यार्थियों से मिलते है, उनसे बातचीत करते हैं और उनकी क्षमताओं का पता लगाकर, उन्हें नियमित परामर्श देते है। इस पहल के अन्तर्गत संकल्प जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं के विद्वानों की वार्ताएं एवं व्याख्यान भी आयोजित किए गए। विद्यार्थियों हेतु रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ाने के लिए अंग्रेजी बोलने तथा साक्षात्कार कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- **कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर की स्थापना :** विश्वविद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण कैरियर की संभावनाओं और व्यक्तित्व विकास को आगे बढ़ाने के लिए यह केंद्र विश्वविद्यालय में संचालित हो रहा है। यह विश्वविद्यालय के हॉबी सेंटर में स्थित है। कैरियर डेवलपमेंट सेंटर की प्रमुख उपलब्धियों में छात्रों के मामले,कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श, व्यक्तित्व विकास सत्र, प्लेसमेंट पूर्व वार्ता, कैरियर ड्रॉप-इन एडवाइजिंग, करियर संबंधी गतिविधियों पर व्याख्यान, छात्रों के बीच आत्महत्या की प्रवृत्ति की पहचान पर कार्यशाला, नवीन संकायों हेतु संकाय अधिष्ठापन कार्यक्रम में व्याख्यान, महिला महाविद्यालय के छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन और छात्राओं के साथ वार्ता सत्र, कैरियर परामर्श योजना की तैयारी और मॉड्यूल की तैयारी शामिल है। उपरोक्त के अतिरिक्त, केंद्र ने व्यक्तित्व विकास सत्र, बेसिक कंप्यूटर सत्र, सी-प्रोग्रामिंग सत्र, वेबसाइट मेकिंग सत्र, सफाई अभियान, अभिवृत्ति सत्र, गीता पर साप्ताहिक सत्र, दैनिक योग सत्र, उद्यमिता सत्र, स्पोकेन इंग्लिश सत्र, आई.आर.डी.एम. एम.ए.के छात्रों के लिए समूह चर्चा पर कार्यशाला, लोक प्रशासन परास्नातक छात्रों के लिए मॉक साक्षात्कार, यू.पी.एस.सी. की तैयारी हेतु सत्रों का आयोजन किया।
- **स्थापना दिवस पर झांकी यात्रा :** विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस, बसंत पंचमी के दिन लगभग तीन दशकों के अंतराल के बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और इकाइयों द्वारा झांकी निकालने की उल्लेखनीय परम्परा 24 जनवरी 2015 से पुन: शुरू की गई। तब से, संबंधित संकाय पूर्ण उत्साह के साथ अपनी झांकी निकालते हैं।

- **महिला संवेदीकरण :** महिला संवेदीकरण,एंटी-रैगिंग आदि जैसे सामाजिक मुद्दों पर मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ के गठन द्वारा कई पहलें की गई हैं,विशेषकर छात्राओं के लिए जिसमें परामर्शदाताओं और एंटी-रैगिंग दल के अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी है।

- **तरण ताल :** खाली समय में विद्यार्थी खेल कूद में संलग्न रहें इसके लिए प्रत्येक छात्रावास में खेल कूद की सामान्य न्यूनतम सुविधाओं के साथ एक नए तरण ताल का निर्माण किया गया ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

- **बीएचयू पर वृत्तचित्र :** विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध बीएचयू के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों का चित्रण करते हुए एक वृत्तचित्र को विभिन्न संकायों में प्रवेश के समय नए प्रवेशार्थियों के लिए प्रदर्शित किया जाता है।

- **गीता प्रवचन :** विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की एक अनन्य विशेषता,गीता-प्रवचनों का आयोजन गीता समिति के तत्वावधान में चल रहा है। इससे हमारे धर्मग्रंथों के जीवंत दार्शनिक और आध्यात्मिक विचार-विमर्श की संस्कृति सुदृढ़ हुई है।

- **साइबर पुस्तकालय अध्ययन केन्द्र :** विद्यार्थियों को इलेक्ट्रानिक संसाधनों का अभीष्ट उपयोग करने तथा स्वाध्याय हेतु प्रेरित करने के लिए एक उच्च क्षमता की साइबर पुस्तकालय अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई है। यह विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक संसाधनों (पत्रिकाओं एवं पुस्तकों) तक पहुँच प्रदान करता है। इस केन्द्र में 220 कम्प्यूटर टर्मिनल एवं उच्चगति की इंटरनेट पहुँच सुविधा उपलब्ध है जिसमें एक साथ 200 से अधिक विद्यार्थी बैठ सकते हैं। यह बीएचयू साइबर पुस्तकालय एक इलेक्ट्रानिक पुस्तकालय है जो बेब ऑफ साइंस, ऐनुअल रिव्यू, मैथसाइनेट, साइफाइडर स्कालर तथा वैब एबस्ट्रेक्ट्स नामक पत्रिकाओं और पुस्तकों के पूर्ण पाठ तक पहुँच प्रदान करता है। यह डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया, वर्ल्ड डिजिटल लाइब्रेरी, युनिवर्सल डिजिटल लाइब्रेरी तथा प्रोजेक्ट गुटनवर्ग तक भी पहुँच प्रदान करता है। सेज ई-बुक, स्प्रिंगर ई-बुक्स, टेलर एण्ड फ्रांसिस, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, इनसाइक्लोपीडिया, ब्रिटानिक, मेडिकल रिर्सोसज, (ई.आर.एम.ई.डी.) तथा पम्ब, इंजीनियरिंग साइंस रिसोर्सेज, इंस्टीट्यूशन रिपाजिटरीज नामक ई-पुस्तक साइबर पुस्तक में उपलब्ध है। हिन्दी समय, हिन्दी साहित्य दर्पण, हिन्दी कवितायें, कविता कोश, साहित्य शिल्पी, संस्कृत शोध प्रबंध तथा संस्कृत ई-बुक्स जैसे हिन्दी व संस्कृत की सामग्रियों की इस साइबर पुस्तकालय में अभिगम्य है। पुस्तकालय में "लाइब्रेरी आन मोबाइल" की भी शुरूआत किया है जहाँ पुस्तक के ई-संसाधन मोबाइल प्रारूप में उपलब्ध कराये गये हैं जिसे इंटरनेटर के जरिये स्मार्ट फोन से प्राप्त किया जा सकता है।

- **परामर्श और मार्गदर्शन केंद्र :** इस प्रकोष्ठ की स्थापना मुख्य रूप से बीएचयू के छात्रों, कर्मचारियों और कर्मचारियों के परिवारों की आवश्यकतों को पूरा करने, विशेषकर कैरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में और साथ ही उनके व्यक्तिगत, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक समस्याओं के लिए समाधान खोजने में उनकी मदद करने के उद्देश्य से किया गया था। केंद्र छात्रों के लिए उनके व्यक्तित्व और सामाजिक कौशल को बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं और विशेषज्ञों के लोकप्रिय व्याख्यानों को आयोजित करता है। केंद्र छात्रों को विभिन्न विषयों,पाठ्यक्रमों और शैक्षिक विकल्पों और कैरियर के नियमों के बारे में जानने में मदद करने के लिए कैरियर परामर्श सत्र आयोजित करता है इस प्रकार, छात्र एक अवगत विकल्प बना सकते हैं, और उक्त कैरियर का मूल्यांकन कर सकते हैं जो कैरियर के निर्णय लेने में जोखिम से बचने में मदद करता है। यह मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और छात्रों को नई दिशा दे सकता है। इसके अलावा,यह प्रकोष्ठ बीएचयू के छात्रों के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन, मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएँ और जागरूकता और शिक्षाप्रद प्रक्रियाओं जैसे विभिन्न प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है।

- 25 अप्रैल 2019 को कुलपति प्रो राकेश भटनागर ने सैयाजी राव गायकवाड़ पुस्तकालय (केंद्रीय पुस्तकालय) बीएचयू में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए डिजिटल संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया। बीएचयू के दृष्टिबाधित छात्रों के लिए इस केंद्र को अत्याधुनिक उच्च तकनीकी कम्प्यूटरीकृत सेवाओं के साथ विकसित

किया गया है। केंद्र ने 525 पुस्तकों के डिजिटल संस्करण को ऑडियो प्रारूप में विकसित किया है। इसके अलावा,नेत्रहीन छात्र ऑडियो रिकॉर्डिंग के बिना कंप्यूटर स्क्रीन पर स्कैनर की मदद से सीधे ऑडियो प्रारूप में पुस्तकों को पढ़ और सुन सकते हैं।

नई सुविधाओं का विकास

संरचनात्मक विकास

- ✓ पाँच वर्षों में रू० 4600 करोड़ की धनराशि की लागत से चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसे संस्थान के रुप में उन्नयन
- ✓ रू० 200 करोड़ की लागत से 430 बिस्तरों एवं अधुनिक मशीनों से सुसज्जित सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक की स्थापना जिसमें 13 मॉड्यूलर ओ.टी., 50 आई.सी.यू. एवं 19 सी.सी.यू. बेड है।
- ✓ रू० 45 करोड़ की लागत से 100 बिस्तरों वाले मदर एंड चाईल्ड केयर विंग की स्थापना
- ✓ रू० 38.58 करोड़ की लागत से रिजनल इन्स्टिट्यूट ऑफ ऑप्थेलमोलॉजी की स्थापना
- ✓ रू० 35 करोड़ की लागत से बोन मैरो ट्रान्सप्लांट एंड स्टेम सेल रिसर्च सेन्टर की स्थापना
- ✓ बुनियादी और अनुप्रयुक्त विज्ञान में शोध एवं नवाचार हेतु आधुनिक मशीनों एवं सुविधाओं से सुसज्जित सेन्टर डिस्कवरी सेन्टर की स्थापना
- ✓ नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रू० 125 करोड़ की लागत से "Sophisticated Analytical & Technical Help Institute Centre"के अंतर्गत एक स्वतंत्र पारिस्थितिक तंत्र की स्थापना
- ✓ रू० 6 करोड़ की लागत से BIONEST की स्थापना
- ✓ निति आयोग, भारत सरकार के तत्वाधान में अटल इनक्यूबेशन सेन्टर परियोजना के अंतर्गत Mahamana Foundation for Innovation and Entrepreneurship की स्थापना
- ✓ देश के प्राचीन ज्ञान भंडार एवं आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के मध्य संबंध स्थापित करने की दिशा में शोध करने के उद्देश्य से वैदिक विज्ञान केन्द्र की स्थापना
- ✓ मुख्य परिसर एवं दक्षिणी परिसर में सोलर पॉवर पैनेलों की स्थापना
- ✓ दक्षिणी परिसर में आवासिय भवन संकुल एवं दो छात्रावासों का निर्माण
- ✓ एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण
- ✓ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के लिये 300 अपार्टमेंट का निर्माण। 300 अतिरिक्त निर्माणाधीन है।
- ✓ दक्षिणी परिसर में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय की स्थापना
- ✓ दक्षिणी परिसर की पहाड़ी क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिये चेक डैम का निर्माण
- ✓ अन्तर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिये 110 कमरों वाले छात्रावास का निर्माण
- ✓ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को ईन्स्टिट्यूशन ऑफ एमिनेन्स के टैग से नवाज़ा गया है जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय को 5 वर्षों में रु० 1000 करोड़ का आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा
- ✓ 450 संकाय सदस्यों, 10 अधिकारियों एवं 1270 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती
- ✓ विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परिक्षाओं का कम्प्यूटर आधारित परीक्षा पद्धति के माध्यम से संचालन
- ✓ विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं आर्थिक कार्यों के स्वचालन एवं कागज़ रहित कार्यालय की दिशा में ई-ऑफिस का क्रियान्वयन

प्रशासकीय सुधार एवं इ-गवर्नेंस पहल

- पुराने रिकॉर्ड के ज्यादातर हिस्से का डिजिटलाइजेशन का कार्य चल रहा है और परिसर में वाई-फाई नेटवर्क स्थापित करने से संबंधित काम पूरा हो चुका है।
- प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया का स्वचालन प्रवेश में दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए विश्वविद्यालय में आनलाइन प्रवेश कार्यक्रम को विकसित कर लिया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों व कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रवेश पत्र जारी करने, प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित करना, अभ्यर्थियों द्वारा

पाठ्यक्रमों में वरीयता चयन काउंसलिंग, प्रवेश का प्रस्ताव, प्रवेश शुल्क का भुगतान, छात्रावास आवंटन इत्यादित जैसी प्रक्रियाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं। स्वचलन की यह प्रक्रिया अन्य शैक्षणिक प्रशासनिक क्षेत्रों में भी जारी रहेगी।

- **ई-गवर्नेन्स का क्रियान्वयन :** विश्वविद्यालय ने प्रवेश,काउंसिलिंग तथा परीक्षा हेतु एक समर्पित आनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन चक्र प्रबंधन का एक बड़ा हिस्सा पहले ही स्वचालित बना दिया है इसी तरह से भर्त्ती तथा वित्तीय प्रबंधन की प्रशासनीय प्रक्रियाओं को भी आंशिक तौर पर स्वचालित कर दिया गया है। सरसुदंरलाल अस्पताल में पूर्णत: कार्यक्षम अस्पताल सूचक प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है। ई-खरीद एवं ई-नीलामी भी की जा रही है। प्रभावी आंकडा आधारित विश्वविद्यालय की वेबसाइट निर्माणाधीन है। बढ़ते कार्यभार तथा घटते श्रमशक्ति के बीच की खाई को पाटने के लिए अन्य महत्वपूर्ण प्रशासकीय प्रक्रियाओं के कम्प्यूटरीकरण का भी खाका तैयार कर लिया गया है। कार्यालयी कामकाज को स्वचालित बनाते समय प्रक्रियागत पुर्नसंरचना को भी ध्यान में रखा जा रहा है तथा इसमें दक्षता लाने के लिए तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। विश्वविद्यालय प्रभावी एवं दक्षतापूर्ण प्रबंधन हेतु आधुनिक उपकरणों के उपयोग के लिए सजग एवं सक्रिय प्रयास कर रहा है।

ख्यातिलब्ध शिक्षकों की अल्पकालिक नियुक्ति

विश्वविद्यालय समय-समय पर नियुक्ति योजना के अंतर्गत संबंधित विभागों की नीति एवं आयोजना समिति की सिफारिश पर विजिटिंग प्रोफेसरों, मानित प्रोफेसरों, विजिटिंग फेलो तथा एक्सटर्नल एडजंक्ट फैकल्टी के तहत ख्यातिलब्ध शिक्षकों व विशेषज्ञों की नियुक्ति करता है। प्रतिवेदित वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत नियुक्तियॉं की गई। विश्वविद्यालय में विद्यमान पुराने इंडोव्ड चेयर्स को पुन: प्रवर्तित करने के प्रयास किए गए हैं विश्वविद्यालय ने भातर अध्ययन केन्द्र के अंतर्गत सेंटेनरी चेयर प्रोफेसर्स के 5 पद तथा सेंटेनरी विजिटिंग फेलो के 10 पदों का भी सृजन किया है।

आउटरीच और एक्सटेंशन

- **समुदाय विकास प्रकोष्ठ :** विश्वविद्यालय ने एक समुदाय विकास प्रकोष्ठ बनाया है,जिसने आसपास के पाँच गाँवों को आदर्श गाँव के मानको के आधार पर विकसित करने के लिए गोद ले लिया है। यह प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत और कौशल विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।
- **समर्थ ग्राम अभियान:** विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत समर्थ ग्राम अभियान की शुरूआत की है। अभियान के हिस्से के तौर पर विद्यापीठ ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले 100 गाँवों का चयन किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जैविक खेती, वृक्ष रोपण, घरेलू जानवरों के स्वास्थ्य, घरेलू उद्यान, जल प्रबन्धन, पर्यावरणीय जागरूकता आदि के महत्व के बारे में शिक्षित करना तथा स्वयं-संपोष्य आत्मनिर्भर बनाने वाले विधिक मामलों की जानकारी प्रदान करना है। समर्थ ग्राम अभियान के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गतिविधियां आयोजित की गई। प्रतिवेदन अवधि के दौरान समर्थ ग्राम अभियान ग्राम दल द्वारा चिन्हित गाँवों में अने कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुछ प्रमुख गतिविधियाँ हैं - बेस लाइन सर्वे, कार्यशाला, ग्रामीण लड़कियों हेतु बुनाई, सिलाई और कढ़ाई का प्रशिक्षण, जैविक कृषि सम्मेलन, एन.एस.एस. द्वारा आयोजित कार्यक्रम, पशु चिकित्सा शिविर, दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर, ई.एन.टी. चिकित्सा शिविर, महिलाओं हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर, घरेलू उद्यान हेतु बीज वितरण, आम, नींबू और आंवला के पौधे का रोपण, ग्रामीणों के लिए योग कक्षाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व पर नुक्कड़ नाटक।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

प्रतिवेदन अवधि के दौरान,विदेशों के कई प्रतिनिधियों ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय का दौरा किया। विश्वविद्यालय ने विदेशों में कई विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें से संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, स्पेन, नेपाल, मॉरीशस आदि शामिल हैं ।

विश्वविद्यालय-उद्योग सहभागिता प्रकोष्ठ

उच्चतर शिक्षा एवं शोध को समाज एवं अर्थव्यवस्था के प्रति और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए विश्वविद्यालय में एक व्यापार प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। व्यापार प्रकोष्ठ की अवधारणा का केन्द्र बिन्दु यह है कि उद्योग क्षेत्र को चाहिए कि वह निर्देशन हेतु इनपुट प्रदान करे जिससे विश्वविद्यालय में शोध कार्य हो सके और दूसरी ओर शोध के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा प्रौद्योगिकी / उत्पाद / प्रक्रियाएं विकसित हों जिनका पर्याप्त मात्रा में विपणन हो ताकि औद्योगिक क्षेत्र उन्हें अपनाएं और नवप्रवर्तनों का उत्पादनपरक उपयोग हो सके। विश्वविद्यालय के व्यापार प्रकोष्ठ के लिए यह अनिवार्य है कि वह उचित प्रौद्योगिकी के विकास, हस्तांतरण, व्यापार विकास और औद्योगिक शैक्षणिक पारस्परिक प्रभाव हेतु दिशा निर्देश दें। विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों, शोध एवं अपने संकाय सदस्यों द्वारा विकसित शोध-उत्पादों के वाणिज्यिक दोहन हेतु अरविन्द रेमेडिज प्रा.लि. के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया है। विश्वविद्यालय सेबी, एन.एस.ई., एक्सिस बैंक तथा अन्य औद्योगिक संगठनों के साथ भी समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने की योजना बना रहा है।

शिकायत निवारण तंत्र का सुदृढ़ीकरण

समस्त शिकायतों को प्रस्तुत करने और संसाधित करने हेतु एक केन्द्र बिन्दु प्रदान करने के लिए सभी शिकायत निवारण समितियों के एक संपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए संयुक्त कुलसचिव की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यालय में एक केन्द्रीकृत शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। प्रकोष्ठ का उद्देश्य सभी शिकायतों का समाधान करना है। सभी शिकायत निवारण समितियों को पर्याप्त प्रबंधकीय एवं सचिवीय सहायता प्रदान करने और शिकायत निवारण समितियों से संबंधित दस्तावेजों के रख-रखाव हेतु प्रकोष्ठ को पर्याप्त कर्मचारी मुहैया कराए गए है। भेदभाव-निरोध अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

महत्वपूर्ण बैठकें :

कार्यकारिणी परिषद् की बैठकें

मई 7, 2020 (प्रसार माध्यम से)
जुलाई 15, 2020
जुलाई 31, 2020 (प्रसार माध्यम से)
अगस्त 16, 2020 (प्रसार माध्यम से)
अगस्त 30, 2020
सितम्बर 23, 2020 (प्रसार माध्यम से)
नवम्बर 1-2, 2020
नवम्बर 17, 2020
जनवरी 1, 2021

विद्वत् परिषद् की बैठकें

नवम्बर 4, 2020
अप्रैल 4, 2020(प्रसार माध्यम से)
अगस्त 8, 2020(प्रसार माध्यम से)
सितम्बर 9, 2020(प्रसार माध्यम से)
नवम्बर 11, 2020(प्रसार माध्यम से)
दिसंबर 11, 2020(प्रसार माध्यम से)

वित्त समिति की बैठक

मई 5, 2020
जून 20, 2020
अक्टूबर 29, 2020
दिसंबर 11, 2020

संकाय की बैठकें

कला संकाय	9.1.2021
	14.1.2021
चिकित्सा विज्ञान संकाय	8.10.2020
	23.1.2021
सामाजिक विज्ञान संकाय	3.3.2021
कृषि संकाय	15.1.2021
दन्त विज्ञान संकाय	12.10.2020
संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान संकाय	16.1.2021
	26.3.2021

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना

क. संस्थान

- चिकित्सा विज्ञान संस्थान
- कृषि विज्ञान संस्थान
- पर्यावरण एवं सम्पोष्य विकास संस्थान
- प्रबन्ध शास्त्र संस्थान
- विज्ञान संस्थान

ख. संकाय

- कृषि
- कला
- आयुर्वेद
- वाणिज्य
- दन्त चिकित्सा विज्ञान
- शिक्षा
- पर्यावरण एवं सम्पोष्य विकास
- विधि
- प्रबन्ध शास्त्र
- चिकित्सा
- मंच कला
- संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान
- विज्ञान
- सामाजिक विज्ञान
- दृश्य कला
- पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय

ग. महाविद्यालय

अंगीभूत महाविद्यालय: महिला महाविद्यालय (वूमेन्स कॉलेज) परिसर के अन्दर स्थित

घ. अन्तर्विषयी उच्च शिक्षापीठ (स्कूल)

- जैव-प्रौद्योगिकी स्कूल
- जीवन विज्ञान स्कूल

च. अध्ययन केन्द्र

- आनुवांशिक विकृति
- डी़एस़टी़ सेन्टर फार इंटर डिसीप्लीनरी मैथमेटिकल साइंस
- नेपाल अध्ययन केन्द्र
- महिला अध्ययन एवं विकास
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र
- समन्वित ग्रामीण विकास
- सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र

छ विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित विद्यालय

- सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल
- सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल
- श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

ज़. विश्वविद्यालयी विशेषाधिकार प्राप्त महाविद्यालय

- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज
- दयानन्द पी.जी. कॉलेज
- वसन्त महिला महाविद्यालय (राजघाट)
- वसन्त कन्या महाविद्यालय

झ. यू.जी.सी.-एस.ए.पी.: डी.आर.एस., डी.एस.ए. व सी.ए.एस. कार्यक्रम

विशेष सहायकता कार्यक्रम (स्तर)

- रसायन शास्त्र (सी.ए.एस.)-2
- भूविज्ञान (सी.ए.एस.)-2
- मनोविज्ञान (डी.आर.एस.)-2
- जन्तु विज्ञान (सी.ए.एस.)-6
- वनस्पति विज्ञान (सी.ए.एस.)-6

ट.अन्य मान्यता प्राप्त यूजीसी केन्द्र/कार्यक्रम

- महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशि निति अध्ययन, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- नेपाल अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष विज्ञान गतिविधियों को सुदृढ करने वाले विज्ञान संकाय (इसरों), भौतिकी विभाग।
- डीएसटी- महामना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन क्लाइमेट चेंज रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ इनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट।

ठ. डी एस टी-फीस्ट कार्यक्रम

(विश्वविद्यालय एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए आधारभूत कार्यक्रमों (फीस्ट) के उन्नयन के लिए कोष)

- शरीर रचना विज्ञान, चि.वि.स.
- रसायनशास्त्र
- जन्तु विज्ञान
- भूविज्ञान

2. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अवयव (अंग)

2.1. मुख्य परिसर

2.1.1. संस्थान

2.1.2. संकाय

2.1.3. महिला महाविद्यालय

2.1.4 अध्ययन केन्द्र

2.1.5. स्कूल

2.1.6. का.हि.वि.वि. ग्रन्थालय प्रणाली

2.1.7. यू.जी.सी. ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर

2.1.8. मालवीय भवन

2.1.9. भारत कला भवन

2.2. दक्षिणी परिसर

2.3. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अंतर्गत संचालित नगरीय महाविद्यालय

2.1.1.1. कृषि विज्ञान संस्थान

सन् 1931 में स्थापित कृषि शोध संस्थान बाद के काल खण्ड में कृषि विज्ञान संस्थान के रूप में उच्चकृत हुआ। संस्थान का मुख्य उद्देश्य कृषि पर पठन-पाठन, शोध एवं विस्तार करना एवं भूखमरी रहित राष्ट्र का निर्माण करना है। कृषि विज्ञान संस्थान अपने आप में पहली ऐसी संस्था है जहाँ परास्नातक एवं पी.एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू किया गया। सन् 1945 में जब यह कृषि विज्ञान कॉलेज, अभियंत्रिकी संकाय के अंतर्गत संचालित होता था, यहाँ पर स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किया गया। सन् 1968 में कृषि विज्ञान कॉलेज एक स्वतंत्र कृषि विज्ञान संकाय के रूप में स्थापित हुआ। इसी अनुक्रम में सन् 1969 में संकाय में छः विभाग जुड़े जिनके नाम इस प्रकार है- पादप कार्यिकी विज्ञान, शस्य विज्ञान, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन, कवक विज्ञान एवं पादप रोग विज्ञान एवं कृषि अर्थशास्त्र। सन् 1971 में उद्यान एवं कीट एवं कृषि जन्तु विज्ञान विभाग संकाय में शामिल हुए। सन् 1981 में प्रसार शिक्षा, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान एवं कृषि अभियंत्रिकी भी संकाय के हिस्सा बने। सन् 2008 में खाद्य विज्ञान एवं तकनिकी केन्द्र की स्थापना हुई जो सन् 2016 में संकाय का अभिन्न हिस्सा बना। सन् 2019 में खाद्य विज्ञान एवं तकनिकी केन्द्र का पशु पालन एवं दुग्ध विज्ञान में विलय हो गया।

21वीं सदी में कृषि एवं खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में मानव संसाधन एवं तकनीक की मांग को ध्यान में रखते हुए सन् 2006 से कृषि विज्ञान संस्थान द्वारा परास्नातक स्तर पर 8 विशेष पाठ्यक्रम चलाए गए जो इस प्रकार है।

1. कृषि उद्योग प्रबंधन
2. कृषि वानिकी
3. पादप जैव अभियंत्रिकी
4. मृदा एवं जल संरक्षण
5. खाद्य विज्ञान
6. कृषि साख्यिकी
7. फसल कटाई प्रबंधन
8. बीज उत्पादन एवं व्यवसाय

वर्तमान में कृषि विज्ञान संस्थान के अंतर्गत 2 संकाय संचालित हैं जिनके नाम इस प्रकार है- कृषि विज्ञान संकाय तथा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय। हाल ही में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु विज्ञान संकाय को इसकी नियामक संस्था भारतीय पशु चिकित्सा परिषद से मान्यता प्राप्त हो गई है।

शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में संस्थान में संचालित स्तातक (कृषि) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु देशभर से लगभग 80 हजार अभ्यर्थीयों ने आवेदन किया। परास्नातक (कृषि) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 10 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। संस्थान के कृषि विज्ञान संकाय में 5 एवं पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय में 11 नये अध्यापक भर्ती हुए। संस्थान मे अध्ययनरत 695 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को विभिन्न वित्तीयपोष देने वाले संस्थानों के फेलोशिप / स्कालरशिप आदि प्राप्त है।

संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान 211 राष्ट्रीय एवं 149 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित किये गये। इसके अतिरिक्त संकाय सदस्यों द्वारा 28 पुस्तक एवं 50 पाठ भी प्रकाशित किये गये। वर्तमान में संस्थान में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वरा वित्तपोषित 123 शोध परियोजनायें संचालित हैं।

2.1.1.2. चिकित्सा विज्ञान संस्थाना

चिकित्सा विज्ञास संस्थान जिसके अंतर्गत मेडिसिन, दन्त चिकित्सा एवं आयुर्वेद शामिल है, ने अपनी स्थापना के बाद से एक लम्बा सफर तय किया है। सन् 1922 में ओरिएंटल लर्निंग एण्ड थियोलॉजी संकाय में आयुर्वेद विभाग का शुभारंभ हुआ जोसन् 1927 में एक स्वतंत्र आयुर्वेद कॉलेज के रूप में स्थापित हुआ जिसे सन् 1960 में मेडिकल साइंस कॉलेज में परिवर्तित किया गया। बाद के कालखण्ड में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सन् 1971 में मेडिकल कॉलेज को संस्थान के रूप में उच्चीकृत किया गया। वर्ष 1978 में चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अंतर्गत 2 संकाय मेडिसिन एवं आयुर्वेद का संचालन प्रारम्भ हुआ। अपनी इस यात्रा के दौरान चिकित्सा विज्ञान संस्थान ने विकास के कई दौर देखे तथा चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की। वर्तमान में चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अंतर्गत मेडिसन संकाय, आयुर्वेद संकाय, दन्त चिकित्सा संकाय, नर्सिंग कॉलेज एवं चिकित्सालयों का एक विस्तृत नेटवर्क संचालित हो रहा है।

सन् 1960 में मेडिसिन संकाय के अंतर्त एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम की शुरूआत हुई तथा सन् 1963 में एम.डी. / एम.एस. पाठ्यक्रम भी जुड़ा। वर्तमान में संस्थान में एम.डी. / एम.एस. की 168 सीटें है। सुपर स्पेशियालिटी पाठ्यक्रम जैसे डी.एम. / एम.सी.एच. पाठ्यक्रमों का शुभारम्भ सन् 1976 से हुआ तथा वर्तमान में संकाय के 11 सुपर स्पेशियालिटी विषय कुल 21 सीटों के साथ संचालित होती है। इसके अतिरिक्त संकाय में कुल 49 सीटें फेलोशिप पाठ्यक्रम के रूप में संचालित होती है जिसमें एनेस्थिसिया, बाल रोग, सर्जिकल आंकोलॉजी, जर्नल सर्जरी, रेडियो डायग्नोसिस, जेरियाट्रीक मेडिसिन, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी आदि के पाठ्यक्रम शामिल है। संकाय के पैथोलॉजी, नेफ्रोलॉजी एवं रेडियोथेरेपी विभाग में परास्नातक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का भी संचालन किया जाता है।

आयुर्वेद संकाय विश्वविद्यालय के संकायों में से सबसे एक है। वर्तमान में आयुर्वेद संकाय के अंतर्गत स्नातक,स्नातकोत्तर, पी.जी. डिप्लोमा एवं सर्टीफीकेट पाठ्यक्रम चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि देश में आयुर्वेद का यह एक मात्र संकाय है जो 15 विशिष्ट विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करता है। संकाय के द्रव्यगुण विभाग के अंतर्गत 10 एकड़ के भू-भाग में 200 औषधीय पौधों की प्रजातियों के साथ एक औषधीय पौधशाला का रख-रखाव किया जाता है। संकाय के रस शास्त्र विभाग में 450 हर्बेरियम नमूनों से लैस एक हर्बेरियम एवं क्रूड

औषधि संग्रहालय है। आयुर्वेद के पंचकर्म विभाग में विभिन्न रोगों के लिए पूर्ण उपचार की व्यवस्था है तथा शल्य तंत्र विभाग के अंतर्गत क्षारसूत्र इकाई विभिन्न प्रकार के गुदा रोगों से पीड़ित मरीजों को बड़ी संख्या में लाभ पहुँचाता है।

सन् 1962 में चिकित्सा विज्ञान संस्थान के एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम के छात्रों को पढ़ाने के लिए सर्जरी विभाग की एक इकाई के रूप मेंदन्त चिकित्सा की शुरूआतमें हुई। सन् 1971 में दन्त चिकित्सा विभाग स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आया तथा एम.डी.एस. पाठ्यक्रम की शुरूआत सन् 1979 में हुई। एम.डी.एस. पाठ्यक्रम की शुरूआत सन् 1988 में हुई। सन् 2005 में दन्त चिकित्सा विभाग दन्त विज्ञान संकाय में परिवर्तित हुआ जो वर्तमान मे विश्वविद्यालय के स्थापना स्थल के समीप स्थित है। संकाय में बी.डी.एस. पाठ्यक्रम की शुरूआत सन् 2008 में 25 विद्यार्थियों के साथ हुई जो वर्तमान में बढ़कर 50 तक पहुँच गई। प्रत्येक वर्ष 12 विद्यार्थी विभिन्न एम.डी.एस. पाठ्यक्रमों में नामांकित होते हैं तथा संकाय में 2 डिप्लोमा कोर्स डी.डी.एम. और डी.डी.जेड.एच. का भी संचालन किया जाता है।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अंतर्गत 1585 बिस्तरों का एक सर सुन्दरलाल चिकित्सालय एवं 334 बिस्तरों का एक ट्रॉमा सेंटर संचालित होता है। सर सुन्दरलाल चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर में पूर्वांचल, सात पड़ोसी राज्यों एवं पड़ोसी देश नेपाल से आने वाले गरीब मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराई जाती है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए अलग से विद्यार्थी स्वास्थ्य संकुल एवं कर्मचारी स्वास्थ्य संकुल है। विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान को भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के समकक्ष संस्थान के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा है। इस क्रम में उन्नत एवं विशिष्ट उपचार प्रदान करने की उद्देश्य से एक 400 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक की स्थापना की गई है। सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक आधुनिक चिकित्सिय उपकरण से लैसजिसमें 13 माड्यूलर ओ.टी., 50 आई.सी.यू. एवं 19 सी.सी.यू. बनाए गएहै। इसमें चिकित्सा विज्ञान के 11 प्रमुख सुपर स्पेशिलिटी विषयों पर चिकित्सा एवं उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त इसमें आधुनिक रक्त बैंक, जांच संकुल एवं मोबाइल रक्त बैंक की सुविधाएँभी हैं। इस नव निर्मित चिकित्सालय को एन.ए.सी.ओ. नई दिल्ली द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया है।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अंतर्गत अन्य नई स्वास्थ्य सुविधाएँ भी स्थापित की गई है जिनमें 100 बिस्तरों का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, 100 बिस्तरों का क्षेत्रिय नेत्र संस्थान, 12 बिस्तरों का बोन मैरो ट्रांस्प्लांट एवं स्टेमसेल रिसर्च सेंटर एवं 60 बिस्तरों का मानसिक चिकित्सा केन्द्र, मुख्य हैं। इन नई सुविधाओं का उद्घाटन माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया है।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान अपने विद्यार्थियों, जो यहाँ विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत है, को उन्नत शिक्षण, ट्रेनिंग एवं शोध सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। संस्थान के विभिन्न विभागों में आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं में शिक्षण एवं शोध की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को छात्रावास, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट की सुविधाएँ भी प्रदान की जाती है।

वृद्ध जनमानस को उत्तम स्वास्थ्य सुविधआएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संस्थान ने जेरियाट्रिक मेडिसिन विभाग की स्थापना की गई है। इसके अलावा टेलिमेडिसिन-क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र के माध्यम से भी पठन-पाठन, शोध के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान देश विदेश के कई प्रख्यात चिकित्सकोंएवं चिकित्सा विज्ञान से जुड़े लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों का चिकित्सा विज्ञान संस्थान के विभिन्न विभगों में आगमन हुआ। इनमें से कुछ के नाम इस प्रकार है- डॉ. क्रिस्टीन पीटर्सन, डॉ. जेनेफर ब्लैकवेल, डॉ. मैरी ई. विल्सन, डॉ. एरियाना स्नीडर, डॉ. क्लैसॉन, डॉ. ओलिवॉ गेटेनो, डॉ. राउटॉन, डॉ. सीमा कपूर, डॉ. जॉन क्वीटजर, डॉ. नीरज कुमार, प्रो. मंजरी त्रिपाठी, प्रो, शरद चंद्र, प्रो. संजय गुप्ता, डॉ. प्रवीर सिंह, डॉ. बलेंदु प्रकाश।

संस्थान की प्रमुख उपलब्धियाँ

मेडिसिन संकाय

- मेडिसिन संकाय के संकाय सदस्यों द्वारा 35 शोध परियोजनाएँ प्राप्त की गई।
- प्रो. समीर त्रिवेदी को इकोनॉमीक टाईम्स इन्पायरिंग यूरोलॉजिस्ट इन इण्डिया की ख्याति से नवाजा गया।
- प्रो. डी. दास को उनके औद्योगिक क्षमता से व्याप्त शोध कार्य के लिए रसायन एवं खाद मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ओ.पी.पी.आई. वैज्ञानिक (2020) पुरस्कारसे नवाजा गया। इसके अतिरिक्त भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध हेतु उन्हें डॉ. वाई. सुब्बा रॉव मेमोरियल पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।
- प्रो. डी. दास राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी प्रयागराज के चयनित फेलो चुने गये।
- डॉ. कुमार सर्वोत्तम, फिजियोलॉजी विभाग, को डी.आर.डी.ओ. द्वारा उत्कृष्ट समीक्षक पुरस्कार से नवाजा गया।
- डॉ. एच.बी. शर्मा फिजियोलॉजी विभाग को भारतीय फिजियोलॉजी संघ द्वारा देव राज बजाज शोध सम्मान से पुरस्कृत किया गया।
- डॉ. आन्नद कुमार, न्यूरोलॉजी विभाग, को अमेरिकी न्यूरोलॉजी अकादमी द्वारा 2020 के अंतर्राष्ट्रीय स्कॉलरशिप प्रदान किया गया।
- डॉ. प्राची, जे.आर.-3 जनरल मेडिसिन, को टोरेंट युवा स्कॉलर पुरस्कार से नवाजा गया।
- डॉ. अंकिता पाण्डेय, डॉ. श्रेया सिंह एवं डॉ. नेहा लाल, जे.आर. रेडियोथेरेपी विभाग को ओ.एफ.सी.ओ.एन. 2020 सम्मेलन में पोस्टर प्रेजेन्टेशन के लिए क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।
- प्रो. सी.पी. मिश्रा, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा टॉक्स फोर्स का सदस्य नियुक्त किया गया।
- डॉ. धरमेन्द्र जैन को सोसाइटी ऑफ कार्डियोंवास्कूलर एन्जीयोग्राफी एण्ड इंटरवेंशन का फेलोशिप प्राप्त हुआ।
- डॉ. दीपक मिश्रा, नेत्र विभाग को अखिल भारतीय नेत्र चिकित्सा संस्था के वार्षिक सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ भौतिक पेपर के अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- प्रो. मनोज पाण्डेय को कोविड-19 के दौरान उत्कृष्ट सेवा के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान संघ द्वारा सम्मानित किया गया।
- डॉ. आशीष वर्मा, रेडियोलॉजी विभाग, इण्डियन कॉलेज ऑफ रेडियोलॉजी के फेलो चुने गये।

विस्तार कार्यक्रम

- जेरियाट्रिक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न वृद्धाश्रमों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया तथा जिला प्रशासन के सहयोग से लोगों में मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया गया।
- मानसिक चिकित्सा विभाग द्वारा कोविड-19 काल में जन मानस हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कियागया एवं काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की गई।
- नेत्र विभाग द्वारा पैन इण्डिया मधुमेह रेटिनोपैथी परियोजना का संचालन किया गया।
- कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा कोविड-19 काल में जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम एवं रैलियों का आयोजन किया गया।

आयुर्वेद संकाय

- आयुर्वेद संकाय के संकाय सदस्यों द्वारा 10 शोध परियोजनाएँ प्राप्त की गई।

- प्रो. जे.एस. त्रिपाठी, कायचिकित्सा विभाग, को राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षा बोर्ड एवं विश्व गुरू भारत परिषद, वाराणसी द्वारा माँ वरूणा महोत्सव स्मृति सम्मान से नवाजा गया।
- प्रो. राजेंद्र प्रसाद, कायाचिकित्सा विभाग, को अखिल भारतीय आयुर्वेद विशेषज्ञ संघ, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

विस्तार कार्यक्रम

- संज्ञाहरण विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया।
- कायाचिकित्सा विभाग द्वारा एस.एन.एस.के. आयुर्वेद मेडिकल में बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु गठित समिति में सक्रिय भूमिका निभाई गई।

दन्त चिकित्सा संकाय

- दन्त चिकित्सा संकाय के संकाय सदस्यों द्वारा 10 शोध परियोजनाएँ प्राप्त की गई।

विस्तार कार्यक्रम

- संकाय द्वारा मुख स्वास्थ्यएवं चिकित्सा तथा कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया।

नर्सिंग महाविद्यालय

सत्र 2009-10 में से 60 सीटों की वार्षिक प्रवेश के साथ चार वर्षीय बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम की शुरूआत करने के उद्देश्य से स्कूल ऑफ नर्सिंग को नर्सिंग महाविद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल-कूद एवं अन्य पाठ्येतर कार्यक्रमों में सहभागिता की जाती है।

नर्सिंग महाविद्यालय में चल रही परियोजना

इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में नर्सिंग कैडर एवं इससे जुड़ी स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक व्यवस्था को सशक्त करना है। इस परियोजना के नोडल केन्द्र की जिम्मेदारी चिकित्सा विज्ञान संस्थान के नर्सिंग महाविद्यालय को दी गई है।

यह महाविद्यालय उत्तर प्रदेश का एक राजकीय प्रादेशिक नोडल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नर्सिंग महाविद्यालय को सुदृढ़ बनाने के लिए वित्तीय सहयोग प्राप्त होता है।

ट्रामा सेंटर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का ट्रामा सेंटर सम्भवतः देश का सबसे बड़ा ट्रामा सेंटर है। 334 बिस्तरों वाला यह ट्रामा सेंटर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपकरणों से लैस है। ट्रामा सेंटर में 27 आधुनिक आई.सी.यू. केन्द्रीय वातानुकूलित गैस एवं वैक्यूम वितरण सुविधा, 10000 लीटर की क्षमता का तरल आक्सीजन प्लांट, 13 माड्युलर ओ.टी., बहिरंग चिकित्सा सुविधा (हड्डी रोग, प्लास्टिक सर्जरी), आंरतरिक चिकित्सा सुविधा (हड्डी रोग, प्लास्टिक सर्जरी एवं न्यूरो सर्जरी), 24 घंटे आपातकालिन चिकित्सा सुविधा, 24 घंटे इमेजिंग जांच सुविधा, रक्त बैंक, 225 लोगों की क्षमता का एक सभागार एवं 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है।

कोविड-19 काल में चिकित्सा विज्ञान संस्थान द्वारा प्रदान की गई स्वास्थ्य सुविधा

चिकित्सा विज्ञान संस्थान का शताब्दी सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक कोविड मरीजों के लिये लेवल-3 कोविड चिकित्सालय के रूप में क्रियान्वित रहा। जिसमें कोविड मरीजों के लिये 469 बिस्तरों (133 आई.सी.यू. एवं 336 एच.डी.यू.) की सुविधा के साथ-साथ उनके लिये अलग से जांच सुविधाएँ एवं उपचार सुविधाएँ जैसे डायलिसिस, प्रसूती चिकित्सा, हृदय रोग चिकित्सा की सुविधाएँ प्रदान की गई। जुलाई 2021 तक कोविड के

4094 मरीज विश्वविद्यालय के चिकित्सालय में भर्ती हुए जिनमें 2630 स्वस्थ्य होकर अपने घर लौट गये। इसके अतिरिक्त संस्थान द्वारा ब्लैक फंगस के मरीजों के उपचार के लिए भी सुविधाएँ प्रदान की गई। जुलाई 2021 तक ब्लैक फंगस के कुल 256 मरीज भर्ती हुएजिनमें 44 स्वस्थ्य होकर घर लौट गये। इस संदर्भ में 152 ऑपरेशन भी किये गए।

चिकित्सा विज्ञास संस्थान के वी.आर.डी.एल. लैब एवं एम.आर.यू. लैब द्वारा 24*7 कोविड सैंपलिंग एवं जांच कि सुविधा मुहैया कराई गई। इन प्रयोगशालाओं में 10 जिलों से प्राप्त सैंपलों की जांच की जाती रही। जुलाई 2021 तक 19 .5 लाख सैंपलो की जांच की गई जिनमें से 1.19 लाख सैंपल पाजिटिव पाये गये। कोविड के नये प्रकारों के अध्ययन हेतु एम.आर.यू. द्वारा कोविड पाजिटिव नमूनों की जीन सिक्वेसिंग की जा रही है। 215 से भी अधिक सैंपलों की सैंपलिंग की जा चुकी है।

कोविड टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के डॉक्टर्स लॉज एवं दन्त चिकित्सा में स्थापित किये गये टीकाकरण केन्द्रों में वृहत स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम सम्पादित किया जा रहा है। अब तक लगभग 1.05 लाख टीकाकरण किये जा चुके हैं।

2.1.1.3. पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान

दिसम्बर, 2002 में आयोजित अपने 57वें सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2005-2014 तक की अवधि को धारणीय विकास के “शिक्षा-दशक”(डी.ई.एस.डी.) के रूप में घोषित किया गया था। धारणीय विकास के शिक्षक दशक कार्यक्रम के अनुसार धारणीय विकास की शिक्षा से जनमानस, समुदायों, संगठनों एवं देशों के संपोष्य विकास के पक्ष में निर्णय लेने तथा विकल्प चुनने की क्षमता विकसित व मजबूत होती है। संयुक्त राष्ट्र के इस दृष्टिकोण के अनुसार उपयुक्त ज्ञान के विकास एवं संपोष्य विकास क्षमता के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। इसी अनुक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2010 में एक राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान स्थापित किया गया। संस्थान में वर्ष 2011 एवं 2017 में शैक्षिक पदों पर नियुक्तियाँ हुईं। वर्तमान में संस्थान के चार प्रोफेसर (आचार्य), 2 सह आचार्य एवं आठ (सहायक आचार्य) कार्यरत हैं। संस्थान के उद्देश्यों में धारणीय विकास से सम्बन्धित शिक्षा प्रदान करना,समाविष्ट के बारे में जागरूकता विकसित करना एवं धारणीय विकास हेतु शिक्षा तथा संपोष्यता की प्राप्ति के लिए शिक्षा को एक यंत्र के रूप में उपयोग करना शामिल करना है। संस्थान का मिशन ऐसा शिक्षण,शोध व विस्तार कार्य करना है जिससे भविष्योन्मुख भारत का संपोष्य विकास हो सके तथा गरीबी मिटे और देश के प्राकृतिक संसाधनों का कुशल व समुचित प्रबंधन बरकरार रहे।

संस्थान के उद्देश्य

1. पर्यावरणीय एवं धारणीय विकास शिक्षा को बढ़ाना,इसमें सुधार करना एवं तत्संबंधी शिक्षा प्रदान करना
2. पर्यावरणीय एवं धारणीय विकास शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए अंतर-अनुशासनिक उपागम में कार्य करना
3. समुदाय स्तर पर धारणीय सामाजिक एवं आर्थिक विकास संबंधी मुद्दों और चुनौतियों के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने में योगदान देना
4. धारणीय विकास के संदर्भ में पर्यावरणीय एवं सामाजिक समस्याओं की बेहतर समझ प्रदान करने के लिए एक विचार-विमर्श मंच तैयार करना,वैज्ञानिक चर्चाओं को बढ़ावा देना एवं निर्णयकर्ताओं के लिए उपयुक्त उपागम व विश्लेषण नीति विकसित करना
5. एक राष्ट्रीय नीति विकसित करने एवं धारणीय विकास संबंधी पहलों को क्रियान्वित करने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कार्य करना है।

शिक्षण कार्यक्रम

यह संस्थान पर्यावरण एवं धारणीय विकास के क्षेत्र में अंत: विषय शिक्षा में योगदान देने के उद्देश्य से वर्ष 2012-13 से एकीकृत एम-फिल –पी.एच.डी पाठ्यक्रम का संचालन कर रहा है। इसके अलावा संकाय के संकाय सदस्य एम.एस.सी में शिक्षण और शोक्ष मार्ग दर्शन में भाग लेते हैं। वर्तमान में संस्थान द्वारा परास्नातक लेवल पर तीन नये पाठ्यक्रमों पर्यावरण एवं जैव प्रौद्योगिकी,पारिस्थितिक विज्ञान और पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान का संचालन भी किया जा रहा हैं। संस्थान के शिक्षकों द्वरा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के महिला महाविद्यालय एवं विज्ञान संस्थान में संचालित विभिन्न एम.एस.सी. एवं एम.एस.सी. (टेक) पाठ्यक्रमों जैसे जैव सूचना,भूभौतिकी एवं पर्यावरण विज्ञान,में शिक्षण एवं विनिबंध मार्गदर्शन आदि कार्यों में भी सहभागिता की जा रही है।

शोध कार्यक्रम

संस्थान द्वारा अंतरविषयक एवं सहयोगात्मक शोध परियोजनाओं का संचालन किया जाता है जिससे सामाजिक जरूरतों का विधिक प्रबंधन करने में सहायता मिले। प्राथमिक अनुसंधान क्षेत्र जहां संस्थान के संकाय सदस्य ध्यान केंद्रित कर रहे हैं,उनमें पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान,पारिस्थितिक विज्ञान और पर्यावरण सूक्ष्म जीव विज्ञान,सतत कृषि आदि शामिल हैं। पूर्व से संचालित अनुसंधान परियोजनाओं को जारी रखने के अलावा,संस्थान के संकाय सदस्य शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान 5 नई शोध परियोजनाओं को आकर्षित करने में सक्षम हुए हैं। इन परियोजनाओं के लिए प्रमुख वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एजेंसियों जैसे डी.एस.टी,एस.ई.आर.बी.एम.ओ.ई.एफ. और सी.सी.एम.ओ.डब्ल्यू.आर., और विदेश मंत्रालय, यू.जी.सी., इज़राइल साइंस फाउंडेशन, बी.आर.एन.ए. (डी.ए.ई.) और अन्य राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से प्राप्त हुआ है।

संस्थान के संकाय सदस्यों ने 2020-21 के दौरान उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं और पुस्तकों में,173 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं,जिसमें 111 शोध और समीक्षा पत्र (6 राष्ट्रीय और 105 अंतर्राष्ट्रीय),6 राष्ट्रीय लेख,18 अंतर्राष्ट्रीय लेख आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा 28 पुस्तक अध्याय, 1 नीति रिपोर्ट-आई.यू.सी.एन.और 9 पुस्तक (1 राष्ट्रीय और 8 अंतर्राष्ट्रीय) भी प्रकाशित की गयी है।

सुदूर पहुँच/विस्तार

यह संस्थान अपनी सुदूर गतिविधियों के माध्यम से समुदाय स्तरीय कार्यक्रम एवं संगोष्ठियों इत्यादि के आयोजन समेत धारणीयता को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के अन्य कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है। संस्थान का उद्देश्य तथ्यपत्र,स्थिति रिपोर्ट एवं शैक्षणिक संसाधन तैयार करना भी है। इस दिशा में सार्क आपदा प्रबंधन केन्द्र (एस.डी.एम.सी.).नई दिल्ली के निर्देशानुसार आईइएसडी ने “सार्क देशों में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन पर सारांश” तैयार किया है।

संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला

- शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वाधान में स्मार्ट इण्डिया हैकाथान 2020 के ग्रैण्ड फिनाले कार्यक्रम का आयोजन।
- वैश्विक संदर्भ में महामना की भारतीय दृष्टि विषयक संगोष्ठी का आयोजन।
- कोविड संक्रमण से बचने हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन।

छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाएँ

छात्र-छात्राओं के लिए शोध सुविधाओं हेतु संस्थान में सेन्ट्रल इन्स्ट्रूमेन्टल लैब की सुविधा प्रदान की गयी है,जिसमें गैस क्रोमैटोग्राफी, एच.पी.एल.सी.,सोलर फोटोवोल्टिक ट्रेनिंग किट, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, थर्मल साइक्लर, इलेक्ट्रोफोरेसिस सिस्टम, एरोसोल सैम्पलर, फ्यूम हुड, आयन क्रोमैटोग्राफी, ए.ए.एस., प्रकाश संश्लेषण मीटर, जेल-डॉक, नाइट्रोजन के लिए जेलडाहल, स्वचालित पाचन,

माइक्रो-पिपेट, पी.एच. मीटर, ई.सी. मीटर, कंडक्टिविटी मीटर, फ्लेम फोटोमीटर, कैमरा से जुड़ा माइक्रोस्कोप, माइक्रो-वेटिंग बैलेंस, हाई पावर कंप्यूटिंग सिस्टम (एच.पी.सी.), हाई एंड सर्वर, सॉलिड फेज एक्सट्रैक्शन, कूलिंग सेंट्रीफ्यूज, डीप फ्रीजर -800°सी, नैनो ड्रेप, बी.ओ.डी. शेकिंग इनक्यूबेटर, हाई पावर रोटरी शेकर, हेमोसाइटोमीटर, आयन क्रोमैटोग्राफी, टी.ओ.सी. एनालाइजर, जी.सी.-एम.एस., ऑटो-टाइट्रेट, बायो एयरोसोल सैंपलर (व्यवहार्य प्रभावक), सतत परिवेश वायु गुणवत्ता निगरानी (सी.ए.ए.क्यू.एम.) सिस्टम, स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस), प्लांट ग्रोथ चैंबर, आदि शामिल है।

2.1.1.4. प्रबन्ध शास्त्र संस्थान

विश्वविद्यालय द्वारा अपने महान संस्थापक के सपनों को साकार करने की दिशा में एक और मील का पत्थर हासिल किया,जब 1960 के दशक के अंत में विश्वविद्यालय में प्रबंधन में स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रारम्भ में प्रबंधन शास्त्र एक विभाग के रूप में वाणिज्य संकाय के अंतर्गत संचालित होता था परन्तु गुणवत्तायुक्त प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान प्रदान करने की बढ़ती आवश्यकता की परिकल्पना करते हुए,विश्वविद्यालय द्वारा प्रबंधन अध्ययन विभाग को सन् 1984 में एक स्वतंत्र संकाय के रूप में स्थापित किया गया। प्रबंधन संकाय अपने प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्तशिक्षकों के नेतृत्व मेंकॉर्पोरेट जगत के लिए उपयुक्त नवीन और आवश्यकता आधारित कार्यक्रम चलाने के लिए प्रतिबद्ध है। संकाय को दिसंबर 2015 में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के रूप में उच्चीकृत किया गया।

शैक्षणिक एवं शोध पाठ्यक्रम

कार्पोरेट जगत की बदलती जरूरतों की दृष्टिगत प्रबंध शास्त्र संस्थान द्वारा कई प्राकार के नये अभिनव प्रबंधन कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं। पी.एच.डी. पाठ्यक्रम के अतिरिक्त संस्थान द्वारा 2 वर्ष का एम.बी.ए. पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। नौकरीशुदा अभ्यर्थियों के लिये संस्थान द्वारा 3 वर्षीय अंशकालिक पाठ्यक्रम भी संचालित किया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्थान में एक वर्ष का अंशकालिक पी.जी. डिप्लोमा (कार्मिक प्रबंधन, व्यवसायिक प्रबंधन एवं वित्तीय प्रबंधन) के पाठ्यक्रम भी संचालित होते हैं।

नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा प्रबंधकों को जटिल व्यवसायिक क्रियाकलापों के कुशल संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। प्रबंध संस्थान के रूप में उच्चीकृत होने के पश्चात संस्थान द्वारा चिकित्सालय प्रबंधन, अतिथ्य प्रबंधन जैसे प्रासंगिक विषयों में एम.बी.ए. पाठ्यक्रम चलाने तथा बी.टेक-एम.बी.ए. की एकीकृत कार्यक्रम जैसे नये पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु प्रयासरत है।

कार्पोरेट जगत के साथ सहभागिता

संस्थान का कार्पोरेट जगत के साथ अत्यन्त ही सुदृढ़ संपर्क है। संस्थान द्वारा कार्पोरेट जगत के सर्वश्रेष्ठ कार्यकारी अधिकारियों को संस्थान में आमंत्रित किया गया जिससे वे विद्यार्थियों से विचार-विमर्स करने के साथ-साथ व्याख्यान तथा ब्रेन स्टार्म सेसन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सहभागिता कर संस्थान को लाभ पहुँचा सके। संस्थान द्वारा आजोजित वर्ष पर्यन्त व्याख्यानमालाओं, संगोष्ठइयों एवं कार्यशालाओं में कार्पोरेट जगत के

अधिकारीगण हमेशा से प्रतिभाग करते आ रहे हैं। कार्पोरेट जगत के प्रतिष्ठित सदस्यों द्वारा सुझाये गये बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर विभिन्न पाठ्यक्रमों का संशोधन भी किया जाता है।

प्रायोगिक प्रशिक्षण, लघु शोध प्रबंध और सेवानियोजन

पाठ्यक्रम के एक भाग के अनुरूप संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थोयों को प्रत्येक वर्ष 8 सप्ताह के गृष्मकालिन प्रायोगिक प्रशिक्षण में भाग लेना होता है। अपने निबंधन कार्य में भी संस्थान के विद्यार्थियों को व्यावसायिक संगठनों से सहयोग एवं सुझाव प्राप्त होते हैं। देश के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी व्यावसायिक संगठनएवं संस्थानजैसे भारतीय रिजर्व बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, कोल इण्डिया, डी.एच.एल., पेंटालून, इनफ़ोसिस, एफ.आई.एन.ओ.,केनरा बैंक, देना बैंक, आई.डी.आई, बैंक ऑफ़ इंडिया, एक्सीस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इन्दोगल्फ़, स्टैग इंटरनेशनल, यूको बैंक, विजा स्टील आदि संस्थान में आयोजित परिसर चयन प्रक्रियाओं में भाग लेते हैं।

सहभागिता

- निति आयोग, भारत सराकर के तत्वाधान में अटल इंक्योबेसन मिशन के तहत महामना फाउण्डेशन फॉर इनोवेशन एण्ड इंटरप्रेन्योरशिप-प्रबंध संस्थान की स्थापना।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा डीआरएस विशेष सहायता कार्यक्रम का संचालन।
- इलाहाबाद बैंक चेयर
- केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान के तत्वाधान में कार्यान्वित विद्युत मंत्रालय की अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के तृतीय पक्ष मूल्यांकन के लिए परामर्श परियोजना का संचालन।
- भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहयोग में परामर्श परियोजना का संचालन।
- पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के लिए एमडीपी का आयोजन।
- दिशा - इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ।
- भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण की सहभागिता से संचालित कार्यक्रम।
- बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज इंस्टिट्यूट के साथ सहभागिता।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन।
- भारतीय डाक विभाग, पूर्वांचल विद्युत् विभाग एवं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन
- पूर्वांचल विद्युत निगम लिमिटेड के कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण का आयोजन।
- आई.सी.आई.सी.आई. प्रूलाइफ के सहयोग से एक वर्ष के पी.डी. डिप्लोमा (प्रबंधन एवं बीमा) का संचालन।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के पदाधिकारियों के लिये फेलोशिप कार्यक्रम का आयोजन।
- 15 वित्त आयोग के साथ अध्ययन रिपोर्ट पर हस्ताक्षर।
- गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम केंद्रों में से एक के रूप में संस्थान को पहचाना गया।
- प्रबंधन विषय में राष्ट्रीय डॉक्टरल फेलोशिप हेतु मेजबान संस्थान के रूप में प्रबंध शास्त्र संस्थान का चयन।
- इंटरप्रेन्योरशिप सेल की स्थापना
- उद्योग संस्थान पार्टनरशिप सेल की स्थापना।

अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता

प्रबंध शास्त्र संस्थान द्वारा कई अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक संबंध स्थापित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त कई विश्वविद्यालयों के साथ भी संस्थान का शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान हेतु एम.ओ.यू. है। इनमें में मुख्य रूप से निम्न संस्थानें शामिल है।

- इथोपियन सिविल सर्विस कॉलेज, इथोपिया

- विल्किस विश्वविद्यालय, पेंसिलवानिया, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- स्कूल ऑफ़ बिजनेस, क्लैफिन विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- लॉसिड्स विश्वविद्यालय, जर्मनी

उपरोक्त संस्थानों के अलावा,संस्थान ने विभिन्न अवसरों पर बौद्धिक और शैक्षणिक भागीदारी के लिए कई अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ भी सहयोग किया। ये संस्थान निम्न हैं:

- स्कूल ऑफ़ बिजनेस,कान्सास विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- टेनीसी स्टेट विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- ग्लोबल स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- इंस्टीट्यूट ऑफ कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका

व्यवसाय निदानगृह

संकाय द्वारा व्यवसाय निदान गृह की स्थापना हेतु एक नव प्रवर्तनीय कदम था। इस पहल का उद्देश्य-कक्षा के उपरान्त व्यवसाय अध्ययन के व्यावहारिक एवं सैद्धान्तिक अन्तर को मिटाना एवं व्यवसायियों एंव उद्यमियों को विशेषज्ञ सेवाएँ प्रदान कराना है।

समुदाय सेवा

संस्थान में संचालित डी.आ.एस. 1 कार्यक्रम के अंतर्गत "सेवार्थ" योजना चलाई जाती है जिसके अंतर्गत युवा वर्ग को समाज के प्रति अपने दायित्व का नर्वहन करने एवं अपनेअन्दर सामाजिक जिम्मेदारी का भाव पैदा करने हेतु प्रेरित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान कैम्प, चिकित्सालय में गरीब मरीजों एवं उनके परिजनों के लिये कंबल वितरण विभिन्न प्रकार के समाजिजक संगठनों से वार्तालाप एवं प्रदान करने के सप्ताह का का उत्सव मनाना जैसे विभिन्न समुदाय संबंधी क्रियाकलापोंका आयोजन किया जाता है।

पुरातन छात्रों से संबंध

संस्थान के पाँच हजार से भी अधिक भूतपूर्व छात्र विश्व में विभिन्न क्षेत्रों एवं संगठनों में अपनी सेवायें दे रहें हैं। ये पुरातन छात्र अपने मातृ संस्थान के प्रति निष्ठा रखते हैं एवं विश्वविद्यालय के प्रति हर सम्भव सहयोग प्रदान करने के लिये सदैव तत्पर रहते हैं। इन पुरातन छात्रों को एक कड़ी में जोड़ बांधने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रबंधन पुराछात्र संघ की स्थापना की गई है जिसके क्षेत्रिय घटक देश एवं विदेश में फैले हुए हैं। इस संघ के माध्यम से जुड़े पुराछात्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहें हैं तथा संस्थान में कैम्पस प्लेशमेंट से लेकर कार्पोरेट जगत के साथ संस्थान के संबंधों को मजबूत करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहें हैं।

सेमिनार / संगोष्ठी / वेबिनार / सम्मेलन

- एम.बी.ए. एवं एस.बी.ए.आई.बी. के छात्रों का परिचय कार्यक्रम
- श्री बी.एस. नागेश द्वारा रिटेल मार्केटिंग विषय पर परस्पर संवाद सत्र का आयोजन
- ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन
- कार्पोरेट जगत के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों के संवाद सक्ष का आयोजन
- सामाजिक अद्यम प्रबंध विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन
- श्री प्रदीप दत्ता, प्रमुख पैनासोनिक का अतिथि व्याख्यान
- संस्थान दिवस कार्यक्रम का आयोजन
- व्यवसाय में हानिकारक तकनिकों विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन
- मार्केटिंग 4 विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

- अनिश्चित जोखिम प्रबंधन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन
- मानव संसधान की चुनौतियाँ, कोविड-19 काल में विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

महामना फाउण्डेशन फॉर इनोवेशन एण्ड इंटरप्रेन्योरशिप-प्रबंध संस्थान

नीति आयोग भारत सरकार के तत्वाधान में अटल इंक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रबंध शास्त्र संस्थान में महामना फाउण्डेशन फॉर इनोवेशन एण्ड इंटरप्रेन्योरशिप-प्रबंध संस्थान की स्थापना की गई। यह कार्यक्रम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जी के आधुनिक भारत के निर्माण के प्रति चिंतन, दृष्टिकोण एवं सपनोंको साकार करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयास जारी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्टार्टप व्यवसाय शुरू करने तथा उन्हें विकसित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्थान द्वारा अभिनव व्यावसायिक योजनाओं को यथार्थ बनाने हेतु आवश्यक सहयोग, प्रशिक्षण एवं अंतरविषयक संवर्धन प्रदान किये जाते हैं।

विद्यार्थियों के लिये सुविधाएँ

- छात्रावास
- पुस्तकालय
- पुस्तक बैंक
- स्कॉलरशिप
- कम्प्यूटर शिक्षा

शोध हेतु सुविधाएँ

संस्थान द्वारा परास्नातक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है जिसके जिसके पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए 8 सप्ताह के प्रायोगिक प्रशिक्षण साथ-साथ लघु परियोजना एवं निबंधन कार्य अनिवार्य है।

बौद्धिक संपदाओं का साझाकरण

संस्थान के सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को किसी भी विषय पर मूल अथवा अंतरविषयक चर्चा करने का पूर्ण अधिकार है। इस हेतु संस्थान में एक ऐसे परितंत्र की रचना की गई है जिसमें एक छत के नीचे उन सभी बौद्धिक संपदाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है जिसके द्वारा विद्यार्थियों को अध्पाकगणों से किसी भी विषय पर चर्चा करने कि स्वायत्ता मिले। इस प्रकार का परितंत्र दुर्लभ है।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण,निबंध,लघु परियोजनाएं,प्रेरण कार्यक्रम और इंटर्नशिप

आठ सप्ताह का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण,लघु परियोजना और निबंध परियोजना संकाय के एम.बी.ए.,एम.बी.ए. आई.बी. और एम.बी.ए. ए.बी. कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग हैं। छात्र इन प्रोजेक्ट असाइनमेंट को विभिन्न संगठनों में फैकल्टी की मेंटरशिप और औद्योगिक संगठन के एक कार्यकारी गाइड के तहत कर रहे हैं। संस्थान, एम.बी.ए.,एम.बी.ए. आई.बी.एम.बी.ए. ए.बी. प्रोग्राम के छात्रों के लिए एक सप्ताह का फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुकों को फैकल्टी, फैकल्टी सदस्यों, पेशेवर और व्यापक व्यावसायिक पर्यावरणीय कारक बनने के लिए अपेक्षित कौशल से परिचित कराना है। उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञ इन इंडक्शन कार्यक्रमों में रिसोर्स पर्सन के रूप में काम करते हैं। कार्यक्रम के तहत शामिल कुछ सांकेतिक विषय इस प्रकार हैं- संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास,जी.डी. / साक्षात्कार तकनीक; सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट; गैर-लेखा लोगों के लिए लेखांकन;क्रॉस कल्चरल ट्रेनिंग;और संगठनात्मक कौशल और टीम बिल्डिंग।

2.1.1.5. विज्ञान संस्थान

सन् 1916 में स्थापित विज्ञान संकाय जो बाद में विज्ञान संस्थान के रूप में उच्चीकृत हुआ, स्नातक, परास्नातक, एवं पी.एच.डी.कार्यक्रमों के अतिरिक्त डिप्लोमा एवं सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम भी संचालित करता है। संस्थान के अंतर्गत 13 विभाग, 6 केन्द्र, 2 अंतरविषयक स्कूल आते हैं। आधुनिक एवं जटिल उपकरणों से लैस प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान विज्ञान के सभी क्षेत्रों में पठन-पाठन एवं शोध की दिशा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की तरफ अग्रसर है।

संस्थान के संकाय सदस्यों के द्वारा देश विदेश के कई संस्थानों के साथ शोध सहभागी परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। संस्थान के संकाय सदस्यों को कई विशिष्ट पुरस्कारों एवं सम्मानों से भी नवाजा गया है जिनमें मुख्य रूप से शांति स्वरूप भटनागर प्राइज, हम्बोल्ट फेलोशिप, जवाहर लाल नेहरू फेलोशिप, टी.एफ.आई.आर. फेलोशिप, विज्ञान अकादमियों की सदस्यता आदि शामिल है।

विज्ञान संस्थान के शिक्षक अपने शैक्षणिक और शोध कार्य के माध्यम से विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक रैंकिंग को बढ़ाने में बड़ा योगदान दे रहे हैं। वर्ष 2020-21 में,संस्थान के शिक्षक सदस्यों ने प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में लगभग 1184 पत्र प्रकाशित किए और लगभग 150 शोध प्रबन्ध को निर्देशन किया। लगभग सभी महत्वपूर्ण वित्त पोषण एजेंसियों से बड़ी संख्या में प्रायोजित अनुसंधान अनुदान शिक्षक सदस्यों द्वारा प्राप्त किये गये।

इस अवधि के दौरान 15 प्रोफेसर, 5 एसोसिएट प्रोफेसर और 55 सहायक प्रोफेसर हमारे संस्थान में शामिल हुए। विद्वान और प्रतिभाशाली युवा अध्यापकों के शामिल होने से अब हमारे संकाय सदस्यों की संख्या 248 से बढ़कर 323 हो गई है। संस्थान में शोधकर्ताओं के लिये नई सुविधाएँ जो उन्हें इस आधुनिक दौर में उत्कृष्ट शोध करने में सहायता कर सके, स्थापित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। संस्थान में नव स्थापित शोध सुविधाओं में कुछ प्रमुख सुविधाएँ निम्नवार हैं-

- सेंट्रल डिस्कवरी सेंटर- विज्ञान के मूल एवं व्यावहारिक विषयों पर शोध करने के उद्देश्य से आधुनिकतम उपरणों एवं सुविधओं से लैस सेंट्रल डिस्कवरी सेंटर की स्थापना की गई। यह केन्द्र एक ऐसा अवसर प्रदान

करता है जिसमें शोधकर्ताओं के अलग-अलग समूह अपने शोध कार्यों से नई तकनिक का विकास करने के साथ-साथ ऐसी विज्ञान की उच्च स्तरीय विश्लेषणात्मक सेवायें प्रदान करेंगे जिसके लिये अभी तक भारतीय उद्योग विदेशी संस्थानों पर निर्भर रहते हैं।

- डीएसटी द्वारा वित्तपोषित सोफिस्टिकेटेट एनालिटिकल एण्ड टेक्निकल हेल्प इंस्टीट्यूट (एस.ए.टी.एच.आई.) सेंटर की स्थापना की जा रही है। इस सेंटर के अंतर्गतऔर सेंट्रल डिस्कवरी सेंटर में अत्याधुनिक हाई रेजोल्यूशन एक्यूरेट मास स्पेक्ट्रोमीटर स्थापित किया जा चुका है। इसके अलावा एक हाई रेजोल्यूशन कन्फोकल माइक्रोस्कोप और आइसोटोप रेशिओ मास स्पेक्ट्रोमीटर भी आ गया है।
- संस्थान में जैव प्रौद्योगिकी विभागए भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित बायोनेस्ट की स्थापना की गई है जिसके अंतर्गत जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्योगो एवं स्टार्टअप कम्पनियों को इन्क्यूबेट किया जा रहा है। वर्तमान में इसमें दो इनक्यूबेटियों ने काम करना शुरू कर दिया है।
- भूगर्भ में स्थित तेल के भंडारों की खोज में मदद करने हेतु ओ.एन.जी.सी. और आयल इण्डिया की सहायता करने के लिए भूकंपीय डेटा की व्याक्या के उद्देश्य से भूभौतिकी विभाग में एक भूकंपीय इमेजिंग केंद्र ने भी काम करना शुरू कर दिया है।
- नए शामिल हुए शिक्षक सदस्यों की वैज्ञानिक उत्पादकता में तेजी लाने के लिएविश्वविद्यालय की इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस योजना के अन्तर्गत विज्ञान संस्थान और महिला महाविद्यालय में नव नियुक्त 79 सहायक प्रोफेसरों को सीड ग्रांट के रूप में कुल 8.25 करोड़ रुपये प्रदान किए।
- 103 संकाय सदस्यों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता में उनके योगदान के लिए उनके शोध कार्य को सहायता प्रदान करने के लिये अनुदान के रूप में कुल 8.5 करोड़ रुपये भी प्रदान किए गए।

उत्कृष्ट शोध के लिये सम्मान

प्रो कृष्णा नन्द सिंह (रसायन विज्ञान विभाग) को 2020 के लिए भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (NASI) का फेलो चुना गया और प्रोफेसर शशि भूषण अग्रवाल (वनस्पति विज्ञान विभाग) को नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (NASI), इलाहाबाद का फेलो चुना गया। प्रो एन. वी. चलपति राव (भूविज्ञान विभाग) को अर्थ साइंस मंत्रालय द्वारा भूविज्ञान में उत्कृष्ट कार्य हेतु भूविज्ञान और प्रौद्योगिकी पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर शशि कांत मिश्रा (गणित विभाग) को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा शिक्षक पुरस्कार 2020के लिए चुना गया।

संस्थान के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के हमारे प्रयास में,इस वर्ष भी मोस्ट प्रोडक्टिव रिसर्चर अवार्ड के लिए प्रोफेसर माया शंकर सिंह (रसायन विभाग), प्रोफेसर अरविंद मोहन कायस्थ (जैव प्रौद्योगिकी स्कूल) प्रोफेसर राजेश कुमार श्रीवास्तव (भूविज्ञान विभाग) को 55-65 आयु वर्ग में, प्रोफेसर वी गणेशन (रसायन विज्ञान), प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे (जूलॉजी विभाग), प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव (भौतिकी विभाग) को 40-55 आयु वर्ग में, डॉ ओम प्रकाश सिंह (जैव रसायन विभाग),डॉ मानसी घोष (भौतिकी विभाग, महिला महाविद्यालय) और डॉ भानु प्रकाश (वनस्पति विज्ञान विभाग) को 40 वर्ष से कम आयु वर्ग मे पुरस्कृत किया गया।

16 दिसंबर 2020 को संस्थान दिवस मनाया गया, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली के सचिव, प्रोफेसर आशुतोष शर्मा विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत रत्न प्रो. सी.एन.आर. राव और श्री संत सांगानेरिया की गरिमामयी उपस्थिति मे नव सृजित प्रोफेसर सी.एन.आर. राव रोटेटिंग चेयर प्रोफेसरशिप फॉर एक्सीलेंस इन रिसर्च तथा श्री संत सांगानेरिया रोटेटिंग चेयर प्रोफेसरशिप फॉर एक्सीलेंस इन इंडस्ट्रियली ओरिएंटेड रिसर्च के लिए प्रोफेसर माया शंकर सिंह (रसायन विज्ञान विभाग) और प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव (भौतिकी विभाग) को चुना गया।

प्रमुख कार्यक्रम

28 फरवरी 2021 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रोफेसर एस.एन. ठाकुर,पूर्व डीन,विज्ञान संकाय बीएचयू द्वारा “रमन स्मृति”पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक ब्रेन

स्टॉर्मिंग सत्र भी आयोजित किया गया,जिसमें सी.एस.आ.ई.आर., नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक डॉ गिरीश साहनी द्वारा "समस्याओं को हल करने के लिए पारंपरिक विषयों की सीमाओं को तोड़ने की आवश्यकता"विषय पर प्रमुख वक्ताओं ने विचार रखे।

नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी.वी. रमन की जयंती 7 नवंबर,2019 पर भौतिकी,रसायन विज्ञान और शरीर विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में 2020 के नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कार्यों पर देश के तीन प्रख्यात वैज्ञानिकों प्रोफेसर कुलिंदर पाल सिंह (आई.आई.एस.ई.आर.,मोहाली), डॉ देवज्योति चक्रवर्ती (सी.एर्स.आइ.आर.-आ.ई.जी.आई.बी. नई दिल्ली) और प्रोफेसर सौमित्र दास (एन.आई.बी.एम.जी., कल्याणी) के व्याख्यान आयोजित किये गये। प्रोफेसर तपस कुंडू, निदेशक, सी.एस.आई.आर.-सी.डी.आर.आई. ने 28 जनवरी, 2019 को संस्थान का दौरा किया,बीएचयू और सी.एस.आई.आर.-सी.डी.आर.आई. के बीच पारस्परिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए विज्ञान संस्थान के अध्यापकों के साथ उनकी वार्ता आयोजित की गई।

इस वर्ष जन्तु विज्ञान विभाग ने अपना शताब्दी वर्ष मनाया, जिसमें 06 मार्च, 2021 को प्रोफेसर ब्रूस बीटलर (फिजियोलॉजी और मेडिसिन में 2011 के नोबेल पुरस्कार विजेता) द्वारा एक विशिष्ट व्याख्यान दिया गया।

संस्थान के अंतर्गत आने वाले विभाग

जैव रसायन विभाग

जैव रसायन विभाग को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सन् 1984 में एक स्वतंत्र विभाग के रूप में स्थापित किया गया। विभाग में जैव रसायन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षण एवं अनुसंधान के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। वर्तमान समय मे विभाग में अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे-कैंसर बायोलॉजी, न्यूरोबायोलॉजी, इम्यूनालॉजी, इनफेक्टीअसडिजीज, क्लीनीक बायोकमेस्ट्री, इनजाइमोलॉजी, इनजाइम तकनीक, प्लान्ट बायोकमेस्ट्रीआदि क्षेत्रों में अनुसंधान की सुविधाएँ हैं। विभाग स्नातकोत्तर एवं शोध की डिग्री बोयोकमेस्ट्री में प्रदान करता है।

विद्यार्थियों के लिये सुविधाएँ

विभाग सभी छात्रों को शिक्षण एवं शोध हेतु सभी सुविधाएँ प्रदान करता है। नेट योग्यता के लिए सफलता की दर प्रत्येक वर्ष लगभग 30 % है। इसके अलावा,विभाग नियमित रूप से पीजी और पीएचडी दोनों पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद गतिविधियों का भी आयोजन करता है। विभाग से छात्र-छात्रायें भारत और विदेशों में कई संगठनों जैसे रूटरग्स यूनिवर्सिटी, एन.जे., जॉन्स हॉपकिन्स मेडिकल इंस्टीट्यूट, एमडी आदि में विभिन्न पदों पर काबिज हैं।

शैक्षणिक सहभागिता

जैव रसायन विभाग के संकायों ने बहु-विषयक अनुसंधान परियोजनाओं को लाने और अनुवाद संबंधी अध्ययन करने के लिए अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं के साथ सहयोग किया है।

अभिनव शिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम

स्नातकोत्तर के द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में स्वयम पाठयक्रम लागू है। वर्तमान समय में अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे-न्यूराडीजेनेरेटिव डिसऑर्डर, कैंसर बायोलॉजी, क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्री, संक्रामक रोग विज्ञान, परजीवी इम्यून-बायोलॉजी और प्लांट-बायोकमेस्ट्री के क्षेत्र में अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में स्नातकोत्तर और शोध छात्रों के लिए कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम होते रहते हैं।

जैवप्रौद्योगिकी स्कूल

सन् 1986 में जैवप्रौद्योगिकी स्कूल की स्थापना जैवप्रौद्योगिकी विभाग,भारत सरकार,नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विज्ञान संस्थान में हुई। सन् 1990 में प्रमुख प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई। वर्तमान मे स्कूल में कुल 11 प्रमुख प्राध्यापकों में (6 प्राध्यापक,6 सहायक प्राध्यापक व 1

यूजीसी-बीएसआर फेलो) हैं। इसके अलावा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मल्टीडिसीप्लीनरी अध्यापन कार्यक्रमों में विज्ञान संस्थान, प्रौद्योगिकी संस्थान तथा अन्य विश्वविद्यालय तथा शोध संस्थानों के प्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता है। विभाग के सभी प्राध्यापक सहायक पाठ्यक्रमों के अध्यापन कार्य में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

शिक्षण एवं शोध

अध्यापन कार्यक्रमः स्कूल में द्विवर्षीय (4 सत्रीय) जैवप्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर का पाठ्यक्रम चलता है,जिसमें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं का प्रतिवर्ष प्रवेश होता है।

शोध कार्यक्रमः सभी प्राध्यापकगण सक्रिय रूप से शोध कार्य में लगे हुए हैं और शोध छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वर्तमान में 21 शोध छात्र अध्ययन कर रहे है।

सैप (एस.ए.पी) से प्राप्त सुविधाओं के साथ स्कूल का अध्यापन तथा शोधकार्यों का चतुर्दिक विकास हो रहा है। प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन/प्रायोगिक कार्यों में एलसीडी प्रोजेक्टर का बराबर इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे छात्रों को बेहतर लाभ मिल रहा है। केन्द्रीय प्रयोगशाला में जेल डाक्युमेंटेशन सिस्टम,फ्लोरासेंस माइक्रोस्कोप (सूक्ष्मदर्शी), स्पेक्ट्रोफ्लोरीमीटर, थर्मल साइक्लर, एलाइजा रीडर, डीएनए सीक्वेंसर, रेफ्रीजरेटेड सेंट्रीफ्यूज इत्यादि उपकरण मौजूद हैं, जिसका इस्तेमाल शोध तथा स्नातकोत्तर छात्र प्रतिदिन कर रहे हैं। शोध छात्रों के इस्तेमाल लिए कोल्डरूम की सुविधा भी बराबर मौजूद है।

जैव प्रौधौगिकी स्कूल में समय-समय पर एम. एस. सी. पाठ्यक्रम का नवीनीकरण किया गया है। इसके अतंर्गत नये प्रयोगात्मक विधि का समावेश किया गया है जोकि पीसीआर, डीएनए सिक्यूनसर तथा रियल टाइम पीसीआर पर आधारित है। बायोइंफोरमैटिक्स में शिक्षा के लिये नये और गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण दिया जाता है। छात्रों के लिये शोध विषय पर आधारित प्रयोगात्मक संगोष्ठी (3 एवं 4 सेमेस्टर पर आधारित) लागू की गई है। बाहरी विषयों पर आधारित माइनर इलैक्टिव अंतर्विषीय पाठ्यक्रम दो क्रेडिट का शुरू किया गया है। सेमेस्टर परीक्षा और असाइनमेंट के द्वारा छात्रों का समय-समय पर मूल्यांकन किया जाता है।

जैवसूचना केन्द्रः स्कूल मे सन् 1989 में जैवप्रौद्योगिकी विभाग,भारत सरकार,नई दिल्ली द्वारा वित्त-पोषित एक जैवसूचना केन्द्र भी विकसित की गई है, जिसमें इण्टरनेट सुविधा, डाटाबेस, जैवसूचना मशीन, दूरभाष, फैक्स मशीन, मौजूद हैं और छात्रों, अध्यापकों तथा शोध छात्रों के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य विभागों व बाहरी संस्थाओं द्वारा इसका भारी पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। केन्द्र प्रतिवर्ष 2-3 कार्यशाला आयोजित करता है।

वृहद्शोध क्षेत्र

वर्तमान में शोध कार्य हेतु स्कूल के प्राध्यापकों की सक्रियता निम्न क्षेत्रों में है-कार्यात्मक जीनोमिक्स, सिस्टम जीव विज्ञान और जीवाणुओं में सिंथेटिक जीव विज्ञान, कोशिकीय एवं आणुविक प्रतिरक्षा एवं अर्भुद विज्ञान, कर्क एवं इन्फ्लेमेटरी रोगों का प्रतिरक्षात्मक उपचार, जीनोमिक एवं प्रोटोमिक स्तर पर चूहे में यकृत कैंसर से बचाव में जड़ी बूटियों की भूमिका, इमोनोटाक्सिक और इमोनोमॉलिडेटरी शिक्षा में साइनो बैक्टीरियल पदार्थो का अध्ययन, फुट अल्सर की मौलीकुलर टाइपिंग जो जीवाणुओं के कारण होता है, आणुविक सूक्ष्मजीव विज्ञान के साथ प्लांट ग्रोथ जीवाणुओं के अध्ययन पर जोर, नाइट्रोजन फिक्सिंग जीवाणुओं का क्रियात्मक जीनोमिक्स, आणुविक विज्ञान पर आधारित यूबी-बी विकरण की जीवाणुओं और साइनो बैक्टीरिया की सहन शक्ति।

विद्यार्थी केन्द्रित गतिविधियां

जैव प्रौद्यौगिकी स्कूल में अन्य पिछड़ा वर्ग अनुदान के तहत नवनिर्मित भवन में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ पॉवर पांइट प्रस्तुति के माध्यम से पठन पाठन, भवन के प्रत्येक तल वाटर कूलर की व्यवस्था, रैम्प निर्माण, पाठ्यक्रम पुनरीक्षण को समय-समय पर लागू करना।

स्कूल में प्रतिष्ठित आगंतुक

डा. उत्पला चट्टोपाध्याय, पूर्व निदेशक, सी.एन.सी.आर.आई., कोलकता, डा. पी. के. अम्वस्त, जैव रसायन विभाग, नार्थ ईस्ट विश्वविद्यालय, शिलांग, डा. आलोक चन्द्र भारती, जंतु विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, डा. कल्पना पाई, जंतु विज्ञान विभाग, पुणे विश्वविद्यालय, डा. श्रीनिवासन, एन.आर.सी.आई.ए.आर.आई.,नई दिल्ली, डा. अच्युत कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी, डा. राकेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ वैज्ञानिक, केन्द्रीय औषधीय एवं संगंध पौधा संस्थान, लखनऊ

परिसर विकास हेतु सृजित की गई नवीन आधारभूत संरचना

जैव प्रौद्योगिकी स्कूल में भारत सरकार के अनुदान के तहत एक चार मंजिला नई इमारत का निर्माण पूर्ण हो चुका है। जिसका प्रयोग शिक्षण, शोध एवं परीक्षा के उपयोग में हो रहा है।

शैक्षणिक सहयोग/ सहभागिता

आई.आई.वी.आर (वाराणसी), एन.बी.आर.आई,आई.आई.टी.आर., सी.बी.एम.आ.व., सीमैप (लखनऊ), जे.एन.यू., आई.ए.आर.आई.,एन.बी.ए.आई.एम., मउ व दिल्ली विश्वविद्यालय आदि के साथ स्कूल द्वारा सहयोगात्मक शोध कार्य शुरू किये गये है।

वनस्पति विज्ञानविभाग

वनस्पति विज्ञान विभाग देश में सबसे पुराना और प्रमुख स्नातकोत्तर और शोध केन्द्रों में से एक है। वनस्पति विज्ञान-उन्नत अध्ययन केन्द्र ने अपने आप को देश में वनस्पति विज्ञान का एक उत्कृष्ठ विभाग के रूप में प्रतिष्ठित किया है जहाँ पारिस्थितिकी,अल्गोलॉजी,माइकोलॉजी और वनस्पति रोग विज्ञान के साथ-साथ आणविक जीव विज्ञान जैसेमहत्वपूर्ण क्षेत्र में शोध कार्य किये जाते हैं। विभाग के पारिस्थितिकीय अनुभाग द्वारा घास पारिस्थितिकी, निवास संरक्षण, प्राथमिक उत्पादकता, कार्बन संग्रहण, नदी पारिस्थितिकी, वैष्विक परिवर्तन प्रभाव, सी.एच.जी. का उत्सर्जन, पारिस्थितिक तंत्र के विषलेशण और प्रदूषण का पौधों पर पड़ते दुषप्रभाव जैसे क्षेत्रों में शोध किया है। पारिस्थितिकी समूह द्वारा विकसित अवधारणाओं और तरीकों ने राष्ट्रीय सीमाओं को पार किया है और इन शोध कार्यो को दुनिया भर में आत्मसात कर लिया जाता है। फाइकोलॉजी स्कूल में जैव रसायन, फिजियोलॉजी, पारिस्थितिकी, आनुवंशिकी, आणविक जीव विज्ञान, नाइट्रोजन निर्धारण, हाइड्रोजन उत्पादन, भारी धातु के प्रदूषण और अप्लाइड फाईकोलॉजी के क्षेत्र में शोध कार्य जारी है। माइकोलॉजी और प्लांट पैथोलॉजी ग्रुप के जड़ क्षेत्र की सूक्ष्म जीव विज्ञान में सक्रिय रूचियों, एंडोसिमबियांट्स, पत्ती की सतह का माइक्रोफ्लोरा, जैविक और पौधे रोग नियंत्रण की अन्य रणनीतियों, कवक एंडोफाइटस, प्राकृतिक कीटनाशकों और पौध सूक्ष्मजीव के बीच संबंध में सक्रिय रूचियां हैं।

शिक्षण एवं शोध

वनस्पति विज्ञान विभाग में स्नातक और स्नाकोतर छात्रों के लिए और साथ ही साथ इंडस्ट्रियल माइक्रो बायोलाजी स्नातक स्तर पर व्यावसायिक पाटयक्रम और स्नातकोतर में पर्यावरण विज्ञान और अप्लाइड माइक्रालाजी के लिए शिक्षण कार्यक्रम चलाता है। भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायलय के निर्देश के अनुसार विभाग के शिक्षकों ने विभिन्न संकायों के छात्रों को पर्यावरण अध्ययन पाटयक्रम में शिक्षण प्रदान करता है। विभाग एम-एससी स्तर पर माइनर वैकल्पिक विषय पत्र अन्य विभाग के छात्र छात्राओं के लिए भी प्रदान करता है। विज्ञान संकाय के गणित स्ट्रीम के छात्रों के लिए स्नातक स्तर पर जीव विज्ञान के एंसीलरी पाठयक्रमों के अध्यापन में भी अध्यापकों की सहभागिता होती है । एम.एससी. के छात्र प्रयोगशाला कार्यों के लिए उपयोगी पौधों को इकटठा करने के अलावा उसके प्राकृतिक आवासों और उनके प्राकृतिक वातावरण में पौधों का अध्ययन करने के लिए भ्रमण करने जाते हैं। छात्रों ने चतुर्थ सेमेस्टर के दौरान विभिन्न शोध परियोजनाओं पर भी कार्य

किया। विभाग ने निम्नलिलिखत प्रमुख विषयों में अनुसंधान प्रशिक्षण की पेशकश की: परिस्थितिकी, अलगोलाजी, माइकोलाजी और प्लांट पैथेलाजी और प्लांट आणविक जीव विज्ञान।

छात्र केन्द्रित शोध सुविधाएँ

उन्नत अनुसंधान सुविधाओं से लैस संकाय सदस्यों के तहत व्यक्तिगत प्रयोगशालाओं के अलावा छात्रों के लिए सेंट्रल लैब में परिष्कृत उपकरण उपलब्ध हैं। विभाग में कई आधुनिक उपकरण स्थापित किये गये हैं जिनमें मुख्य हैं- बायोलाग सिस्टम, अल्ट्रासंट्रीफयूज, पोर्टेबल प्रकाश संशलेष्ण प्रणाली, ग्रीन हाउस गैस विशलेषक, जी.स.ह.,एम.एस., फलोरोसेंस स्पेक्ट्रोफाटोमीटर, एच.पी.एल.सी., सी.एच.एन.एस. विशलेषक आदि। छात्रों के लिए वाई-फाई इन्टरनेट का उपयोग भी उपलब्ध है ।

वृहद्शोध क्षेत्र

योजना संगीत एवं मंच कला संकाय इकाई ने वर्ष पर्यन्त अनेक सामाजिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और उन्हें संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उल्लेखनीय उपलब्धियाँ एवं विभाग के लिए सम्मान

सत्र के दौरान विभागीय क्रियाकलाप: विभाग के शिक्षकों, संगीतकारों शोधार्थियों एवं विद्यार्थी वर्ष पर्यन्त प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुतियाँ एवं संकाय स्तरीय व विश्वविद्यालय स्तरीय क्रियाकलापों में सक्रिय सहभागिता प्रदान करते रहें।

छात्र / छात्राओं की उपलब्धियां

इसके अतिरिक्त विभाग के शिक्षकों द्वारा 20 से अधिक आभासीय संगीत समारोह में प्रस्तुति की गयी। कोविड महामारी काल के दौरान छात्र केन्द्रित कार्यक्रमों का आयोजन सम्भव नहीं हो पाया। फिर भी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने स्तर पर विभिन्न आभासीय मंचों पर आयोजित संगीत प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों में भाग लिया एवं पुरस्कार जीता।

कंठ संगीत विभाग

- श्री ईशान घोष को महिला महाविद्यालय अमरावती द्वारा आयोजित आभासीय राष्ट्रीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।
- श्री ईशान घोष को सुरंजन ट्रस्ट, महाराष्ट्र द्वारा आयोजित पैशन 2020-विश्व संगीत प्रतियोगिता में विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- श्री ईशान घोष ने गुनरस पिया संगीत न्यास द्वारा आयोजित आभासीय संगीत समारोह में ख्याल गायकी की प्रस्तुति की।
- श्री ईशान घोष ने गुरूकुल संगीत अकादमी द्वारा आयोजित आभासीय संगीत समारोह में प्रस्तुति की।
- श्री ईशान घोष ने सुबह-ए-बनारस में पुस्तुति की।
- सुश्री बन्दना राय का सुरेश वाडेकर आजीवन अकादमी द्वारा आयोजित आभासीय विश्व प्रतियोगिता में (अगला सुपरस्टार हूँ-2020) लोक संगीत प्रतियोगिता के अन्तिम चरण में चयन।
- सुश्री सौम्या वर्मा ने आभासीय लोक संगीत प्रतियोगिता में प्रस्तुति की।
- श्री आदित्य विजय भण्डारी ने आभासीय संगीत समारोह में प्रस्तुति की।
- सुश्री अलंकृता राय ने आभासीय संगीत समारोह में प्रस्तुति की।
- सुश्री पूजा बसक ने आभासीय संगीत समारोह में प्रस्तुति की।
- सुश्री राजश्री ने द्वारा आभासीय संगीत समारोह में प्रस्तुति की।
- श्री पंकज श्रीनाथन ने सुबह-ए-बनारस में प्रस्तुति की।

वाद्य संगीत विभाग

- श्री प्रशांत मिश्र यू.जी.सी. नेट चयनित
- वाद्य संगीत विभाग द्वारा 28 जून से 8 जूलाई 2020 तक “लय-ताल प्रज्ञा प्रवाह” विषयक एक ऑनलाइ व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।
- वाद्य संगीत विभगद्वारा 6 जुलाई से 10 जुलाई 2020 तक “वायलिन स्टाईल, तकनीकि, प्रेजेंटैशन एवं अन्य संगीतिक परिचर्चा के तकनीकि प्रपेक्ष्य” विषयक एक ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।
- संगीत एवं मंच कला संकाय,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा 28 जून से 4 जूलाई 2020 तक “भारतीय संगीत में शास्त्र चिंतन के विविध आयाम” विषयक एक आनलाईन व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।
- वाद्य संगीत द्वारा 8 अगस्त से 14 अगस्त 2020 तक ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोंजन किया गया।

- वाद्यय संगीत विभाग द्वारा दिनांक 15 एवं 16 जून 2020 को “प्रस्तुतिकरण के विविध आयाम वाद्य संगीत के सन्दर्भ में” विषयक द्विदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

नृत्य विभाग

- अदिति बशाक,एम.पी.ए. कथक, यू.जी.सी.नेट 2020 में चयनित हुई
- रूद्र शंकर मिश्र,एम.पी.ए. कथक यू.जी.सी. नेट 2020 में चयनित हुए एवं जे.आर.एफ प्राप्त किया
- रूपम रघुवंशी,एम.पी.ए. भरतनाट्यम, यू.जी.सी. नेट 2020 में चयनित हुई

2.1.2.6. सामाजिक विज्ञान संकाय

सामाजिक विज्ञान संकाय शिक्षा के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित केंद्रों में से एक होने के नाते काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ताने-बाने को मजबूत करने की दिशा में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। सामाजिक विज्ञान संकाय (पूर्व में सेंट्रल हिंदू कॉलेज के कला संकाय से विभाजित) की स्थापना 1971 में हुई थी जिसमें अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र के पांच विभाग शामिल थे। इसने कई विद्वानों और शोधकर्ताओं की मेजबानी की है जिनके योगदान को दुनिया भर में मान्यता दी गई है और प्रशंसित किया गया है। अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र के पांच विषयों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षण के अलावा, संकाय ने निम्नलिखित नए केंद्रों की स्थापना करके अपने शैक्षणिक दायरे को बढ़ाया है

- एकीकृत ग्रामीण विकास केंद्र
- नेपाल के अध्ययन केंद्र
- सामाजिक बहिष्करण और समावेशी नीति अध्ययन केंद्र
- महिला अध्ययन और विकास केंद्र
- मालवीय शांति और अनुसंधान केंद्र

उपरोक्त के अतिरिक्त, निम्नलिखित 02 पीठों को भी संकाय में स्थापित किया गया है-

- पं. दीन दयाल उपाध्याय पीठ, अक्टूबर, 2017
- बी.आर. अम्बेडकर पीठ, अक्टूबर, 2017

अर्थशास्त्र विभाग

अर्थशास्त्र विभाग की स्थापना 1918 में हुई थी और यह विश्वविद्यालय के सबसे पुराने विभागों में से एक है।विभाग द्वारा बी.ए. (ऑनर्स), एम.ए. (अर्थशास्त्र में), मास्टर इन एनर्जी इकोनॉमिक्स, एम.बी.ए. इन इकोनॉमिक्स, पीएच.डी., डी. लिट आदि पाठ्यक्रमो का संचालन किया जाता हैं। पाठ्यक्रमों में लाये गए हालिया परिवर्तनों में गणित, सांख्यिकी, पर्यावरण के मुद्दे, सामाजिक क्षेत्र के मुद्दे, बैंकिंग और वित्तीय बाजार, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वित्त, अर्थशास्त्र के शिक्षण में बुनियादी ढांचे की सामग्री पर जोर दिया गया है। विभाग एक बड़ी संख्या में वैकल्पिक पेपरों में पाठ्यक्रम भी चला रहा है। पाठ्यक्रम तैयार करने में सामान्य दृष्टिकोण सिद्धांत को अनुभवजन्य अध्ययनों के साथ जोड़ना रहा है।

भूमि संबंध, ग्रामीण रोजगार, विकास केंद्र, आय वितरण के बदलते पैटर्न और गरीबी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध करने के उद्देश्य से विभाग में एक शोध इकाई 1988 से कार्य कर रही है। इस शोध इकाई में सांख्यिकीय सहायकों के दो पद हैं। विभाग द्वारा शोध के नए आयामों जैसे सार्वजनिक वित्त, अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र, कृषि अर्थशास्त्र, औद्योगिक अर्थशास्त्र, और विकास तथा योजना, आदि पर भी शोध कार्य किये जा रहे है। शैक्षणिक सत्र 2020-21 में विभाग के संकाय सदस्य पूर्व से चल रही परियोजनाओं को जारी रखने के अलावा 2 नई शोध परियोजनाओं को आकर्षित करने में सक्षम रहे हैं।

प्रकाशन

शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान विभाग के संकाय सदस्यों द्वारा 15 से अधिक शोध पत्र प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं और राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में बड़े पैमाने पर (800 से अधिक पत्र) योगदान दे रहे हैं। विभाग के शिक्षकों द्वारा प्रकाशित किए गए शोध पत्रों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया है तथा कुछ पत्रों को सेमिनारों में पृष्ठभूमि के कागजात के रूप में भी इस्तेमाल किया गया है और उन्हें पुनर्मुद्रित किया गया है। इनमे से कुछ शोध पत्रों को इंडिया न्यूज एंड फीचर अलायंस (इन्फा) ने फ्लैश भी किया है। दस्तावेज़ीकरण और अनुसंधान शाखा, अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए साप्ताहिक बुलेटिन में विभाग द्वारा प्रकाशित कुछ शोध पत्रों का सार दिखाई देता है। भारत के विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित अपने लेखों में लेखकों द्वारा इनमे से कुछ पत्रों का उल्लेख किया गया है।

छात्रों द्वारा अन्य उपलब्धियां

- 20 से अधिक छात्रों द्वारा अपनी पी,एच.डी. थीसिस शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान जमा की गयी।
- यूजीसी-नेट/जेआरएफ के लिए 15 से अधिक छात्रों ने अर्हता प्राप्त की
- विभिन्न राज्य/केंद्रीय/अनुसंधान विश्वविद्यालयों/संस्थानों में विभिन्न शैक्षणिक पदों के लिए 10 से अधिक शोधार्थियों का चयन हुआ।
- एम.ए. इकोनॉमिक्स, मास्टर इन एनर्जी इकोनॉमिक्स और बिजनेस इकोनॉमिक्स के 10 से अधिक छात्रों को विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट मिला।

इतिहास विभाग

इतिहास विभाग विश्वविद्यालय के सबसे पुराने विभागों में से एक है। भारतीय इतिहास के विभिन्न युगों के सांस्कृतिक, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक पहलुओं पर मुख्य पारंपरिक और मूलभूत पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त, यह विभाग यूरोपीय और एशियाई इतिहास पर विविध प्रकार के पाठ्यक्रम और जनजातीय इतिहास, लिंग, प्रवासी अध्ययन और समुद्री इतिहास और व्यापार पर विषयगत पाठ्यक्रम का संचालन करता है। विभाग में विज्ञान के इतिहास, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा, पर्यावरण और पारिस्थितिकी के इतिहास जैसे महत्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में अध्ययन एवं अध्यापन की शुरुआत के लिए छात्रों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इसके अलावाशोध के क्षेत्र में छात्रों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से स्नातकोत्तर स्तर पर इतिहास के सिद्धांतों और शोध पद्धतियों के भी पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं। विभाग के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की विविधता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभाग में अध्ययनरत नब्बे स्नातकोत्तर छात्रों को चार सेमेस्टर में कुल मिलाकर 49 पेपरों का अध्ययन करना होता हैं। पाठ्यक्रम को अद्यतन और प्रासंगिक बनाए रखने के लिए पाठ्यक्रम पुनरीक्षण का अभ्यास नियमित रूप से किया जाता हैं।

शिक्षण और अनुसंधान में विविधता लाने और उत्कृष्टता के नए क्षेत्रों को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय के जोर को विभाग से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। बीएचयू-आई.ओ.ई. कार्यक्रम के नए और प्रतिष्ठित माध्यम से एक संकाय सदस्य द्वारा प्रस्तावित अभिलेखीय अध्ययन के नए पाठ्यक्रम को शुरू करने की मंजूरी मिल गयी है। विभिन्न शैक्षणिक निकायों की गहन तैयारी और अनुमोदन के बाद,अभिलेखीय अध्ययन और प्रबंधन में दो वर्षीय स्पेशल एम.ए. अब छात्रों के अध्ययन के लिए तैयार है। 12 पेपरो तथा राष्ट्रीय

अभिलेखागार और एन.एम.एम.एल. जैसे पेशेवर संगठन में एक इंटर्नशिप से युक्त 64 क्रेडिट का इस पाठ्यक्रम में अभिलेखीय अध्ययन के इतिहास, सिद्धांत और अभ्यास का समागम होगा। इस कोर्स को बीएचयू के इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस प्रोग्राम के तहत अनुमोदन प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है।

विभाग के संकाय सदस्य पूर्व से चल रही परियोजनाओं को जारी रखने के अलावा 2 नई शोध परियोजनाओं को आकर्षित करने में सक्षम रहे हैं। पिछले एक साल में महत्वपूर्ण प्रकाशन हुए हैं। 5 पुस्तकें (अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन 2,और राष्ट्रीय 3) और 3 लेख प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और 11 राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। इसके अलावा,अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों में 4 और राष्ट्रीय प्रकाशनों में 2 पुस्तक अध्याय प्रकाशित हुए हैं। छात्रों और अन्य इच्छुक व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करते हुए एक अकादमिक वीडियो भी तैयार किया गया है। विभाग का एक संकाय सदस्य ग्लोबल साउथ एशियन सीरीज़ ऑफ़ द कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस का जनरल सीरीज़ एडिटर भी है।

राजनीति विज्ञान विभाग

राजनीति विज्ञान विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सबसे पुराने विभागों में से एक है। अर्थशास्त्र के साथ एक संयुक्त विभाग के रूप में स्थापित, इस विभाग को सन 1929 में एक स्वतंत्र अस्तित्व मिला। विभाग ने खुद को अकादमिक रूप से प्रतिष्ठित किया है,जो कि अतीत और वर्तमान में भी विभाग को सुशोभित करने वाले प्रख्यात राजनीतिक वैज्ञानिकों की एक आकाशगंगा द्वारा प्रमाणित होता है। वर्तमान में विभाग में 16 संकाय सदस्य और विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित 500 से अधिक छात्र-छात्राएँ हैं। विभाग राजनीति विज्ञान में बी.ए. (ऑनर्स), राजनीति विज्ञान में एम.ए., लोक प्रशासन में एम.ए. और राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन में पूर्णकालिक अनुसंधान कार्यक्रम संचालिन किया जाता है।

पुरस्कार / फैलोशिप और मान्यताएं

विभाग के विद्यार्थियों ने यूजीसी (नेट/जे.आर.एफ.) और राजीव गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप प्राप्त की है। विभाग के छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया है।

मनोविज्ञान विभाग

मनोविज्ञान विभाग,सामाजिक विज्ञान संकाय ने अप्रैल 2020 से मार्च 2021 की अवधि के दौरान शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। संज्ञान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभाग के उच्च गुणवत्ता वाले अकादमिक उत्पादन को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विभाग की एस.ए.पी.-डी.आर.एस.-I के टैग को एस.ए.पी.-डी.आर.एस.-II में उच्चीकृत कर दिया गया है।

विभाग द्वारा बी.ए. (ऑनर्स) मनोविज्ञान, एम.ए-मनोविज्ञान और मनोविज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में पी.एच.डी. के पाठ्यक्रम संचालित किये जाते है। प्रतिष्ठित प्रकाशनों में पुस्तक अध्यायों के रूप में योगदान के अलावा, विभाग के संकाय सदस्यों द्वारा प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पर्याप्त संख्या में शोध पत्र और पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं।

विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों को लगातार बढाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त विद्वानो के विशेष व्याख्यानों के आयोजन के अलावा, मूल्यांकन की अवधि के दौरान विभाग द्वारा विभिन्न सम्मेलन / वेबिनार / कार्यशालाएं आयोजित की गईं है। विभाग के छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए कई शैक्षणिक और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए देश के विभिन्न संस्थानों के विषय विशेषज्ञों को विभाग में अतिथि व्याख्याता देने के लिए आमंत्रित किया गया ताकि उन्हें मनोविज्ञान में अनुसंधान के उभरते क्षेत्रों से परिचित कराया जा सके और विषय के सैद्धांतिक पहलुओं से परे, बड़े पैमाने पर समाज के प्रति उन क्षेत्रों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के लिए उनके क्षितिज को व्यापक बनाया जा सके।।

समाजशास्त्र विभाग

सन 1966 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र को अध्ययन को एक अलग विषय के रूप में शुरू किया गया। 21 नवंबर1961 को विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद ने विभाग की स्थापना के लिए प्रस्ताव पारित किया, जिसकी सिफारिश 1962 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विजिटिंग कमेटी ने की जिसके नतीजतन, 1963 में राजनीति विज्ञान विभाग में समाजशास्त्र का शिक्षण शुरू हुआ। समाजशास्त्र विभाग अप्रैल 1966 में बीएचयू का एक स्वतंत्र और अलग विभाग बन गया।

वर्तमान में विभाग द्वारा बैचलर ऑफ आर्ट्स, मास्टर ऑफ आर्ट्स, मास्टर ऑफ आर्ट्स इन सोशल वर्क और डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी में पाठ्यक्रम संचालित किया है। यह विभाग विश्वविद्यालय के उन तीन विभागों में से एक था जिसने 1984-85 में एम.फिल. पाठ्यक्रम का अध्ययन शुरू किया। सामाजिक कार्य में एम.ए. की शिक्षा 1999 में समाजशास्त्र विभाग के तहत अध्ययन के एक विशेष पाठ्यक्रम के रूप में शुरू हुई। समाजशास्त्र विभाग में शोधार्थियों का सबसे बड़ा समूह नामांकित है जिसकी संख्या 100 से भी अधिक । वे अपराध के समाजशास्त्र, वृद्धावस्था, ग्रामीण-शहरी प्रणाली, सामाजिक परिवर्तन और विकास, लिंग, स्वास्थ्य और पेशे के समाजशास्त्र आदि जैसे विविध क्षेत्रों में सक्रिय रूप से अनुसंधान कर रहे हैं।

विभाग के संकाय सदस्यों ने विभिन्न पुस्तकों में अध्यायों के योगदान के अलावा प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पर्याप्त संख्या में शोध पत्र और पुस्तकें प्रकाशित की हैं। विभाग में विभिन्न भारतीय और विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित एक दर्जन से भी अधिक शोध परियोजनाएं चल रही हैं।

विभाग ने अपनी स्थापना के बाद से कई प्रगति की है और नई ऊंचाइयों को छुआ है। विभाग के पूरा छात्रआई.ए.एस.-संबद्ध और राज्य पी.सी.एस. और अंतर्राष्ट्रीय विकास संगठनों में चुने जाने के आलावा पंजाब विश्वविद्यालय, मिजोरम विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ बी.आर अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, रोहिलखंड विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, अवध विश्वविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, डॉ एच.एस.जी. विश्वविद्यालय, सागर, आई.आई.टी. खड़गपुर और थाईलैंड विश्वविद्यालयजैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में संकाय सदस्यों के रूप में चुने गए है। भारत और विदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में विभिन्न क्षमताओं में पूर्व छात्रों की एक प्रभावशाली संख्या ने अपनी पहचान बनाई है।

2.1.2.7. संस्कृत विद्याधर्म विज्ञान संकाय

संस्कृतभाषा विश्व की प्राचीन भाषाओं में से एक है। इसका वाग्यमय भारतीय संस्कृति के सभी अंगो की प्रामाणिक एवं व्यापक अभिव्यक्ति करता है। इस भाषा एवं इसके साहित्य के ऐतिहासिक महत्व का अनुभव करते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में संस्कृत कॉलेज (महाविद्यालय) की स्थापना सन् 1918 में हुई थी। बाद में इसी का नामान्तरण प्राच्यविद्या धर्म विज्ञान संकाय के रूप में हुआ। वर्तमान में यह संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के नाम से सुविख्यात है।

वर्तमान में इस संकाय के अन्तर्गत कुल आठ विभाग कार्यरत हैं- वेद विभाग, व्याकरण विभाग, साहित्य विभाग, ज्योतिष विभाग, वैदिकदर्शन विभाग, जैनबौद्ध दर्शन विभाग, धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग एवं धर्मागम विभाग। इन विभागों में लगभग 23 विषयों का शिक्षण होता है तथा त्रिवर्षीय (छ: सेमेस्टर) शास्त्री उपाधि और द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) आचार्य उपाधियाँ दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त सभी विषयों में उच्चकोटि के अनुसंधान की सुविधा भी उपलब्ध है जिसके माध्यम से विद्यावारिधि की उपाधि दी जाती है।

शिक्षकों एवं छात्रों के अनुसंधानपरक गंभीर लेखों के प्रकाशनार्थ “संस्कृतविद्या” नामक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन भी यह संकाय करता है। प्रकाशन की गतिविधियाँ संकाय के प्रकाशन अनुभाग के माध्यम से संचालित होती है। संकाय का पंचाग अनुभाग सन् 1926 से नियमित रूप से विश्वपंचांग का प्रकाशन कर रहा है।

संकाय के विद्ववानों द्वारा विभिन्न संगोष्ठियों में सहभागिता

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संगोंष्ठियों में इस संकाय के विद्वानों की सहभागिता रही है तथाउन्होंने व्याख्यान दियें है, जिनमें विद्वानों ने विविध सत्रों की अध्यक्षता के साथ ही शोध-पत्रों का वाचन किया है तथा व्याख्यानमालाओं में व्याख्यान प्रस्तुत कियें हैं।

वैदिक विज्ञान केन्द्र

इस केन्द्र का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा वर्ष 2017 में प्राप्त हुई थी,जिसे मूर्त रूप देने के लिए भवन का शिलान्यास (18 सितम्बर 2018) तथा भवन का उद्घाटन (16 फरवरी 2020) दोनों ही माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया है। वैदिक विज्ञान केन्द्र के द्वारा एक वर्षिय प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम का शुभारम्भ सत्र 2019-20 से ही किया जा रहा है।

केन्द्र के प्रथम चरण के भवन का निर्माण रू.11.21 करोड़ की लागत से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थित विश्वनाथ मंदिर के बगल में किया गया है। भवन में एक वृहत्तर पुस्तकालय, सात व्याख्यान कक्ष (एक 5 अत्याधुनिक एवं 2 पारम्परिक), एक संगोष्ठी कक्ष (200 व्यक्तियों के बैठने हेतु), एक सम्मेलन कक्ष (60 व्यक्तियों के बैठने हेतु) एक केन्द्रीयकृत लैब, एक वैदिक केमेस्ट्री लैब, कम्प्यूटर लैब, एक अध्यापकों हेतु लगभग 30 कक्ष, कार्यालय कक्ष, प्रकाशन कक्ष तथा समन्वयक / निदेशक कक्ष आदि है।

गतिविधियों और कार्यक्रमों की उपलब्धियाँ

केंद्र द्वारा इस सत्र में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जो इस प्रकार है –

23 से 27 सितंबर 2020 तक राष्ट्रीय वैदिक ज्ञान- विज्ञान कार्यशाला; 17 से 23 नवंबर 2020 तक "वैदिक गणित" विषयक सप्त दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार; 11 दिसंबर 2020 को "विश्व शांति के लिए वेद"विषयक एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार; 31 जनवरी 2021 को "स्मारिका" (केंद्र द्वारा संचालित कार्यक्रम का संग्रह) का विमोचन; 9 फरवरी 2021 को "वेदामृत आवलेह"का जनमानस हेतु समर्पण; 10 मार्च 2021 को वैदिक विज्ञान केन्द्र के नवनिर्मित भवन का प्रवेश पूजा का आयोजन किया गया।

प्रो. उपेन्द्र कमार त्रिपाठी, समन्वयक वैदिक विज्ञान केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को उत्तर प्रवेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ द्वारा उनके पुस्तक- वैदिक संस्कृति विमर्श हेतु डॉ. भगवान दास पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

सुश्री नेहा सिंह, वैदिक विज्ञान केन्द्र की छात्रा ने "द लार्जेस्ट स्पाईस पेन्टिंग" के तहत दिनांक 18 नवम्बर 2020 को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया

प्रो. जे.पी.एन.मिश्रा, विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ लाईफ साइंस, गुजरात सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, गुजरात; डॉ. पीयूष परीमू, असिस्टेंट प्रोफेसर दर्शनशास्त्र विभाग, चण्डीगढ विश्वविद्यालय, पंजाब; प्रो. कैलाश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय सरंक्षक, वैदिक गणित शिक्षा संस्कृति, उत्थान न्यास नई दिल्ली आदि महानिभावो का केंद्र में प्रवास हुआ।

2.1.2.8. दृश्य कला संकाय

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में सन 1950 में दृश्य कला संकाय की स्थापना की गई थी। यह भारत के प्रमुख कला संस्थानों में से एक है जहाँ एप्लाइड आर्ट, पेंटिंग, टेक्सटाइल डिज़ाइन, प्लास्टिक आर्ट (मूर्तिकला) और पोट्री सिरामिक जैसे विषयों पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किये जाते है । इसके अलावा विभाग में एक साल,छह महीने और दो महीने की अवधि के डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी चलाए जाते हैं। दृश्य कला और डिजाइन के इतिहास जैसे अनिवार्य सैधांतिक विषय, व्यावहारिक रूप से उन्मुख बी.एफ.ए. और एम.एफ.ए.पाठ्यक्रमों के पूरक हैं। संकाय सभी पांच विषयों में उत्कृष्ट डॉक्टरेट स्तर की शोध पाठ्यक्रमो का भी संचालन करता है।

उपरोक्त सभी विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करने वाले कुक ही संस्थानों में से एक होने के कारण काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के दृश्य कला संकाय भारत,सार्क देशों,उत्तरी अमेरिका और यूरोप के छात्रों को भी बड़ी संक्या में आकर्षित करता है। यह संकाय छात्रों को ऐसे पेशेवरों के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रहा है,जिनकी समाज में रचनात्मक सोच को विकसित करने महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

अध्ययन-अध्यापन एवं शोध

शैक्षणिक वर्ष 2020-21 मेंकुल 115 छात्रों को प्रथम वर्ष के बी.एफ.ए. और 98 छात्रों को एम.एफ.ए. में प्रवेश लिया। वर्तमान में विभिन्न विषयों के 52 शोधार्थी संकाय में पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में नामंकित हैं। संकाय के सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों को सन 2010 में सेमेस्टर पैटर्न में पुनर्गठित और उन्नत किया गया,जिससे पूरे देश में समकालीन कला गतिविधियों के साथ इष्टतम तालमेल हो सके। संकाय के बी.एफ.ए., एम.एफ.ए. और डॉक्टरेट स्तर के डिग्री धारकसंबंधित विभिन्न व्यवसायों में अपने भविष्य के लिए मार्ग खोजते हैं अथवा भारत और विदेशों में फ्रीलांसर पेशेवरों के रूप में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। संकाय के विद्यार्थियों ने नियमित रूप से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर प्रतिष्ठित पुरस्कार,फेलोशिप और अवार्ड प्राप्त किये हैं।

हाल ही में संकाय ने एस.पी.ए.आर.सी. (शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए योजना) आई.एम.पी.ई.आर.एस.एस. (सामाजिक विज्ञान में प्रभावशाली नीति अनुसंधान), पी.एम.एम.एम.एन.एम.टी.टी.-शिक्षक प्रशिक्षण के लिए पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन,इंस्टीट्यूट

ऑफ एमिनेंस स्कीम के तहत कुछ प्रमुख शोध परियोजनाएं प्राप्त की है। संकाय को इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस के सीड एंड फैकल्टी इंसेंटिव ग्रांट के तहत दो परियोजनाएँ प्राप्त हुई है।

डिजाइन इनोवेशन सेंटर

दृश्य कला संकाय के तत्वाधान में स्थापित डिजाइन इनोवेशन सेंटरसंभवतः भारत का एकमात्र केंद्र ऐसा केंद्र है जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी.एच.यू.), मोतीलाल नेहरू भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सहयोग से हब एंड स्पोक मॉडल के तहत दृश्य कला के लिए विशिष्ट रूप से चलाया जा रहा है।केंद्र को 435 से अधिक नवोन्मेषी प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं,जिनमें से 157 पूर्ण हो चुके हैं और 87 पेटेंट और डिजाइन पंजीकरण में प्रक्रियारत हैं। केंद्र द्वारा ग्राफिक और डिजिटल मीडिया लैब,डिजिटल इनोवेशन गैलरी,डिजाइन कैफे (प्रोटोटाइप लैब और वर्कशॉप प्लेस) विकसित किया गया है और छात्रों के बीच डिजाइन इनोवेशन कल्चर की जागरूकता और प्रचार के लिए 971 गतिविधियों का आयोजन किया गया है। डिजाइन इनोवेशन सेंटर विश्वविद्यालय में संस्थान इनोवेशन काउंसिल के नामकरण के तहत हाल ही में स्थापित केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में भी काम कर रहा है। इनोवेशन सेल नियमित आधार पर विभिन्न गतिविधियों जैसे कार्यशालाओं, ई-वार्ता और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है। केंद्र में स्थापित संस्थान इनोवेशन काउंसिल को हाल ही में 5 स्टार परफॉर्मर की सूची में शामिल किया गया है। 2020-21 मेंबीएचयू को राष्ट्रीय संस्थान के रूप में ए-लेवल पर ए.आर.आई.आई.ए. रैंकिग (एम.एच.आर.डी. द्वारा संस्थानों की नवाचार उपलब्धियों के लिए अटल रैंकिंग) में इस केंद्र को 11 वीं और 25 वीं रैंक के भीतर वर्गीकृत किया गया है।

कला मेला

कला मेला दृश्य कला संकाय की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। यह सामाजिक पहुंच और विभिन्न दृश्य कलाओं और इसकी शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। संकाय और छात्र नियमित रूप से वार्षिक कला प्रदर्शनी जैसी विविध पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लेने के अलावा इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल चैंपियनशिप में ललित कला कार्यक्रमों में और राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी प्रतिभाग करने के साथ साथ सराहनीय प्रदर्शन भी करते हैं। लगातार तीन वर्षों,यानी 2015,2016 और 2017 के लिएदृश्य कला संकाय को इंडिया टुडे-नील्सन सर्वे में भारत के शीर्ष कला संस्थानों में स्थान प्राप्त हुआ था।

सम्मान और मान्यता

संकाय सदस्य सक्रिय रूप से अनुसंधान में लगे हुए हैं और नियमित रूप से भारत और विश्व स्तर पर विभिन्न कला कार्यक्रमों में आमंत्रित किए जाते हैं। संकाय के संकाय सदस्यों और तकनीकी सहयोगियों ने राष्ट्रीय ललित कला अकादमी, राज्य ललित कला अकादमी, अखिल भारतीय ललित कला और शिल्प सोसायटी नई दिल्ली, भारत भवन बिएननेल, किची बिएननेल, बोडग गया बिएननेलके तत्वावधान में आयोजित कई कार्यक्रमों और प्रतिस्पर्धाओ में पुरस्कार जीते हैं।संकाय के संकाय सदस्यों ने इंटरनेशनल ट्राइनेले और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के फेलोशिप तथा रमन पोस्ट-डॉक्टरल फैलोशिप के आलावा तामा यूनिवर्सिटी (जापान) में विजिटिंग स्कॉलर, बफेलो विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क स्टेट यूनिवर्सिटी, मैरीलैंड इंस्टीट्यूट कॉलेज ऑफ आर्ट और मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (यू.एस.ए) में टीचिंग फेलोशिप जैसी विशिष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त की है।

2.1.3. महिला महाविद्यालय

लड़कियों में नेतृत्व कौशल विकसित करने और उन्हें समाज में आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से महिला महाविद्यालय की स्थापना 1929 में "वुमेन्स कॉलेज" के नाम से की गई थी। यह काशी हिंदू विश्वविद्यालय का एकमात्र घटक कॉलेज है।

शैक्षणिक गतिविधियां

कॉलेज 6 विषयों के 31 पाठ्यक्रमों में शिक्षण प्रदान करता है। इसके अलावायह शिक्षा,गृह विज्ञान और जैव सूचना विज्ञान के क्षेत्र में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी संचालित करता है।

यहां के शिक्षक अपने मूल विभागों से जुड़े हुए हैं और वे स्नातकोत्तर शिक्षण,अनुसंधान और कई शोध परियोजनाएं भी चलाते हैं। महाविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमो में क्रमशः 820 और 60 छात्राएँ नामांकित हैं। इस साल भी कई छात्राओं ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में मेरिट सूची में जगह बनाई है।

शैक्षणिक योगदान, उपलब्धियां और पुरस्कार

महिला महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने प्रतिष्ठित प्रकाशन गृहों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में पुस्तक अध्यायों के योगदान के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की शीर्ष पत्रिकाओं में पर्याप्त संख्या में शोध पत्र और पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

महिला महाविद्यालय द्वारामहिला सशक्तिकरण,विज्ञान और प्रौद्योगिकी,कोविड के प्रति जागरूकता,लिंग संवेदीकरण आदि पर केंद्रित कई सम्मेलन,सेमिनार,कार्यशालाएं और वेबिनार आयोजित किए गए हैं।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रख्यात विद्वानों और प्रसिद्ध शिक्षाविदों के व्याख्यानो के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा एवं शोध के अनेक आयामों से परिचित कराने और प्रबुद्ध बनाने का सार्थक प्रयास किया गया। कई संकाय सदस्यों को प्रतिष्ठित संस्थानों में विभिन्न प्रस्तुतियों के लिए आमंत्रित किया गया था और वे कई प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में निर्णायक मण्डल के हिस्सा भी बने।

परिसर विकास/नई अवसंरचना

महिला महाविद्यालय देश के उन गिने-चुने परिसरों में से है जिन्होंने बिजली व्यवस्था के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की लंबी छलांग लगाई है। परिसर में एक बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है,जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। शिक्षकों और छात्रों की सुविधा के लिए गृह विज्ञान विभाग का नवीनीकरण भी किया गया है।

2.1.4. अध्ययन केंद्र

2.1.4.1. अनुवांशिकी विकारकेंद्र

2.1.4.2. डी.एस.टी.-अंतर्विषयक गणितीय विज्ञान केंद्र

2.1.4.3. नेपाल अध्ययन केंन्द्र

2.1.4.4. महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र

2.1.4.5. मालवीय शांति अनुसन्धान केंद्र

2.1.4.6. समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र

2.1.4.7. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र

2.1.4.1. अनुवांशिकी विकार केंद्र

सन 2006 से 2011 तक जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषितअनुवांशिकी विकार केंद्र विज्ञान संस्थान में स्थापित एक केंद्र है। केंद्र की प्राथमिकता कम आनुवंशिक बोझ और रोग के बेहतर प्रबंधन के साथ एक स्वस्थ और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक समाज बनाना है। केंद्र का फोकस समुदाय पर आनुवंशिक रोगों के बोझ का अनुमान लगाना, उनके अंतर्निहित आणविक तंत्र को उजागर करना और उनके निदान,उपचार और प्रबंधन के लिए रणनीति विकसित करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, केंद्र में आनुवंशिक और जटिल विकारों पर अनुसंधान कार्यक्रम, गुणसूत्र और आनुवंशिक विकारों के लिए एक नैदानिक इकाई और अनुसंधान, निदान और प्रबंधन के लिए तकनीकी रूप से कुशल संसाधन एवं कर्मियों के उत्पादन के लिए शिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

प्रमुख अनुसंधान क्षेत्र

केंद्र आनुवंशिकी से संबंधित विभिन्न दायरों पर अनुसंधान करता है,जिसमें विभिन्न गुणसूत्र और आनुवंशिक विकारों के आनुवंशिक निदान, संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण-मानव दांत की पीड़ा के कारण को डिकोड करना, वृक्क कोशिका कार्सिनोमा का आणविक विश्लेषण, पारंपरिक आयुर्वेदिक कैंसर विरोधी गतिविधि का आकलन, औषधीय पौधों के उत्पाद या फॉर्मूलेशन, पॉलीसिस्टिक किडनी विकारों के जीनोमिक्स, पार्किंसंस रोग के विशेष संदर्भ में न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों के जेनेटिक्स, धातु मिश्र धातुओं से बने बायोकंपैटिबल डेंटल इम्प्लांट का विकास, अल्जाइमर रोग के जेनेटिक्स, टर्नर सिंड्रोम में एक्स क्रोमोसोम की आणविक साइटोजेनेटिक्स मैपिंग और मायलोप्रोलिफेरेटिव विकारों के लिए जिम्मेदार उत्परिवर्तन की पहचान पर अध्ययन, गर्भाशय फाइब्रॉएड के लिए स्टेम सेल आधारित अनुसंधान का विकास, गर्भकालीन मधुमेह आदि शामिल है।

आनुवंशिक विकारों के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए केंद्र ने पैथोलॉजी विभाग, बाल रोग और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान के साथ शैक्षणिक सहभागिता करता है।

गतिविधियों और कार्यक्रमों की उपलब्धियां

- **आनुवंशिक निदान:** डाउन सिंड्रोम, टर्नर सिंड्रोम, डी.एमडी/बीएमडी, थैलेसीमिया, बार-बार होने वाले गर्भपात, एन.टी.डी., सीएमएल आदि सहित विभिन्न विकारों के लिए 500 से अधिक संदर्भित मामलों का निदान किया गया।
- कार्यशालाओं, सम्मेलनों में शोध पत्र प्रस्तुति एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण जैसी शैक्षणिक गतिविधियाँ केंद्र द्वारा आयोजित की जाती है

छात्रों के लिए उपलब्ध अनुसंधान सुविधाएं

- डी.एन.ए., आर.एन.ए., प्रोटीन, पी.सी.आर., जीनोटाइपिंग, डी.एन.ए. अनुक्रमण आदि के विभिन्न विश्लेषणों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस बुनियादी आणविक जीवविज्ञान प्रयोगशाला।
- संपूर्ण रक्त संवर्धन, स्टेम सेल और सेल लाइनों सहित सेल कल्चर प्रयोगशाला।
- मानक साइटोजेनेटिक प्रयोगशाला जिसमें क्रोमोसोम तैयार करना, बैंडिंग, कैरियोटाइपिंग आदि सुविधाएँ शामिल हैं।
- सेंट्रीफ्यूज,जेल इलेक्ट्रोफोरेटिक उपकरण, यूवी-ट्रांसिल्यूमिनेटर, जेल-डॉक्यूमेंटेशन सिस्टम, पी.एच-मीटर, वाटर बाथ इन्क्यूबेटर, ओवन, वजन संतुलन, रेफ्रिजरेटर, -200 डिग्री सी डीप रेफ्रिजरेटर, -800 डिग्री सी डीप रेफ्रिजरेटर, कोल्ड चेंबर, थर्मल साइक्लर सहित उपकरण लैमिनार फ्लो चेंबर, फ्लोरेसेंस माइक्रोस्कोप के साथ ऑटोमेटेड कैरियोटाइप सिस्टम, लाइट माइक्रोस्कोप, इनवर्टेड माइक्रोस्कोप, इंटरनेट के साथ कंप्यूटर सिस्टम, ऑटोमेटेड डीएनए सीक्वेंसर, नैनोड्रॉप स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, हेमेटोएनालाइजर आदि उपलब्ध हैं।

2.1.4.2. डी.एस.टी.-अंतर्विषयक गणितीय विज्ञान केंद्र

डी.एस.टी-अंतर्विषयक गणितीय विज्ञान केंद्र की स्थापना सन 2007 में गणितीय विज्ञान में प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। केंद्र ने एक अनुकूल और जीवंत वातावरण में अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के निष्पादन के लिए संकायों,छात्रों और आने वाले आगन्तुको के लिए उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को विकसित करना और जोड़ना जारी रखा है। केंद्र द्वारा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम चलाये जाते है जिसमें पी.एच.डी, गणितीय विज्ञान में, एम.एस.सी-सांख्यिकी और कंप्यूटिंग, एम.एस.सी.-कम्प्यूटेशनल विज्ञान और अनुप्रयोग, एम.एस.सी-गणित और कंप्यूटिंग, शामिल है।

केंद्र में एक अलग इमारत में कक्षाओं के साथ,आधुनिक उपकरणों और कंप्यूटिंग सुविधाओं से लैस अनुसंधान प्रयोगशालाएं,संकाय सदस्यों के लिए अलग कक्ष और छात्रों के लिए विभिन्न सुविधाएं हैं।

केंद्र के संकाय सदस्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित करते हैं। पुस्तकों के प्रकाशन के अलावा, केंद्र के संकाय सदस्य और शोधार्थी विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशनों में पुस्तक अध्यायों और लेखों का पर्याप्त संख्या में योगदान दे रहे हैं। केंद्र के संकाय सदस्य और शोध छात्र भारत और विदेशों में विभिन्न सम्मेलनों और संगोष्ठियों में पत्र प्रस्तुत करते हैं।

कोविड 19 महामारी के कारण केंद्रभौतिक मोड में सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशाला आयोजित करने में सक्षम नहीं हो सका, परन्तुऑनलाइन मोड के माध्यम से केंद्र द्वारा पर्याप्त संख्या में वेबिनार आयोजित किए गए हैं।

इस शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान केंद्र के दो छात्रों को पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई है।

2.1.4.3. नेपाल अध्ययन केंद्र

नेपाल के अध्ययन केंद्र की स्थापना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सन 1976 में अपने क्षेत्रीय अध्ययन कार्यक्रम के तहत की गई थी। प्रारंभ में यह केंद्र केवल नेपाल के अध्ययन के लिए समर्पित था परन्तु समय के साथभारतीय उपमहाद्वीप को उसकी समग्रता में समझने के लिएनेपाल के अध्ययन के साथ-साथ ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र को शामिल करने के लिए अध्ययन के क्षेत्र का विस्तार किया गया। नेपाल और ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र को और अधिक व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए यह केंद्र भविष्य में अपने शैक्षणिक दायरे को पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में विस्तारित करना चाहता है।

केंद्र में एक अलग भवन है जिसमें एक अच्छी तरह से सुसज्जित कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय है जिसमें पुस्तकों,पत्रिकाओं और पत्रिकाओं की अच्छी संख्या है। सैद्धांतिक अध्ययन के अलावा, छात्रों और शोधकर्ताओं को क्षेत्रिय कार्यों में भी लगाया जाता है।

शैक्षणिक गतिविधियां और उपलब्धियां

- केंद्र "नेपाल और भारत में मानव तस्करी का विन्यास: मानव सुरक्षा बनाम राज्य सुरक्षा" विषय पर अनुसन्धान एवं एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए वित्त पोषण आकर्षित करने में सक्षम रहा है।
- सत्र 2020-21 के लिए केंद्र में दो पी.एच.डी. सीटें आवंटित की गई हैं।
- केंद्र के अधिदेशों के आधार पर विषयों पर विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार और सम्मेलन आयोजित करने के लिए केंद्र कड़ी मेहनत की जा रही है।

2.1.4.4. महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र

सन 1988 में स्थापित महिला अध्ययन और विकास केंद्र,काशी हिंदू विश्वविद्यालय,महिला अध्ययन के क्षेत्र में देश के अग्रणी केंद्रों में से एक है और तब से यह एक लिंग अनुकूल समाज विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस क्षेत्र में लैंगिक संवेदनशीलता लाने के अपने निरंतर प्रयासों के कारण केंद्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। यह औपचारिक रूप से वर्ष 1988 में यूजीसी द्वारा 7वीं पंचवर्षीय योजना के तहत स्थापित किया गया था। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारणयू.जी.सी. की विजिटिंग समिति ने सन 1997 में केंद्र को अपने संसाधन एवं नोडल केंद्रों में से एक घोषित कियाजो कि किसी भी महिला अध्ययन केंद्र को दी गई उत्कृष्टता की सर्वोच्च मान्यता है।

केंद्र ने 32 परियोजनाओं को पूरा किया है। "उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्वच्छता और स्वास्थ्य शिक्षा पर भारत-डच परियोजना" केंद्र द्वारा संचालित एक प्रमुख परियोजना रही है जिसमें 27 गांव और नौ हजार परिवार शामिल हैं। शैक्षणिक सत्र 2020-21 के दौरान केंद्र ने 20 से अधिक राष्ट्रीय संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/संवादों/विशेष व्याख्यानों/समूह-चर्चाओं आदि का आयोजन किया है। केंद्र का भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म संग्रह, पुणे के साथ शैक्षणिक सहभागिता है। फिल्मों में महिलाओं की छवियों पर चर्चा करने के अलावा, इस कार्यक्रम ने वैकल्पिक करियर के रूप में फिल्मों और फिल्म निर्माण प्रक्रिया के लिए रुचि रखने वाले छात्रों को उत्साहित किया है।

इसके अलावा,महिला मुद्दों पर नेटवर्किंग केंद्र के रूप में काम करते हुएयह केंद्र महिला अध्ययन में शिक्षण और प्रशिक्षण देने के लिए अग्रणी केंद्रों में से एक के रूप में उभरा है। केंद्र ने सितंबर 2010 में सफलतापूर्वक एक वर्षीय पी.जी. लिंग और महिला अध्ययन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया। प्रत्येक तीन सप्ताह की अवधि में केंद्र द्वारा अब तकमहिला अध्ययन के क्षेत्र में लगभग 20 यू.जी.सी. पुनश्चर्या पाठ्यक्रमआयोजित किए गए हैं और इस प्रकार महिला-अध्ययन में 700 से अधिक शिक्षकों कोशिक्षित भी किया गया है। इसके अलावा,केंद्र ने शोधार्थियों,गैर सरकारी संगठनों,प्रशासकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए महिला अध्ययन में 18 अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित किए हैं। यह बड़े गर्व की बात है कि अब तक इसने 550 से अधिक शोधार्थियों को महिला अध्ययन में प्रशिक्षित किया गया है। इन अभिविन्यास पाठ्यक्रमों का सबसे नवीन पहलू यह है कि व्याख्यान देने के लिए पूरे भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबंधित विभिन्न विषयों के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है। भाग लेने वाले शोधार्थी सामाजिक विज्ञान से लेकर मानविकी, विज्ञान, कृषि, विधि, चिकित्सा, वाणिज्य, प्रबंधन आदि विभिन्न विषयों से संबंधित हैं।

विश्वविद्यालयों के उच्च प्रशासन में अधिक से अधिक महिलाओं भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र ने अन्य महिला अध्ययन केंद्रों, गैर सरकारी संगठनों और उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ एक समृद्ध नेटवर्किंग स्थापित की है।

केंद्र के पास आउटरीच गतिविधियों का एक समृद्ध इतिहास भी है। केंद्र वाराणसी जिले के निर्वाचित ग्राम-पंचायत नेताओं के साथ बैठकें आयोजित करता है और वाराणसी जिले की ग्रामीण महिलाओं के साथ लिंग संवेदीकरण कार्यशालाओं का भी आयोजन करता है। केंद्र वाराणसी जिले में विभिन्न स्तरों पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों, कानूनी साक्षरता जागरूकता कार्यक्रमों, सुरक्षित पेयजल, पर्यावरण और स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने वाले शिविरों का आयोजन करता है।

ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण के लिए केंद्र अपनी आउटरीच गतिविधियों के एक हिस्से के रूप में अमरा गांव में एक “सिलाई प्रशिक्षण केंद्र” चलाता है। ग्रामीण आबादी के बीच स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने के लिए, केंद्र नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करता है। महिला अदालत एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं और संकाय सदस्यों, गैर सरकारी संगठनों और विद्यार्थियों के साथ अकादमिक बैठक जैसे आयोजनों के माध्यम से केंद्र की उपस्थिति को भी महसूस किया गया है।

केंद्र ने 2012 में अपने जर्नल “जर्नल ऑफ जेंडर एंड जस्टिस” का पहला अंक सफलतापूर्वक लाया था। इसने अब तक हिंदी में एक प्रश्न पुस्तक, 32 परियोजना रिपोर्ट और विभिन्न अभिविन्यास पाठ्यक्रमों,पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और राष्ट्रीय संगोष्ठियों की लगभग 49 कार्यवाही तैयार की है। विभिन्न स्तरों पर क्लस्टरिंग के लिए केंद्र के प्रयासों ने अन्य विभागों के लिए एक मिसाल कायम की है। यह अब तक तीन स्तरों पर समूहित हो चुका है: (1) बीएचयू के अन्य सहयोगी विभागों के साथ (2) वाराणसी के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों जैसे सोशल एक्शन एंड रिसर्च कमेटी, वर्ल्ड लिटरेसी ऑफ कनाडा,यू.पी. स्वयंसेवी स्वास्थ्य संघ,श्री. शंभू नाथ रिसर्च फाउंडेशन और महिला समाख्याके साथ (3) आर्य महिला डिग्री कॉलेज,वाराणसी में अपनी शाखा “तेजस्विनी” के साथ।

केंद्र अपनी संरचनात्मक सुविधाओं में समृद्ध है। इसमें इंटरनेट सुविधा के साथ एक अच्छी तरह से सुसज्जित पुस्तकालय,पुस्तकालय सह संगोष्ठी हॉल आदि है।

केंद्र में 2020-2021 सत्र के दौरान एक वर्ष के लिंग और महिला अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 29 छात्रों को प्रवेश दिया गया। । केंद्र में 6 विद्यार्थी पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में भी नामांकित है। महिला अध्ययन और विकास केंद्र एक ऐसा सक्रिय केंद्र रहा है, जो महिला अध्ययन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का संचालन करता है। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

- 18 जून 2020 को “कोविड-19:समावेशी समाज को विकसित/डिजाइन करने का अवसर” विषयक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया
- क्रमशः 18 जून, 22 जून और 27 जून 2020 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्वाधान में तीन वेबिनार का आयोजन किया गया, जिनके नाम है “कोविड-19: एक समावेशी समाज को विकसित/डिजाइन करने का अवसर”; “कोविड-19:महिलाओं के स्वास्थ्य में योग और संगीत की प्रासंगिकता” और “कोविड-19: महिलाओं के खिलाफ हिंसा: मान्यता,रोकथाम और प्रतिक्रिया”
- उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, सरकार के निर्देश के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के सहयोग से “कोविड-19:एक समावेशी समाज को विकसित / डिजाइन करने का अवसर”विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।
- 22 जून 2020 को “कोविड-19: महिलाओं के स्वास्थ्य में योग और संगीत की प्रासंगिकता" नगेपोबोक एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया
- 27 जून 2020 को "कोविड-19: महिलाओं के खिलाफ हिंसा: मान्यता, रोकथाम और प्रतिक्रिया" विषयक एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया
- 16-23 जुलाई 2020 के दौरान "कोविड-19 के प्रति लैंगिक संवेदनशील प्रतिक्रिया" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया
- 12-13 जनवरी 2021 के दौरान "हिंसा के दायरे से परे: एक लिंग अनुकूल समाज की ओर" विषय पर दो दिवसीय वेब व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन
- 22 फरवरी 2021 को "ग्रामीण गांव में लड़कियों और महिलाओं को आमरा (उत्तर प्रदेश) से सबक" विषय पर एक दिवसीय जागरूकता क्षेत्र का दौरा किया।
- 08 मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया और "महिला स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता" नामक एक वेबिनार का आयोजन किया

विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं

केंद्र विद्यार्थियों के लिए कई सुविधाएं प्रदान करता है जिसमें महिलाओं के अध्ययन पर दस्तावेज़ीकरण, अभिविन्यास पाठ्यक्रम और कार्यशालाओं के माध्यम से समय-समय पर प्रशिक्षण, विस्तार गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी, महिलाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर परामर्श की सुविधाएं, पुस्तकालय में इंटरनेट की सुविधा आदि शामिल है।

2.1.4.5. मालवीय शांति अनुसंधान केंद्र

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की आठवीं पंचवर्षीय योजना में संस्तुत मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र (एम.सी.पी.आर) की स्थापना वर्ष 1988 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अन्तर्गत एक स्वतन्त्र,अर्न्तवैषयिक केन्द्र के रुप में समाज विज्ञान संकाय के अन्तर्गत की गई। मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने कुछ ही समयान्तराल में अपने विकास से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर ली है। एक अर्न्तवैषयिक केन्द्र होने के कारण मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र विभिन्न विषयों के विद्वानो को शोध का अवसर प्रदान करता है एवं राजनीतिज्ञों,प्रशासनिक अधिकारियों तथा राजनयिकों,गैर सरकारी संस्थाओं एवं अन्य जो संघर्षो के निवारण में कार्यरत है, के लिए महत्वपूर्ण विचार स्थली बन गया है। यह केंद्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दोनों ही प्रकार के संघर्षो के विश्लेषण एवं समाधान के लिए शोधरत है।

केंद्र का एक प्रमुख उद्देश्य है- गोष्ठियां, वाद-संवाद एवं कार्यशालाओं का आयोजन करना। केंद्र के स्थापना काल से ही अनेक राजनीतिज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी एवं राजनयिक, गैर सरकारी संस्थाओं के सदस्य, शोध छात्र एवं छात्राएं, शिक्षकगण एवं समाजसेवक केन्द्र की इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेते रहे हैं। इस प्रकार की गोष्ठियां,परिचर्चा एवं कार्यशाला केन्द्र की संघर्ष विषयक सूचनाओं एवं शोध के लिए आकड़ों को विस्तृत करने में मददगार सिद्ध हुई हैं। गोष्ठियों, परिचर्चाओं एवं कार्यशालाओं से प्राप्त जानकारियों का केन्द्र के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य में उपयोग किया जाता रहा है।

बौद्धिक गतिविधियों के एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उत्तर भारत में स्थापित मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र,भारत तथा विश्व के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन केन्द्र के रूप में सेवारत है। मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र का समाज विज्ञान संकाय में होना तथा संकाय के शिक्षकगणों का शान्ति अध्ययन के प्रति रुझान केंद्र के विकास का एक प्रमुख कारण रहा है एवं यह संकाय के छात्रों एवं शोधार्थियों को शान्ति अध्ययन संबंधी एक नवीन आयाम प्रदान करता रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय संस्थानिक सहयोग

- यूनेस्को,पेरिस द्वारा केन्द्र में प्रतिष्ठित यूनेस्को शांति एवं अन्तर-सांस्कृतिक सहमति पीठ की स्थापना 2010 में की गयी।
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने गाँधी स्मृति एवं दर्शन समिति,संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के साथ शैक्षणिक एवं शोध कार्य में सहयोग हेतु सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है।
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने टोनी ब्लेयर फेथ फाउण्डेशन,यू.के. के साथ शैक्षणिक एवं शोध कार्य में सहयोग हेतु सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है।
- केन्द्र ने इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट,नार्वे के साथ शैक्षणिक एवं शोध कार्य में सहयोग हेतु सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया है।
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आदेश पत्र द्वारा स्थापित यूनिवर्सिटी फार पीस,कोस्टा रिका के साथ शांति अध्ययन के क्षेत्र में नये पाठ्यक्रम एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में सह-शिक्षण की नयी तकनीकी के विकास के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है।
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने कार्लस्टाड विश्वविद्यालय,स्वीडेन;वेलज़ली कालेज,अमेरिकाएवं त्रिभुवन विश्वविद्यालय,नेपाल के साथ संस्थानिक सहयोग के लिए समझौता किया है।
- सन् 2006 से ही संयुक्त राज्य अमेरिका-भारत शैक्षणिक फांउडेशन,नई दिल्ली से संयुक्त राज्य अमेरिका से फुलब्राइट प्रोफेसर एवं स्कॉलर केन्द्र में अध्यापन एवं शोध कार्य हेतु आते रहे है।

मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र ने एम.ओ.ओ.सी कार्यक्रम के अर्न्तगत 4 क्रेडिट के एक आनलाइन पाठ्यक्रम“ धर्म, संघर्ष एवं वैश्विकरण” की शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम धार्मिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, शांति कार्यकर्ताओं एवं सामुदायिक विकास से जुड़ी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। यह नवोन्मेषी पाठ्यक्रम धार्मिक एवं अन्तर सांस्कृतिक सहमति को संघर्ष समाधान के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उपयोग करने की संभावनाओं पर प्रकाश डालता है।

2.1.4.6. समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र

भारत सरकार द्वारा 1979 में शुरू किए गए समन्वित ग्रामीण विकास के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुक्रम में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एक समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र की स्थापना 1980 में की गई थी। केंद्र अंतर-संगठनात्मक सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है और भारत और विदेश में ग्रामीण विकास से संबंधित संगठनों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए काम करता है। यह केंद्र काशी हिंदू विश्वविद्यालय की एक मान्यता प्राप्त इकाई है और विश्वविद्यालय के अन्य संबंधित विभागों के संयोजन के साथ सामाजिक विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित होता है।

एक आदर्श गांव का विकास

उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री वी.पी.सिंह के आवाहन पर केंद्र ने भीसमपुर (चकिया प्रखंड) को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने का कार्यभार संभाला। केंद्र में आगामी दो वर्षों की अवधि अर्थात 1982-84 के दौरान कई विकासात्मक गतिविधियाँ कार्यान्वित की गईं।

केंद्र, काशी विद्यापीठ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों और विश्वविद्यालाय परिसर के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के लिए सिलाई,काटाई और बुनाई के कौशल सीखने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमे सुबह 10 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक और दोपहर 2.00 बजे शाम 5.00 बजे तक दो पालियों में विभिन्न गांवों और विश्वविद्यालय परिसर से 40 से अधिक महिलाएं नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने आती हैं।

केंद्र आई.आर.डी.एम. में दो वर्षीय एम.ए.पाठ्यक्रम का संचालन करता है,जो सामाजिक विज्ञान संकाय के तहत केंद्र का एक स्व-वित्तपोषित कार्यक्रम है। विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानो एवं संकायों जैसे आई.आई.टी. (बी.एच.यू.), चिकित्सा विज्ञान संस्थान, कृषि विज्ञान संस्थान, विज्ञान संस्थान और सामाजिक विज्ञान संकाय, के संकाय सदस्य नियमित रूप से केंद्र में संचालित सम्बन्षित पाठ्यक्रम पढ़ाते हैं जिनमें समाज और राजनीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, ग्रामीण स्वास्थ्य, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और प्रबंधन शामिल हैं। शैक्षणिक सत्र 2020-2021 के लिए चालीस (40) छात्रों का नामांकन किया गया है।

2.1.4.7. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र

सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र की स्थापना वर्ष 2008 में ग्यारहवीं पंचयोजना के तहत की गई थी। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारतीय समाज में सामाजिक बहिष्कार का अध्ययन करने और अधिक समावेशी समाज के निर्माण के लिए नीति-निर्माण से परिचित कराने के उद्देश्य से खोले गए 35 केंद्रों में से एक था। यह केंद्र देश के उन कुछ केंद्रों में से एक रहा है जिसने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में केंद्र को जारी रखने के अपने प्रस्ताव का सफलतापूर्वक बचाव किया और इसके अनुदान को जारी रखने के लिए अनुमोदन प्राप्त किया। स्थापना के बाद से,केंद्र पीएच.डी. और एम.फिल. पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। सम्मेलनों / सेमिनारों / संगोष्ठियों / विशेष व्याख्यानों आदि के आयोजन करने जैसी अकादमिक गतिविधियों में लगातार संलग्न होने के अलावा, केंद्र ने उन्नत अनुसंधान और संवाद के लिए एक अंतःविषयक स्थान प्रदान किया हैऔर विचारों के क्रॉस-फर्टिलाइजेशन के लिए भी मंच प्रदान किया है।

केंद्र का दृष्टिकोण

केंद्र शैक्षणिक रूप से निम्न विषयों पर केन्द्रित है :

अभाव की बहुआयामीता, वे प्रक्रियाएँ जिनके माध्यम से व्यक्तियों या समूहों को बाहर रखा जाता है; सामाजिक अभिनेताओं और एजेंटों की पहचान करना; राज्य, स्थानीय अधिकारियों, धार्मिक निकायों, स्थानीय अभिजात वर्ग, बाजार आदि से संबंधित जो शामिल है और बाहर है; अभाव की संबंधपरक जड़ें; कई नुकसानों का अंतर्विरोध और इससे निकलने वाली गतिशीलताऔर ढांचा जो विशेष रूप से कार्रवाई के लिए तैयार किया गया है आदि।

अतः इस प्रकार यह केंद्र, नीति निर्माताओं को नीति निर्माण की प्रक्रिया से परिचित कराने की दिशा में एक दृष्टिकोण प्रदान करता है जिसके माध्यम से अभाव की बहुआयामीता और नुकसान की प्रतिच्छेदन दिखाई देती है। इस प्रकार यह केंद्र नुकसान और सामाजिक अन्याय के खिलाफ पुनर्निर्माण के लिए एक गतिशील ढांचा प्रदान करता है।

टीचिंग लर्निंग एंड रिसर्च

- केंद्र जाति, जनजाति, लिंग, विकलांगता, धर्म, कला, साहित्य और मीडिया से संबंधित भेदभाव और बहिष्करण के असंख्य रूपों की प्रकृति और गतिशीलता के अध्ययन के साथ साथ समावेशी नीति के संबंध में इसके विभिन्न आयामों अर्थात संवैधानिक, कानूनी, सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से सामाजिक बहिष्करण और समावेशी नीति में एम.ए. कार्यक्रम का संचालन करता है।
- सामाजिक बहिष्कार और समावेशी नीति के क्षेत्र में सैद्धांतिक और पद्धतिगत दृष्टिकोणों की ओर उम्मीदवारों को उन्मुख करने के उद्देश्य से केंद्र सबाल्टर्न स्टडीज में पीएच.डी. और एम. फिल (सबाल्टर्न स्टडीज) कार्यक्रम चलाता है।
- सैद्धांतिक और औपचारिक समझ के अलावापूर्वोक्त क्षेत्र में अनुभवजन्य शोधों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र पी.एच.डी. पाठ्यक्रम भी संचालित करता है।

2.1.5. स्कूल

2.1.5.1. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल

2.1.5.2. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल

2.1.5.3. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

2.1.5.1. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज़ स्कूल

सर्वज्ञान प्रकाशित काशी में 7 जुलाई 1898 को भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू धर्म से अभिभूत होकर इंग्लैंड में जन्मी डॉ. एनी बेसेंट ने आधुनिक शिक्षा के साथ आध्यात्मिक शिक्षा हेतु सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल की स्थपाना की। 30 मार्च 1914 को विद्यालय की भूमि, भवन और निधि, युगानिर्मता भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को समर्पित कर दिया तथा महामना जी से यह वचन लिया कि इस विद्यालय का पोषण एवं संवर्धन महामना जी द्वारा स्थापित किये जा रहे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा सदैव होता रहेगा। यह विद्यालय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की मातृसंस्था के रूप में अपनी स्थापना के 123 वर्ष पूर्ण कर विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्धि को प्राप्त कर रहा है।वर्तमान में यह विद्यालय प्रशासनिक दृष्टि से विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग है और यह सी.बी.एस.ई. से संबद्ध है।

सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल में, प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक प्रवेश परीक्षा के तर्ज पर आयोजित स्कूल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से उनके मेरिट इंडेक्स के आधार पर कक्षा 6, 9 एवं 11में प्रवेश दिया जाता है। सेंट्रल हिंदू बॉयज स्कूल में ही हजारों छात्र प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर का द्योतक है। विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर, बरकछा, मिर्जापुर में स्कूल का एक प्राथमिक खंड भी संचालित होता है जहां नर्सरी से कक्षा-5तक की कक्षाएं चलती हैं। वर्तमान सत्र में स्कूल के कमच्छा परिसर में माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं में कुल 1996 छात्रों का पंजीकरण हुआ है, वहीं स्कूल के बारकछा परिसर में पंजीकृत छात्रों की संख्या 186 रही।

स्कूल विज्ञान,कला और वाणिज्य संबर्ग के सभी विषयों जैसे गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि, संगीत, कंप्यूटर, शारीरिक शिक्षा, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, भूगोल, अर्थव्यवस्था, इतिहास, लेखा, व्यवसाय, हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी आदि में शिक्षा प्रदान करता है। स्कूल में माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान मनोविज्ञान, कृषि, कंप्यूटर, भूगोल और गणित की सुसज्जित प्रयोगशालाएँ भी हैं।

स्कूल में उपलब्ध सुविधाएं

1921 में स्थापित, स्कूल में एक भव्य पुस्तकालय है जिसका नाम तेलंग पुस्तकालय है,इसमें छात्रों के लिए विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की नियमित सदस्यता के साथ लगभग 40,000 पुस्तकें हैं। स्कूल परिसर में ही एक छात्रावास भी है जिसमें दूर-दूराज के क्षेत्रों से आये कुल 100 छात्रों को उनके योग्यता सूचकांक के आधार पर छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाती है।

विश्वविद्यालय द्वारा स्कूल परिसर में एक स्वास्थ्य केंद्र भी चलाया जाता है जहां छात्रों और कर्मचारियों दोनों के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। स्कूल में कैंटीन और वाहन स्टैंड की भी सुविधा है। स्कूल के गरीब और मेधावी छात्रों की सहायता के लिए विद्यार्थी सहायक सभा और छात्र कल्याण कोष की स्थापना की गई है। जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता, पुस्तकें और वर्दी प्रदान की जाती हैं।

सह पाठ्यक्रम गतिविधियां

छात्रों के बीच अखंडता,राष्ट्र और समाज की सेवा को बढ़ावा देने के लिएएन.सी.सी. की चार शाखाएं स्कूल में कार्यरत हैं। आर्मी एन.सी.सी. (जूनियर) के दो डिवीजन हैं.आर्मी एन.सी.सी. (सीनियर) की एक प्लाटून और एयर एन.सी.सी.का एक जूनियर विंग है।

छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की वार्षिक पत्रिका “सृजन” प्रकाशित होती है।

उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धियां

- स्कूल की दसवीं कक्षा की सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा- 2020 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बोर्ड परीक्षा में कुल 277 छात्र उपस्थित हुए थे। मयंक कुशवाहा 99% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बने। जयेश भारद्वाज ने 98.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रवि रंजन कुमार ने 98.40% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।
- स्कूल के कुल 19 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100% अंक हासिल किए और सीबीएसई परीक्षा -2020 की, जिन्हें 0.1 मेरिट श्रेणी के तहत सी.बी.एस.ई. द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया। छात्रों के नाम इस प्रकार हैं : गणित- अनूप सिंह, प्रतीक मिश्रा, सत्यम पटेल, वात्सल्य सिंह और गिरीश कुमार; अंग्रेजी- विवेक कुमार, आयुष राज, जयेश भारद्वाज, मयंक कुशवाहा, विवेक दुबे, आर्यन राज परमार, अभिनव आनंद और सौरभ नंदन; संस्कृत- रमाकांत शर्मा, रमन शर्मा और संजीव कुमार; विज्ञान- आशुतोष चतुर्वेदी और रवि रंजन कुमार; सामाजिक विज्ञान- अंकेश कुमार।
- दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में कुल 108 छात्रों ने अंग्रेजी में, 84 छात्रों ने हिंदी में, 116 छात्रों ने गणित में, 76 छात्रों ने विज्ञान में और 175 छात्रों ने सामाजिक विज्ञान में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए।
- बारहवीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा- 2020 का परिणाम 98.04% रहा। बोर्ड परीक्षा में कुल 418 छात्र शामिल हुए। संदीप कुशवाहा (आर्ट्स स्ट्रीम) 97.40% अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बने। शशांक कुमार (साइंस ग्रुप) ने 96.60% अंक प्राप्त कर दूसरा और नवल प्रीत सिंह (कॉमर्स स्ट्रीम) ने 95.20% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- कक्षा 6,7,8,9 और 11 की स्कूल होम परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की संख्या 1285 थी। कक्षा 6 में स्कूल टॉपर बने- शिवम यादव-92.92%,कक्षा 7 मेंटॉपर बने- कुमार दिव्यांश- 93.14%;कक्षा 8 में टॉपर बने- हरिओम- 98.42%;कक्षा 9 में टॉपर बने(i) आदर्श सिंह-96.16%; (ii) आर्यन मौर्य-96.16%; कक्षा 11 में टॉपर बनेरमन शर्मा- 93.80%, अभिषेक सिंह- 90%; विश्वास गिरी-92.83%,रक्षित सिन्हा- 94.50%।

- स्कूल के छह छात्रों (दिलीप कुमार,वैभव विश्वकर्मा,आदित्य सिंह,अमित कुमार,हर्ष जायसवाल और अभिषेक कुमार) का जे.ई.ई.-2020 की प्रतिष्ठित परीक्षा में अच्छी योग्यता के साथ चयन हुआ। सचिन प्रसाद गौंड और शिवम कुमार ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा-एन.इ.इ.टी में क्वालीफाई किया।
30.	रिपोर्टिंग रजिस्टर ऑफ यू.ए.आई. टी.आर. सी. आई. एम. एस.	60 रजिस्टर	पृष्ठ 500
31.	एक्सरे मेन रजिस्टर- रेडियोलॉजी	203	पृष्ठ 100
32.	दैनिक वितरण सूची, यू.डब्लू.डी.	500 किताब	पृष्ठ 3
33.	सहमति पत्र	10000	
34.	ह्यूमैटोलॉजी प्रोफार्मा, आई.एम.एस.	500 प्रतियाँ	पृष्ठ 6+कवर
35.	फीस एवं उपस्थिति पंजिका, से हि. ब्याज स्कूल	150 रजिस्टर	
36.	यूरिन एवं रिपोर्टिंग रजिस्टर, सी.सी.आई.	24	पृष्ठ 300
37.	आडियोग्राम प्रोफार्मा, ई.एन.टी.	110पैड	पृष्ठ 100
38.	ट्रेड बिल रजिस्टर, आई.आई.टी.	30	पृष्ठ 200
39.	पर्यावरण दिग्दर्शिका पुस्तक	1000	240+कवर
40.	ट्रेनिंग डायरी, टी.पी.ओ., आई.आई.टी.	500 पैड	पृष्ठ 20
41.	जॉब शीट इ. डब्लू. एस.एस.	15000	पृष्ठ 1
42.	फोलोअप चार्ट नुरोलॉजी	10000	पृष्ठ 1
43.	स्टूडेंट डायरी (राजीव गाँधी साउथ कैंपस)	500 प्रतियाँ	पृष्ठ 44
44.	इ.सी.जी. रिपोर्ट (न्यूरोलोजी)	10000	1 पृष्ठ
45.	पेपर टैंग	30000	
46.	बनारस लॉ जर्नल भाग 47-48	300	198
47.	पेंशन एवं ग्रेच्युटी रजिस्टर	40रजि.	पृष्ठ4
48.	डोजर फॉर्म, साइंस	6000	पृष्ठ2
49.	हिस्ट्री शीट, आर.टी.आर.एम.	2500	पृष्ठ६
50.	फीस रसीद गर्ल्स स्कूल डुप्लीकेट	114	2पृष्ठ
51.	लिफाफा	50000	
52.	ओ.पी.डी. फोलोअप बुकलेट, नेफ्रोलोजी	50000प्रतिया	16 पृष्ठ
53.	शर्टिफिकेट, रा. सेवा योजना	1,010	1
54.	रोगी फाइल, आर.टी.आर.एम.	2,000	2पृष्ठ
55.	स्टेटमेंट ऑफ फॅमिली मेंम्बेर्स. एल.टी.सी.	5000	6पृष्ठ
56.	ओ.पी.डी. प्रेस्क्रिप्सन स्लिप, वि.वि.स्वास्थ्य केन्द्र	2 लाख	
57.	ओ.टी. रजिस्टर, एस.एस.एच.	100	200पृष्ठ
58.	वार्ड डायरी, एस.एस.एच.	100	400
59.	ओ.पी.डी. रजिस्टर, एस.एस.एच.	100	400
60.	जाँच फॉर्म, एस.एस.एच.	15 लाख	
61.	फोलोअप बुकलेट, एस.एस.एच.	5,000	12पृष्ठ
62.	एच. आई.वी. टेस्ट रिपोर्ट पैथोलोजी	40,000	2
63.	बस कार्ड सी.एच.एस. (गर्ल्स)	1000	4
64.	एस.एस.एच. एवं ट्रामा सेन्टर के विविध प्रकार के फॉर्म	50 लाख	
65.	टेस्ट रिपोर्ट फॉर्म	60,000	2
66.	कलर डॉप्लेर	5000	2
67.	अल्ट्रा सोनोग्राम रिपोर्ट फॉर्म	5000	2
68.	एम.आर.आई.एपोइन्टमेन्ट फॉर्म	10,000	2
69.	2 डी कलर डॉप्लेर	20,000	2
70.	हिस्टोपथोलॉजी रिपोर्ट रजिस्टर	50	
71.	एच.आई.वी.रिपोर्ट फॉर्म	20,000	1
72.	आई.सी.टी.सी. रेक्वेजिसन फॉर्म	10,000	1

73.	रिपोर्टिंग रजिस्टर फॉर इन्वेस्टीगेशन	10,000	
74.	पी.आई.डी. रजिस्टर आई.सी.टी.सी.	20 रजि.	
75.	पी.सी.आर. रिपोर्ट फॉर्म	5000	1
76.	टी.वी. फोर्मेट	5000	1
77.	प्रास्थेटिक वाल्व क्लिनिक	400	8
78.	प्रश्नोत्तरी ब्लड बैक	25,000	4
79.	योग डिप्लोमा फॉर्म	10,000	2
80.	एग्रीमेंट फॉर्म	2000	
81.	ई.डब्लू.एल. सर्टिफिकेट	500	
82.	एम.डी.ए.वाई./एम.एस.ए.वाई. परीक्षा फॉर्म	1000	8
83.	सहमति पत्र	101 पैड	1

स्टोर

1.	ए. आर. १	7000 बुक	डुप्लीकेट
2.	ए. आर. २	500 बुक	ट्रिपलीकेट
3.	ए. आर. ३ए	500	2 पेज
4.	ए. आर. ४	300	
5.	इम्प्रेस्ट रजिस्टर	500	
6.	सेलरी बिल फॉर्म	10,000	
7.	सेलरी बिल रजिस्टर	40	
8.	स्टॉक बुक १०० पेज, २०० पेज, ४०० पेज	1,500	
9.	परचेज रजिस्टर	500	
10.	स्टूडेंट अटेन्डेंस शीट	20,000	
11.	स्टूडेंट अटेनडेंस कवर	8000	
12.	उपस्थिति पंजिका	2000	
13.	प्यून बुक	1,000	
14.	डिस्पैच रजिस्टर	500	
15.	इनर्वड रजिस्टर	500	
16.	हास्टल एलाटमेंट रजिस्टर	100	
17.	ड्राइवर कार डायरी	100	
18.	ए.पी.ए.आर.फॉर्म	2000	8 पृष्ठ
19.	ए.सी.आर.फॉर्म १-७	7000	12 पृष्ठ
20.	ए.आर.३७	10,000	1पेज
21.	मास्टर रोल	5000	
22.	इशू स्लिप	500	
23.	लीव इप्लीकेशन फॉर्म	25,000	

ट्रामा सेन्टर

1	ओ.पी.डी.स्लिप	1,000	4 पृष्ठ
2	जाँच फार्म	200,000	
3	ड्रग स्लिप	200,000	
4	डॉक्टर्स ऑडर	140,000	
5	नर्सेज डेली रिकॉर्ड	1,50,000	
6	केस समरी एण्ड डिस्चार्ज स्लिप	1,50,000	
7	एडमिशन रजिस्टर	50रजिस्टर	400पैड

8	इमरजेंसी रजिस्टर	50रजिस्टर	400पैड
9	ओ.पी.डी. रजिस्टर	50रजिस्टर	400पैड
10	ट्रामा सेन्टर ब्लड बैंक रजिस्टर	50रजिस्टर	200पैड
11	ओ.टी. रजिस्टर	30रजिस्टर	200पैड
12	रीक्यूजेशन फार्म फॉर ब्लड बैक	100पैड	100पैड
13	एम.आर.आई.रीक्यूजेशन फार्म	20पैड	50पैड
14	एम.आर.आई.अपोइन्टमेंट स्लिप	20पैड	50पैड
15	कोम्पेक्टब्लीटी रिपोर्ट फार्म	100पैड	200पैड

9.10. विद्युत एवं जल आपूर्ति सेवाएं

मुख्य परिसर	
1.	01 No. 33/11KV 12MVA पावर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया।
2.	एम.सी.एच. भवन को ऊर्जीकृत किया गया।
3.	200 फ्लैट में विद्युत आपूर्ति हेतु संयोजन किया गया।
4.	80 फ्लैट में विद्युत आपूर्ति हेतु संयोजन किया गया।
5.	02 नये ट्यूबवेल का निर्माण कराया गया।
6.	आरआईओचिकित्सा भवन में विद्युत आपूर्ति हेतु संयोजन किया गया।
7.	कमच्छा संकुल में 169 KWp roof top सोलर पावर के तहत उर्जीकृत किया गया।
राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मिर्जापुर	
1.	1.6 एमवीए ट्रान्सफार्मर की जगह 5 एमवीए ट्रान्सफार्मर को लगाकर उर्जीकृत किया गया।
2.	1.2 एमडब्लूपी सोलन पावर प्रोजेक्ट के तहत उर्जीकृत किया गया।

9.11. अनुरक्षण (भवन एवं उपकरण)

‘‘विश्वविद्यालय निर्माण विभाग’’ का गठन विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से ही किया गया है। यह विश्वविद्यालय स्थित समस्त भवनों की वार्षिक मरम्मत के साथ-साथ, सड़क, मल एवं जल निकासी की लाइनों का अनुरक्षण, बरसाती पानी की निकासी नालों का निर्माण एवं पुराने नालों की मरम्मत, सफाई इत्यादि के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों, संकायों, विश्वविद्यालय की बाहरी चहारदीवारी एवं आंतरिक चहारदीवारी का निर्माण एवं अनुरक्षण का भी कार्य करता है। साथ ही साथ विश्वविद्यालय के चिरईगाँव, नरायनपुर एवं टिकरी स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का अनुरक्षण कार्य सम्पादित करता है। विश्वविद्यालय के राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मीरजापुर के भवनों की मरम्मत तथा नवीन भवनों, सड़क, सीवर, चहारदीवारी इत्यादि का निर्माण कार्य भी सम्पादित करता है। विभाग मुख्य परिसर एवं राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मीरजापुर में स्वीकृत नवीन भवनों का निर्माण कार्य भी अपने स्तर पर तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार के उपक्रमों द्वारा सम्पादित कराता है। विभाग विभिन्न मदों में स्वीकृत अतिरिक्त निर्माण कार्य, भवनों के नवीनीकरण के कार्य के साथ-साथ विशेष मरम्मत का कार्य भी करता है। विभाग आंतरिक साज-सज्जा, योजना निर्माण के साथ-साथ विभिन्न छात्रावासों, विभागों, संकायों, अस्पतालों के लिये फर्नीचर के खरीद, निर्माण एवं मरम्मत का भी कार्य करता है।

विश्वविद्यालय निर्माण विभाग, विश्वविद्यालय के सभी मुख्य राष्ट्रीय पर्व- जैसे गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस एवं गाँधी जयन्ती के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न आयोजनों जैसे विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह, सरस्वती पूजन समारोह, कृष्ण जन्माष्टमी समारोह के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों, संकायों, महाविद्यालय, विद्यालयों एवं छात्रावासों के वार्षिक समारोहों तथा स्थापना समारोहों में भी व्यापक भूमिका निभाता है। यह विभाग विश्वविद्यालय के दीक्षान्त की समारोह, विभिन्न सेमिनारों एवं संगोष्ठियों में भी आयोजकों के आवश्यकतानुसार कार्य सम्पादित करता है। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के नियामक संस्थाओं के निरीक्षण के समय विभाग उनकी मान्यता प्राप्त

करने के लिए एवं जारी रखने के लिए अपने संसाधनों द्वारा सहायता प्रदान करता है। यह विभाग विश्वविद्यालय के मुख्य भवनों जैसे- मालवीय भवन, टैगोर भवन, सुन्दरम लाज, भारत कला भवन, स्वतन्त्रता भवन, उडुप्पा प्रेक्षागृह, पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, कला संकाय प्रेक्षागृह, श्री विश्वनाथ मन्दिर का अनुरक्षण एवं वातानुकूलन का कार्य भी सम्पादित करता है।

विभाग द्वारा सभी छात्रावासों, शैक्षिक भवनों व आवासीय भवनों की मरम्मत के साथ-साथ छतों पर जल अवरोधी उपचार, रसोईघरों व शौचालयों का नवीनीकरण व बाहरी दीवारों की रंगाई-पुताई इत्यादि का कार्य भी व्यापक तौर पर कराया गया। विश्वविद्यालय के अधिकतम भवन सौ वर्ष पुराने हैं, तथा कुछ तो सौ साल से भी अधिक पुराने हैं।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभिन्न मदों में विश्वविद्यालय निर्माण विभाग को प्राप्त मदों का विवरण निम्नलिखित है

1.	विशेष मद	रू.15.09 करोड़
2.	विश्वविद्यालय के भवनों के मरम्मत के लिए मद- आवर्ती मद	रू.1.30 करोड़
3.	विकास मद वार्षिक अनुदान (२०२०-२१)	रू.1.47 करोड़
4.	हेफा मद	रू.356.00 करोड़
5.	इंस्टीट्यूट ऑफ इमिनेंस मद	रू. 113.90 करोड़

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा सन् २०१९ एवं २०२० में शुरू किये गये कार्यो और पूर्ण किये गये कार्यों का विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय स्वीकृति धनराशि	वर्तमान स्थिति
1.	80 नं. आवासीय फ्लैट्स का निर्माण कार्य क्वार्टर नं. ई-6, जोधपुर कालोनी के पास, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (पैकेज-1)।	रू 238.8930 करोड़	कार्य पूर्ण
2.	80 नं. आवासीय फ्लैट्स का निर्माण कार्य क्वार्टर नं. ई-10, जोधपुर कालोनी के पास, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (पैकेज-2)।		कार्य प्रगति पर है
3.	80 नं. आवासीय फ्लैट्स (जी+2) का निर्माण कार्य, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (पैकेज-3)।		कार्य प्रगति पर है
4.	शिक्षक आवासीय फ्लैट्स (80 नं.) का निर्माण कार्य, दो ब्लाक (40 नं. प्रत्येक), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (पैकेज-4)।		कार्य पूर्ण
5.	महिला छात्रावास (228 रूम डबल सीटेड) सामाजिक विज्ञान संकाय द्वितीय तल से पाँचवें तल का निर्माण कार्य, दृश्य कला एवं मंच कला संकाय के छात्रावास के ऊपर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू2985.00 लाख	कार्य प्रगति पर है
6.	200 रूम डबल सीटेड महिला छात्रावास (जी$८) शोध छात्रों के लिए, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू 2877.71 लाख	कार्य प्रगति पर है
7.	200 नं. शिक्षक आवासीय फ्लैट (जी$10), दो ब्लाक (100नं. प्रति ब्लाक) का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू 5725.39 लाख	कार्य पूर्ण
इंस्टीट्यूट आफ इमिनेंस मद के अन्तर्गत			
8.	छटवें तल से दसवें तल (वर्टिकल विस्तार),अन्तराष्ट्रीय	रू 2199.00 लाख	कार्य प्रगति पर

	छात्रावास (पुरूष), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय		है
9.	पं. ओंमकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह का नवीनीकरण एवं विस्तार का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू 1506.46 लाख	कार्य प्रगति पर है
10.	होलकर भवन का नवीनीकरण एवं विस्तार का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू 97.75 लाख	कार्य प्रगति पर है
11.	भारत कला भवन की मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू 517.31 लाख	कार्य प्रगति पर है
12.	अन्तर्राष्ट्रीय महिला छात्रावास (जी$10), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.5000.00 लाख	कार्य प्रगति पर है
कायाकल्प मद के अन्तर्गत			
13.	विभिन्न भवनों का नवीनीकरण (पैकेज-IV) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.4200.00 लाख	कार्य प्रगति पर है
14.	नये एवं पुराने मेडिकल इंक्लेव संकाय आवासों का नवीनीकरण कार्य (पैकेज-VI) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.1000.00 लाख	कार्य प्रगति पर है
15.	06 नं. विद्यार्थी छात्रावास/आवासों का नवीनीकरण (पैकेज-V-a) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.2800.00 लाख	कार्य प्रगति पर है
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी मद के अन्तर्गत			
16.	वैदिक विज्ञान केन्द्र (फेस-II) (जी$2) का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.934.46 लाख	कार्य प्रगति पर है
	विकास मद के अन्तर्गत		
17.	100 बेड वाले (जी$5) एम.सी.एच. विंग के लिये भवन का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.4550.00	कार्य पूर्ण
18.	शिक्षक एवं शिक्षण के उदेद्श्य से पं. मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय योजना भवन का निर्माण कार्य जो लेक्चर थियेटर परिसर के द्वितीय तल पर बनेगा, शिक्षा संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.125.00 लाख	कार्य पूर्ण
19.	रसायन प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान विभाग के लिये फर्नीचर क्रय कार्य, विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.32.18 लाख	कार्य पूर्ण
20.	केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र (सी.डी.सी.) भवन का फर्नीचर क्रय कार्य, विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.18.13 लाख	कार्य पूर्ण
21.	100 बेड वाले (जी$५) एम.सी.एच. भवन के लिये शेष फर्नीचरों का क्रय कार्य, निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.80.32 लाख	कार्य पूर्ण
	विशेष मद के अन्तर्गत		
22.	33/11 के.वी. मुख्य बिजली घर (सबस्टेशन) पी.एस.एस. की क्षमता बढ़ाने का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू. 1673.00 लाख	कार्य पूर्ण
23.	यू.पी.एस. भवन (जी $ 2) का निर्माण कार्य, ट्रामा सेन्टर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.524.91 लाख	कार्य पूर्ण
	आवर्ती मद एवं विशेष मद के अन्तर्गत		
24.	केन्द्रीयकृत प्रयोगशाला परिसर (जी$2) का निर्माण कार्य,	रू.1200.00 लाख	कार्य पूर्ण

	राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय		

विशेष मद द्वारा वर्तमान सत्र में विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा कराये गये कार्यों का विवरण निम्नलिखित है:-

क्र.सं.	कार्य का नाम	राशि रू.	वर्तमान स्थिति
1.	नये लेक्चर थियेटर संकुल (जी$2) के चारो तरफ स्पाइक फेंसिंग का निर्माण कार्य, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा	रू.45,81,540.00(स्वीकृत धनराशी) रू.13,36,28,000.00	कार्य पूर्ण
2.	तरण ताल परिसर में एलुमिनियम दरवाजें, प्रोफाइल सीट रूफिंग, चेन लिंक फेंसिंग का बदलाव एवं एलुमिनियम केबिन बनाने का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.4,65,614.00	कार्य पूर्ण
3.	कृषि विज्ञान गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य, पार्ट-ए लिंटल लेवल तक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.50,00,000.00	कार्य पूर्ण
4.	आर्युवेदिक फार्मेसी के मशीन घर के छत की सीटों को बदलने एवं फर्श का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.9,45,500.00	कार्य पूर्ण
5.	सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल (कमच्छा) के प्रयोगशाला की मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.8,64,400.00	कार्य पूर्ण
6.	सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल (कमच्छा) में पेवर ब्लाक लगाने एवं सम्बन्धित कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू.30,13,000.00	कार्य पूर्ण
7.	श्री विश्वनाथ मंदिर परिसर में विभिन्न कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू. 15,59,000.00	कार्य पूर्ण
8.	स्वतंत्रता भवन में विद्युतीकरण कार्य, विद्युत पैनल का कार्य, यू.पी.एस. की सप्लाई, लगाने, चेक करने एवं स्थापित करने का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू. 20,19,748.00	कार्य पूर्ण
9.	जनरल सर्जरी के विभागीय पुस्तकालय एवं कार्यालय का नवीनीकरण कार्य, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू. 1,00,000.00	कार्य पूर्ण
10.	सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल (कमच्छा) में पेंटिंग का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	रू. 1,00,000.00	कार्य पूर्ण

कमच्छा काम्पलेक्स, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

कमच्छा काम्पलेक्स में शिक्षा संकाय, सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल, सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल, रणवीर संस्कृत पाठशाला, कोल्हुआ प्राईमरी स्कूल, बैजनत्था कालोनी, डॉ. ए. बी. छात्रावास व डॉ. आर. पी. छात्रावास इत्यादि स्थित है।

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा में विकास कार्य बहुत द्रुत गति से चल रहा है। भवन निर्माण, सड़क निर्माण, जल-आपूर्ति और विद्युतीकरण का कार्य, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय के लिये ''केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग'' द्वारा कराये जा रहे भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय- डाइवर्सिटी पार्क तथा

बीज भण्डार का निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। सिंचाई के उदेद्श्य से राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में १० नं. चेक डैम का निर्माण किया गया है।

9.12. स्वास्थ्य देखभाल (अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्र)

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं प्रशिक्षण हेतु संबंद्ध चिकित्सालय है जो अपने स्थापना वर्ष 1926 से ही निरन्तर इस क्षेत्र के रोगियों की सेवा करता हुआ उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर गतिमान है। वर्तमान सत्र के दौरान चिकित्सालय द्वारा निम्नवत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गयीं-

उपलब्धियाँ

- माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित 430 बिस्तरों वाला शताब्दी सुपरस्पेशलिटी संकुल, 75 बिस्तरों वाला मनोचिकित्सा केन्द्र और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण और स्टेम सेल अनुसंधान केन्द्र, दिनांक 16.02.2020.
- 100 बिस्तरों वाली मातृ एवं बाल स्वास्थय विंग
- क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान
- हीमोफिलिया और हिमोग्लाबिनोपैथी बहिरंग का नवीनीकरण
- आपात चिकित्सा बहिरंग में सेंट्रलाइज्ड ए.सी.का वातानुकूलन
- 550 बिस्तरों वाले बाल चिकित्सा, रेडियोथेरेपी और अन्य भवन पर सोलर पैनल प्रणाली की स्थापन
- स्पेशल वार्ड पार्क के निकट नया पप्प हाउस

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य संकुल द्वारा उपलब्ध की जाने वाली सेवाएं/सुविधायें

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल छात्रावास मार्ग पर स्थित है तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराता है। स्वास्थ्य सेवा संकुल में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा प्रशिक्षित व समर्पित पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा मरीजों की देखभाल की जाती है। मुख्यचिकित्सा अधिकारी प्रभारी की देख-रेख में संचालित होने वाला विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल प्रत्येक कार्यदिवस पर प्रात: ८ बजे प्रारम्भ होकर सांय काल ८ बजे तक अपनी आकस्मिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य पुस्तिका निर्गत कर बहिरंग विभाग के साथ-साथ आवश्यकता होने पर भर्ती मरीज के रूप में भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। स्वास्थ्य सेवा संकुल में सामान्य सर्जरी के साथ-साथ अस्थि रोग के भी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। संकुल में रक्त तथा अन्य से संबंधित सभी जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ विद्यार्थियों को राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकच्छा में भी स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। विद्यार्थियों से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रूपये 350.00 वार्षिक उनके फीस के माध्यम से लिये जाते हैं।

स्वास्थ्य संकुल में उपलब्ध सुविधाएँ

अ. नैदानिक सुविधाएँ

- सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा
- आपातकालीन सुविधा रात्रि ८ बजे तक
- लघु शल्य सेवाएं
- अस्थि रोग संबंधित प्लास्टर तथा अन्य सुविधायें
- श्वसन संबंधित चिकित्सकीय सुविधा
- विशिष्ट चिकित्सा परामर्श (जनरल मेडिसिन, सर्जरी, आर्थोपेडिक, टी.बी. एवं चेस्ट तथा महिला रोग एवं अन्य)

- फार्मेसी एवं दवा वितरण सेवाएं
- दुर्घटना एवं सामान्य परिस्थिति में ड्रेसिंग सेवाएं
- हेपेटाइट्सि-बी, टिटेनस, टाइफाइड, रैबीज इत्यादि टीकाकरण सेवाएं
- इंजेक्शन और टीकाकरण सेवाएं
- दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा आधुनकि उपकरणों के साथ दंत क्लीनिक का संचालन
- होमियोपैथी क्लीनिक
- योग क्लिनिक
- फिज़ियोथेरेपी क्लीनिक सुविधा
- डिज़िटल एक्सरे क्लीनिक सुविधा
- नेत्र विकार सम्बन्धी परामर्श सेवाएं

ब. प्रयोगशाला सम्बन्धित सेवाएँ

स्वास्थ्य सेवा संकुल में संचालित नैदानिक जाँच केन्द्र में टाइफाइड, डेंगू, लीवर, लिपिड प्रोफाइल, यूरिन आदि की जांच आधुनिक उपकरण के माध्यम से प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा की जाति है।

स. अन्य सुविधाएं

- मेडिकल फिट्नेस प्रमाण पत्र
- चिकित्सा प्रतिपूर्ति
- आकस्मिक चिकित्सा हेतु दवा क्रय
- विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल कूद एवं अन्य आयोजनों के अवसर पर आवश्यकता होने पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य निगरानी संकुल उपलब्ध सेवायें

कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में विश्वविद्यालय के नियमित व सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके आश्रितों, रेजिडेन्ट डॉक्टर व केन्द्रीय विद्यालय (बी.एच.यू.) के कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान की जाती हैं।

वर्तमान में लगभग 90,000 लाख लाभार्थी कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में नामांकित हैं तथा स्वास्थ्य केन्द्र में 06 चिकित्सकों के माध्यम से वर्तमान सत्र में 90576 रोगी यहाँ प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं। स्वास्थ्य केन्द्र में मार्डन मेडिसिन एवं आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण योग्य फार्मासिस्टों द्वारा किया जाता है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध हैं:

- सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श
- शल्य परामर्श
- आर्थोपेडिक सेवायें
- विशेष चिकित्सा परामर्श
- स्त्री-रोग परामर्श
- फार्मेसी सेवायें
- ड्रेसिंग सुविधा
- इंजेक्शन व टीकाकरण की सुविधा
- चिकित्सा प्रमाण पत्र
- चिकित्सकीय दावा प्रतिपूर्ति
- ई.सी.जी. जाँच की सुविधा, नेबुलाईजेशन व ऑक्सीजन की सुविधा

- क्लिनिकल आब्जर्वेशन रूम की सुविधा
- एक्सरे सुविधा
- डेन्टल क्लिनिक
- फिजियोथेरेपी
- रक्त जाँच संकलन

9.13. विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद्

विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद् का गठन 1975 में कुलपति डॉ के एल श्रीमाली की अध्यक्षता में किया गया था। इसके पूर्व यह विश्वविद्यालय एथलेटिक संघ था। क्रीडा परिषद् का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को सहायक / उप निदेशकों और उच्च प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से उच्च स्तर का क्रीडा प्रशिक्षण प्रदान करना है,ताकि विश्वविद्यालय की टीम इंटर यूनिवर्सिटी / राज्य / राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में उच्च मानक प्रदर्शन कर सके।

सत्र 2020-2021 के दौरान आयोजित गतिविधियाँ

इस सत्र की शुरुआत में कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के कारण विश्वविद्यालय में कुछ ही खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा सका। इस अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के खेल के उत्थान के लिए कई सुविधाओं के नवीनीकरण एवं पुनर्निर्माण के अतिरिक्त नई सुविधाओं के निर्माण जैसी योजनाओं को बनाया और निष्पादित किया गया।

- निर्माण की प्रक्रिया में पुराने बास्केटबॉल कोर्ट से सटे एक नए बास्केटबॉल कोर्ट बनाया गया, जो विद्यार्थियों को ख़ास कर छात्राओं को बास्केटबॉल में कुशल प्रशिक्षण देने में सहायक होगा।
- एम्फीथिएटर मैदान के सभी गेट को छात्रों के अभ्यास के समय के लिए प्रदर्शित जानकारी के साथ अपग्रेड किया गया। मैदान की सुरक्षा के लिए एम्फीथिएटर मैदान में लोहे से बने नए गेट लगाए गए।
- छत्रपति शिवाजी हॉल का जीर्णोद्धार किया गया और पुरानी विरासत को प्रदर्शित करने वाले कुश्ती अखाड़े में नई मिट्टी भरी गयी है जिसे पहलवानों के अभ्यास के लिए फिर से खोल दिया गया है।
- पुराने तरण ताल में नई फ्लड लाइटें लगाई गईं और एक फिल्टर फीड पंप का भी जीर्णोद्धार किया गया तथा पुराने ताल के फिल्टर प्लांट की ओवरहालिंग की गयी।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद् के खेल परिसर

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद् के पास 15000 दर्शकों की क्षमता वाला एस्ट्रो-टर्फ सिंथेटिक हॉकी मैदान है। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद् में तीन प्रमुख खेलों यथा हॉकी,एथलेटिक और बॉक्सिंग, के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों के लिए एक छात्रावास भी है। छात्रावास को भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा इसे क्रीड़ा कौशल केंद्र के तहत शामिल किया गया है।

I. एम्फीथिएटर ग्राउंड	संख्या
I. ट्रैक और फील्ड एथलेटिक्स (पुरुष और महिला) की 400 माउंट 8 लेन मिट्टी	1
II. सीमेंटेड और फ्लडलाइटेड बास्केटबॉल कोर्ट	1
III. टर्फ पिच क्रिकेट ग्राउंड	1
IV. सीमेंटेड नेट प्रैक्टिस क्रिकेट पिच	1

V.	ओपन फुटबॉल स्टेडियम	1
VI.	हैंडबॉल ग्राउंड	1
VII.	नेट बॉल ग्राउंड	1
VIII.	कबड्डी ग्राउंड	1+1
IX.	खो-खो ग्राउंड	1
X.	फ्लडलाइट के साथ क्ले और सिंथेटिक टेनिस कोर्ट	2+1
XI.	फ्लड लाइटेड वॉलीबॉल कोर्ट	2

II. महाराजा डॉ. विभूति नारायण सिंह इंडोर स्टेडियम		संख्या
i.	सीमेंटेड बैडमिंटन कोर्ट	4
ii.	बॉक्सिग रिंग	2
iii.	टेबल टेनिस	1+1
iv.	पोर्टेबल बास्केटबॉल (हाइड्रोलिक) पोस्ट	1 जोड़ी
v.	50 लक्ष्यों की शूटिंग रेंज	
vi.	उचित मैटिंग युक्त इंडोर कबड्डी सुविधा	

III. छत्रपति शिवाजी जिमनैजियम

i. कुश्ती और जूडो मतो
ii. रोमन रिंग
iii. क्षैतिज गेंद
iv. असमान बार
v. समानांतर बार
vi. भारोत्तोलन (लड़कियों के लिए)
vii. भारोत्तोलन (लड़कों के लिए)
viii. वुशु मैट/कोर्ट

छत्रपति शिवाजी जिमनैजियम में विश्वविद्यालय की टीम/खिलाड़ियों के अलावा विश्वविद्यालय कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को जिम्नास्टिक, मलखम, कुश्ती, भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग, बेस्ट फिजिक, वुशु और योग जैसी सुविधाएं प्रदान करता हैं।

IV. जे.के. बैडमिंटन हॉल

i. वुडन बैडमिंटन कोर्ट (पुरुष और महिला)
   जे.के.बैडमिंटन हॉल कर्मचारियों / छात्रों / विश्वविद्यालय टीम के सदस्यों और संस्थानों / संकायों / कॉलेजों को उनके अनुरोध पर उनके इंटर यूनिट / विभाग बैडमिंटन टूर्नामेंट और प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

V. स्विमिंग पूल - 02 (पेशेवर तैराकों के लिए 50 मीटर और प्रशिक्षुओं के लिए 25 मीटर)

i. पेशेवर तैराकों के लिए 50 मीटरकी 8 लेन का तरण ताल
ii. प्रशिक्षुओं के लिए 25 मीटरका तरण ताल

विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए प्रशिक्षण और तैराकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

VI. स्क्वाश का मैदान

i. लकड़ी का स्क्वैश कोर्ट

VII. फुटबाल का मैदान

VIII. सिंथेटिक हॉकी टर्फ-स्टेडियम

9.14. छात्र अधिष्ठाता द्वारा आयोजित कार्यक्रम

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अनेक विधाओं से उत्सव, समारोह एवं विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को उचित प्रोत्साहन मिले तथा वे एक चरित्रनिष्ठ युवा के रूप में देश की सेवा कर सकें। कोविड- 19 के कारण सत्र 2020-21 में कम से कम कार्यक्रम/ क्रियाकलाप किये गयें इन क्रियाकलापों का विवरण निम्नवत् है।

उत्सव एवं समारोह प्रकोष्ठ के अधीन आयोजित कार्यक्रम

- वर्तमान शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की परम्परा के अनुरूप माननीय कुलपति महोदय ने दिनांक 02.07.2020 को प्रात: परिसर स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक एवं पूजन किया; 12.08.2020 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी; 15.08.2020 को स्वतंत्रता दिवस; 05.09.202 को शिक्षक दिवस; 02.10.2020 को गांधी जयन्ती; 04.12.2020 को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पुण्य तिथि; 31.12.2020 से 06.01.2021 तक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय मालवीय जयंती; 26.01.2021 को गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया।
- सुश्री अपूर्वा, एम.एस.सी.वनस्पति विज्ञान, विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को उनके उत्कृष्ठ शैक्षणिक ज्ञान, उत्तम साधारण बोध एवं सर्वोत्तम आचरण के लिये पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक तथा प्रमाण –पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।
- श्री शिशु मिश्रा, आचार्य, प्रथम वर्ष, ज्योतिष विभाग, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को संस्कृत में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर महामना संस्कृत प्रदान करते हुये पदक तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।
- श्री योगेश पाल, बी.ए. कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को सर्वोत्तम एथलीट के रूप में मेजर एस.एल. दर स्वर्ण पदक तथा प्रमाण –पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।
- कैडेट वीरेन्द्र, 3यू.पी. आर्म्ड स्का., एन.सी.सी. सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को सर्वोत्तम एन.सी.सी कैडेट के रूप में मेजर एस.एल. दर रजत पदक पुरस्कार प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार

निम्नलिखित गैर शिक्षण कर्मचारियों को उनके सराहनीय सेवाओं के लिए ''सर्वोत्तम कर्मचारी''पुरस्कार प्रदान किया गया।

श्रीमति अजिता शिवा सुब्रमण्यन, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव कार्यालय (विकास) एवं श्री एम.शंकर वैयक्तिक सहायक, चयन आंकलन प्रकोष्ठ; श्री राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक, वनस्पति विज्ञान विभाग, विज्ञान संकाय एवं श्री शहजाद खान, वरिष्ठ सहायक, दृश्य कला संकाय; श्री सूर्यकेश मिश्रा, तकनीकी सहायक, कम्प्युनिटी मेडिसिन, चिकित्सा विज्ञान संस्थानय।

चतुर्थ श्रेणी (लिपिकीय वर्ग)
श्री राजदेव राम, अनुसेवक, कुलपति कार्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को उनके कर्तव्यों दायित्व के प्रति अत्यन्त निष्ठा एवं प्रक्रियता के लिए गैर- शिक्षण सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्थापना दिवस समारोह
परम्परा के अनुसार बसंत पंचमी के अवसर पर विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन दिनांक 16.02.2021 को स्थापना स्थल पर किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम हवन-पूजन करने के उपरान्त कुलपति महोदय द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। विश्वविद्यालय परिवार के कुलगुरू, अध्यापक, अधिकारी, कमर्चारी तथा विद्यार्थी भी पूजन समारोह में उपस्थित रहे।

इसके अलावा शोधार्थियों और स्नातकोत्तर छात्रों को सम्मेलन संगोष्ठी कार्यशाला आदि में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई इसके अलावा विभागों को छात्रों के लिए संगोष्ठी और सम्मेलन आयोजित करने के लिए 5000/- रूपये आर्थिक सहयोग प्रदान किए गए। केन्द्रीय पुस्तकालय में दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं की शैक्षिक सामग्री की ऑडियों रिकार्डिंग में लगे छात्रों को अर्न व्हाइल लर्न-योजना के तहत परिश्रमिक दिया गया।

छात्र-अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा सह-आयोजित कार्यक्रम

लाला लाजपत राय पाठशाला में नि:शुल्क गर्म वस्त्रों का वितरण: काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सुन्दर बगिया स्थित लाला लाजपत राय पाठशाला में अध्ययन करने वाले निर्धन विद्यार्थियों को पाठशाला में नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। दिनांक 11 दिसम्बर 2020 को कुलपति महोदय द्वारा विद्यालय के 64 विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किया गया।

छात्र कल्याण योजना के अधीन विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं

2020 में गांधी जयंती के अवसर पर, हर साल की तरह, माननीय कुलपति ने 138 दृष्टिबाधित छात्रों को शैक्षिक सहायता के रूप में 5000/-रूपये दिए 50 अतिविकलांग विद्यार्थियो कोतिपहिया साईकिल क्रय किये जाने हेतु 4000/-रूपये प्रति विद्यार्थी,25 मूकबधिर विद्यार्थियों को भी 3000/-प्रति विद्यार्थी नगद उपकरण हेतु सहायता प्रदान किया गया।

9.15. जलपान गृह

विश्वविद्यालय का मैत्री जलपान गृह समूह, कृषि विज्ञान संस्थान में कृषि कैंटीन के साथ-साथ चिकित्सा विज्ञान संस्थान,सर सुंदर लाल अस्पताल, अस्पताल ऑपरेशन थियेटर,मधुबन,केंद्रीय कार्यालय और केंद्रीय विद्यालय में गैर-लाभकारी आधार पर कैंटीन संचालित करता है। इन कैंटीनों में खाने-पीने में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। मैत्री जलपान गृह नाश्ता,दोपहर का भोजन और अन्य खाद्य पदार्थ परोसता है और छात्रों,शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के बीच बहुत लोकप्रिय है।

विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षाओ के उम्मीदवार भी इन सुविधाओं से लाभान्वित होते हैं। आयोजकों के विशेष अनुरोध पर संगोष्ठी,सम्मेलनों और अन्य शैक्षणिक अवसरों में खानपान की व्यवस्था भी की जाती है। इस सुविधा का लाभ वर्तमान सत्र में प्रतिदिन लगभग 25000 से 30000 रुपये की बिक्री के रूप में 2000 से 2500 लोगों द्वारा लिया जाता है।

9.16. राष्ट्रीय सेवा योजना

कोविड के बढ़ते संक्रमण के कारण पूर्णत: लॉकडाउन के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों को व्यक्तिगत रूप से आयोजन लगभग असंभव सा हो गया था। परंतु समय को देखते हुए कोविड संक्रमण की रोकथाम, उसके नियंत्रण

उससे बचाव और जागरूकता आदि को लेकर ऑनलाइन माध्यम से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के साथ मिलकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारीयों और स्वयंसेवकों ने लगातार 100 दिनों तक कोविड संक्रमण नियंत्रण हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में भाग लिया जिसमें नियमित रूप से कार्यक्रम समन्वयक और अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

वर्तमान वर्ष के अंतर्गत कोविड संक्रमण के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के बावजूद भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें स्वयंसेवकों द्वारा रक्तदान, वृक्षारोपण, मास्क वितरण, मास्क बैंक बुजुर्गो की सहायता, रक्तदान एवं जागरूकता अभियान आदि कार्यक्रम प्रमुख है।

मई में कोरोना संक्रमण से बचाव अभियान; 10 मई से 05 जुलाई तक मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा वेबीनार; 21 मई को मानसिक स्वास्थ्य हेतु परामर्शदाताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण; राष्ट्रीय कोविड-19 प्रश्नोत्तरी का ऑनलाइन आयोजन; ‘‘कोविड-19 के दौर में राष्ट्रीय निर्माण: राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका’’ विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार; राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको की भूमिका विषयक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन 23 मई; 17 जुलाई को कोविड संकट के समय में पिछलें 100 दिनों में किये गयें कार्यो की समीक्षा वेबीनार गोष्ठी; 08 अक्टूबर को शपथ लेकर कोविड के खिलाफ लड़ाई जीतने का संकल्प; राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 4,500 स्वयंसेवकों ने भारत सरकार के स्वास्थय मंत्रालय द्वारा संचालित आईजीओटी प्रशिक्षण को ऑनलाइन पूरा किया। मास्क बैंक में लगभग 13,000 मास्क राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा दान दिए गए जिसका वितरण जरूरतमंदो के बीच किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न इकाइयों द्वारा गोद लिए गए गावं और मलिन बस्तियों में स्वयंसेवकों के साथ मिलकर कार्यक्रम अधिकारीयों ने कोविड संक्रमण से बचाव और मास्क वितरण के कार्य को संपादित किया।

20 जुलाई को ‘‘टोकेंगे- कोरोना को रोकेंगे’’; 18 दिसम्बर को कोविड- संक्रमण से उत्पन्न स्थिति हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला; एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन; 12 मार्च को अमृत महात्सव रैली; 16 मार्च को शास्त्रीय गायन और नृत्य के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश; २१ मार्च को अमृत महोत्सव साइकिल यात्रा; 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन; विश्व पर्यावरण पखवाडा के आयोजन के अन्तर्गत ‘‘जैव विविधता हमारे पर्यावरण के लिए आवश्यक है’’ विषयक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रियांशु राय और निश्चित निकुंज को प्रथम, कृति कुमारी और अनूप सिंह को द्वितीय, वंशिका शर्मा और अपर्णा सेठ को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। सुश्री प्रियांशी कुमारी और आर्यमन को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

22 अगस्त को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मैडम भीखाजी कामा के अतुलनीय योगदान की स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम; 20 सितम्बर को समाज सेविका एनी बेसेंट जी की पुण्य तिथि के अवसर पर एक वृक्षारोपण कार्यक्रम; 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के 51वॉं स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम; 30अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक वृक्षारोपण कार्यक्रम; 12 नवम्बर को भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम; 07 जनवरी को एक दिवसीय स्वच्छता अभियान; 22 मार्च को जल संरक्षण जागरूकता पदयात्रा; वन महोत्सव माह का शुभारंभ; 12 जून 2020 को ऑनलाइनएकदिवसीय रक्तदान जागरूकता राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन; 14 जनू को रक्तदान शिविर का आयोजन; 30 जून को ऑनलाइन एक दिवसीय रक्तदान जागरूकता राष्ट्रीय कार्यशाला; 28 अगस्त को राज्य स्तरीय एड्स जागरूकता कार्यशाला; 5 सितम्बर को रक्तदान शिविर; 14 अक्टूबर को राज्य स्तरीय एड्स जागरूकता प्रश्नोत्तरी; 24-25 नवम्बर को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला; 01 दिसम्बर ‘‘एड्स जन जागरूकता अभियान’’ एवं विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन और उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा आयोजित एड्स जागरूकता लघु फिल्म प्रतियोगिता में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा

योजना के स्वयंसेवकों को मिला 80,000 रूपये को पुरस्कार लखनऊ में प्रदान किया गया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के श्री परितोष कुमार को उनकी लघु फिल्म ''हेलो 1097'' के लिए 50,000 रूपये का प्रथम पुरस्कार श्री ओम प्रकाश को उनकी लघु फिल्म ''आई एम विद यू'' के लिए 20,000 रूपये का तृतीय पुरस्कार, श्री राहुल आनंद की लघु फिल्म ''है जरूरी'' के लिए और श्री सोनू कुमार को उनकी लघु फिल्म ''इंडिया अगेंस्ट एचआइवी डिस्क्रिमिनेशन'' के लिए 10,000 रूपये का चतुर्थ पुरस्कार प्रदान किया गया।

23 जनवरी को राष्ट्र नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। 08 फरवरी 2021 को रक्तदान शिविर; 19 मार्च को दो दिवसीय रक्तदान एवं एड्स जागरूकता कार्यशाला एवं 8 मार्च को एक दिवसीय ट्रेनिंग कार्यशाला ''एच आईवी /एड्स बचाव के रूप में'' आयोजन किया गया; 12 जनवरी से 19 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा सप्ताह का आयोजन किया गया। 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। 14 एवं 15 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके द्वारा किए गए कार्यो पर केंद्रित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रितेश कुमार को प्रथम, अक्षय सिंह को द्वितीय, हिमांशु कुमार को तृतीय और आशुतोष सिंह, अंकुश कुमार, राज त्रिपाठी और सौम्या सिंह को चतुर्थ स्थान से पुरस्कृत किया गया। 19 जनवरी को आयोजित समारोह में युवा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सक्षम काशी दिव्यांग सेवा उत्कृष्ट दिव्यांग सम्मान समारोह और राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन; 30 दिसम्बर को ब्रेल दिवस के उपलक्ष्य पर ''ब्रेल जानो अभियान'' और दिव्यांग साहित्य समारोह के सात दिवसीय कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन; 31 दिसम्बर को व्याख्यानमाला शृखला का आयोजन किया गया। 01 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में वक्ताओं ने ब्रेल लिपि के माध्यम से शिक्षा के विविध आयामें में व्यापक चर्चा की; 02 जनवरी को एक भव्य राष्ट्रीय युवा कवि गोष्ठी; 04 जनवरी को लुई ब्रेल की जयंती समारोह; 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस; 21 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और युवा विषयक क्विज प्रतियोगिता; 22 जनवरी को ''जागरूकता मतदाता राष्ट्र समृद्धि के लिए वरदान'' विषयक राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता; 23 जनवरी को ''जागरूकता मतदाता और समृद्ध राष्ट्र'' विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता; 24 जनवरी को मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया; इस अवसर पर उन्होंने ''हेल्प द ब्लाइंड फाऊंडेशन'' चेन्नई द्वारा प्रदत्त लैपटॉप का निशुल्क वितरण काशी हिंदू विश्वविद्यालय के नौ दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्रओं के बीच की; 25 जनवरी को निष्पक्ष रूप से मतदान करने का संकल्प; 12 अगस्त को ''आधुनिक भारत और युवा'' विषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी; 29 अगस्त को फिट इंडिया फ्रीडम रन; 18 सितम्बर को ''आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका'' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी; 23 सितम्बर को ''सेवा और विश्व शांति के लिए गांधी जीवन दर्शन'' विषयक पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी; तीन दिवसीय ''गांधी पर्व'' का आयोजन 30 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक; ''गांधी र्दशन में व्यक्तिगत मूल्य और नेतृत्व'' विषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी; 02 अक्टूबर को श्रमदान और प्रर्थना सभा का आयोजन; 10अक्टूबर को ''मानसिक स्वास्थ्य और युवा'' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी; 30 अक्टूबर को 'विश्व हाथ धूलाई दिवस' पर जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम; 31 अक्टूबर को ''भारत की राष्ट्रीय एकता अखंडता में लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल का योगदान ''विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी; 04 नवम्बर भारत सरकार के यूवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संसद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका की सुश्री निहारिका शुक्ला का चयन किया गया जिला स्तर पर आयोजित युवा संसद में निहारिका शुक्ला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

06 नवम्बर को टी बी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ; 10 दिसम्बर को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ''कोविड महामारी और मानवाधिकार'' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी; 16 दिसम्बर को छात्रों द्वारा संपादित ई पत्रिका मृगतृष्णा के छठे अंक का लोकार्पण ऑनलाइन माध्यस से; 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 73 वीं पुण्यतिथि पर प्रर्थना सभा का आयोजन; 19 फरवरी को ''सडक सुरक्षा और युवा दायित्व विषयक'' भाषण प्रतियोगिता एवं युवा संवाद कार्यक्रम; 06 मार्च को एक दिवसीय बालिका क्रिकेट मैच; 07 मार्च को ''मिशन शक्ति'' कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका

सशक्तिकरण और नेतृत्व विकास विषयक ऑनलाइन एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला; 24 मार्च को विश्व टी बी दिवस के अवसर पर टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

9.17. नेशनल कैडेट कोर

एन.सी.सी. ग्रुप हेडक्वार्टर 'ए' की स्थापना काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में 14 फरवरी 1963 को हुआ। ग्रुप हेडक्वार्टर ए की नौ यूनिटें हैं जिनमें से पाँच यूनिट काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रांगण में, दो यूनीटें बलिया, एक गाजीपुर तथा एक मुगलसराय में स्थित है। उपरोक्त सभी यूनिटों का उदय वर्ष1963 से पहले हुआ। उल्लेखनीय है कि 2 उ.प्र. ई.म.ई कम्पनी की स्थापना 05 अगस्त 1921 को बनारस इंजिनियरिंग कालेज के रूप में हुई थी। इस ग्रुप हेडक्वार्टर के प्रथम ग्रुप कमान्डर लेफ्टिनेन्ट कर्नल बृजपाल सिंह (राजपूत रेजीमेन्ट) थे। तब से अब तक 26 ग्रुप कमांडर अपनी सेवा ग्रुप हेडक्वॉटर को दे चुके हैं। 07 अगस्त 2020 से ब्रिगेडियर नरेन्द्र सिंह ग्रुप कमांडर हैं।

राष्ट्रीय कैडेट कोर का विस्तार

ग्रुप हेडक्वाटर 'ए' का मुख्यालय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थित है। इसमें वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, बलिया तथा मऊ जनपद के कुल 6093 लड़के तथा 2641 लड़कियाँ कैडेट के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इस मुख्यालय का विस्तार 4 विश्वविद्यालय, 18 विद्यालय, 62 इण्टर तथा डिग्री कालेजों में है। इस मुख्यालय तथा उसके अधीनस्थ एनसीसी इकाईयों में 18 सैन्य कमीशंड अधिकारी, 38 कनिष्ठ कमीशंड अधिकारी, 81 नान कमीशंड अधिकारी, 47 वरिष्ठ डिवीजन सहयोगी एनसीसी अधिकारी, 22 कनिष्ठ डिवीजन सहयोगी एनसीसी अधिकारी तथा 127 असैन्य कर्मचारी हैं।

उपलब्धियाँ

वर्तामान वर्ष में इस मुख्यालय द्वारा निम्नलिखित उपलब्धियां अर्जित की गई हैं -

- 19 संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए जिसमें 3322 कैडेटों ने भाग लिया।
- आनलाइन एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में 132 कैडेटों ने भाग लिया, जिनका आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर हुआ था।
- 28 भूतपूर्व एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी के 'ए', 'बी' तथा 'सी' प्रमाणपत्र के आधार पर सेना में तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की नौकरियां प्राप्त की।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 4351 कैडेटों तथा अन्य लोगों ने भाग लिया।

सम्मान एवं पुरस्कार :कैडेट वीरेन्द्र,3 उप्र आर्मड एनसीसी, वाराणसी को मेजर एस. एल. द्वारा रजत पदक से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।; कैडेट दीक्षा दूबे, 93 उप्र एनसीसी वाहिनी को मुख्यमंत्री स्वर्ण प्राप्त हुआ।

सामुदायिक विकास और सामाजिक सेवा योजना

इस मुख्यालय ने निम्नलिखित सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रियता से भाग ग्रहण किया –

- एक्स एनसीसी योगदान - 86
- विश्व पर्यावरण दिवस - 97
- रक्तदान - 79
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस - 4351
- कारगिल विजय दिवस - 103
- वृक्षारोपण कार्यक्रम - 1027

- आत्मनिर्भर भारत - 2078
- फिट इंडिया - 6804
- फिट इंडिया जागरूकता कार्यक्रम - 8392
- नई शिक्षा नीति पर वेबिनार - 64
- संविधान दिवस यूथ क्लब गतिविधि - 615
- आनलाईन स्वच्छता जागरूकता - 2753
- मूर्ति देखभाल - 1230
- अतुल्य गंगा मिशन - 148
- हेल्प - 50
- यूथ संसद - 116
- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा - 893
- ट्विटर एकाउन्ट पर रजिस्ट्रेशन - 3899
- मूर्ति स्वच्छता - 175
- जल जीवन संवाद - 45

अतिमहत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन

क्र	**अधिकारी का नाम**	**स्थान**	**दिनांक**
क.	मेजर जनरल राकेश राणा, अपर महानिदेशक, एन.सी.सी. निदेशालय, लखनऊ	एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अ, वाराणसी	04 सितम्बर 20
ख.	ब्रिग्रेडियर राजा चक्रवर्ती, उपमहानिदेशक एन.सी.सी. निदेशालय, लखनऊ	एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अ, वाराणसी	21 नवम्बर 20

विविध: स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर कैडेटों द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति को गार्ड आफ आनर प्रदान किया गया। इस अवसर पर कैडेटों ने इस वर्ष एन.सी.सी. के ए,बी. तथा सी. प्रमाण पत्र परीक्षाओं में भाग लिया तथा उत्तीर्ण हुए।

9.18. एयर स्ट्रीप एवं हेलीपैड

विश्वविद्यालय के छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व को निखारने के उद्देश्य से 7 यू.पी. एयर दल के सहयोग से परिसर में एक हवाई पट्टी/हेलीपैड की भी व्यवस्था है, जहाँ भारी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र/कैडेट (कनिष्ठ व वरिष्ठ) को राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी प्रशिक्षण के विस्तार की सुविधा है।

9.19. विपणन संकुल

मरीजों एवं उनके सहयोगियों, आगन्तुकों, छात्रों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों को उच्च गुणवत्तायुक्त अल्पाहार, शीतल पेय, कॉफी, चाय इत्यादि प्रदान करने के लिए 168 दुकानें/ कियास्क/ आउटलेट / बैंक इत्यादि (राजीव गांधी दक्षिणी परिसर बरकच्छा) विश्वविद्यालय के विभिन्न भागों पर संचालित है।

9.20. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय क्लब

महामना ने एक समग्र एवं अनूठे शैक्षणिक संस्थान के रूप में इस विश्वविद्यालय की स्थापना की जहाँ पूर्वी धर्म तथा पाश्चात्य विचार आपस में घुलमिल सके और उनके बीच वीवंत संवाद हो सके।यह मेल जोल और संवाद ण

केवल पृथक- पृथक माध्यम से हो बल्कि एक महत्वपूर्ण सामूहिक भवन के हरिये अनौपचारिक तरीके से हो, जिसे वह विश्वविद्यालय क्लब कहा करते थे। उन्होंने सन 1936 में इसकी स्थापना इस उद्देश्य से की थी कि यह क्लब योग्यता व उत्कृष्ठता की संस्थागत विचारधारा की पूर्ती अपने बहु-विषयी श्रेष्ठ ज्ञान के आदान-प्रदान के जरिये करेगा।तब से लेकर पिछली शताब्दी के अंत तक, यह क्लब अनिवार्य रूप से एक संवाद केंद्र रहा, जहाँ काली चाय का स्वाद लेते हुए, विविढ प्रदेशों के सदस्य इनडोर खेलों का आनंद लेते थे और विभिन्न मतावलंबी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण शैक्षणिक तथा प्रशासनिक समुदाय के प्रति अपनेपन के भाव के साथ एक विशेष माहौल पैदा कारते थे।यह एक अनौपचारिक मिलन केंद्र था जहाँ एक समय किसी को भी लघु भारत प्रतीत होता था तथा वहाँ समवेत रूप से सुन्दरम सांकृतिक अभिवयक्ति थी। विश्वविद्यालय क्लब अपने संकाय तथा प्रशासकों के सुन्दरतम सांस्कृतिक शिष्टता को प्रतिबिंबित करता था।

नई शताब्दी के आरम्भ के साथ ही, विश्वविद्यालय क्लब की भूमिका भी परिवर्तित हो गयी है।विश्वविद्यालय क्लब द्वारा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए विभिन्न सांकृतिक एवं मांगलिक कार्यों तथा अनुष्ठानो के आयोजन हेतु स्थान प्रदान करता है।प्रतिवर्ष इसमे विभिन्न विवाह तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन से एक अच्छी खासी आय की प्राप्ति भी होती है।

9.21. छात्र कल्याण

9.21.1. संस्थापन सेवाएँ

पर्यावरण और धारणीय विकास संस्थान

शिक्षण और अनुसंधान के अलावा,अन्य विद्यालयों के एमएससी/एमफिल शोध प्रबंध के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में आई.ई.एस.डी. के प्रशिक्षित छात्र वैज्ञानिक कार्यो के लिए प्रशिक्षित छात्र है। 3 एम.एस.सी. टेक एनवायरनमेंटल साइंस और टेक्नोलालिकल अंतिम वर्ष के छात्रों को वर्तमान सत्र में हैदराबाद में रैमकी एनवायरो इंजीनियर्स लिमिटेड, में रखा गया है।

प्रबंधशास्त्र संस्थान

प्रबंधशास्त्र संस्थान (एफएमएस), काशी हिंदू विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव ने संस्थान के अपने पिछले कीर्तिमानों को पीछे छोड़ते हुये रु.18 लाख प्रतिवर्ष तक का उच्चतम पैकेज का प्रस्ताव आईबीएम लिमिटेड द्वारा प्राप्त किया है। संस्थान ने देश के प्रमुख बिजनेस स्कूलों में से एक के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ किया है क्योंकि इसे उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। रुपये का उच्चतम पैकेज। पिछले वर्ष की तुलना में 18 लाख प्रतिवर्ष के साथ 50% की वृद्धि दर्ज की गई और औसत पैकेज भी रु. 7.2 लाख प्रतिवर्ष रुपये से बढ़कर 8.4 लाख प्रतिवर्ष हो गया। इस वर्ष प्लेसमेंट ड्राइव में दो दर्जन से अधिक कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें विविध विभागों के साथ आने वाली कंपनियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। छात्रों को चयन आईटी सेक्टर, कंसल्टेंसी सेक्टर, एमसीजी, ईकॉमर्स, मैन्युफैक्चरिंग, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र सहित विभिन्न उद्योगों में हुआ। छात्रों को आईबीएम लिमिटेड, इंफोसिस, विप्रो और जेनपैक्ट जैसे शीर्ष कंपनियों द्वारा उत्साहपूर्वक अपनाया गया, जबकि अन्य कंपनियाँ डीएचएल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एलएंडटी फाइनेंशियल सर्विसेज, मेकमायट्रिप, कैफैकोफॉर्बे, फेडरल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, उज्जीवन एसएफबी,बर्जर पेंट्स, राइटर कॉर्पोरेशन, सूयीदय एसएफबी, प्रिज्म सीमेंट, इफको किसान, बनारस डेयरी, वीएनआर सीड्स लिमिटेड, एडीएम एग्रो और कई अन्य थीं, इस प्रकार बैच की लगभग 90% नियुक्ति सुनिश्चित हुई।

कंसल्टेंट्स, एनालिटिक्स, सेल्स ट्रेनी, बिजनेस डेवलपमेंट, ब्रांच बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग, क्रेडिट रिस्क, प्लानिंग एंड एनालिटिक्स, ऑपरेशंस, विजिलेंस आदि जैसे कई प्रतिष्ठित और आकर्षक प्रस्ताव मिले। आने वाली कंपनियों की संख्या और पैकेज की पेशकश में भारी वृद्धि के साथ इस वर्ष प्लेसमेंट उत्कृष्ट रहा।

विज्ञान संस्थान

भूविज्ञान विभाग

वर्तमान सत्र में जीएसआई, ओएनजीसी, एमइसीएल, सीजीडब्लूबी, एएमडी,सीआईएल, मोनेट इस्पात, टाटा स्टील, डीजीएम, एनजीआरआई, पीआरएल, सीआईएमएफ़इआर, डब्लूआईएचजी इत्यादि के प्रतिष्ठित भारतीय और बहुराष्ट्रीय व्यावसायिक घरानों में छात्र को प्लेसमेंट मिला।

भूभौतिकी विभाग

एमएससी (टेक) के अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ-साथ पिछले वर्ष उत्तीर्ण छात्रों को यूपीएससी के माध्यम से जीएसआई में, अन्य सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी संगठनों में चयन हुआ है। वर्तमान सत्र के दौरान कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से भूभौतिकी के सात छात्रों का चयन ओ.एन.जी.सी.में हुआ।

रसायन विज्ञान विभाग

वर्तमान वर्ष में रामकी इनवारों प्रो. लिमिटेड. ने हमारे विभाग का दौरा किया और आठ छात्रों को नौकरी की पेशकश की। इसके अलावा, दो अच्छी तरह से प्रतिष्ठित पीएमटी,आईआईटी कोचिंग संस्थान जैसे- आकाश और टैगोर ने भी हमारे विभाग का दौरा किया और और हमारे कुछ छात्रों को नौकरी की पेशकश की।

भौतिकी विभाग

हमारे अधिकांश छात्र आई.आई.टी., आई.आई.एस.सी., टी.आई.एफ.आर., आई.आई.एस.ई.आर., एन.आई.एस.ई.आर., डी.आर.डी.ओ., सी.एस.आई.आर. अनुसंधान प्रयोगशालाओं, डी.ए.ई. संस्थानों जैसे विभिन्न संगठनों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं।

संगणक विज्ञान विभाग

7छात्रों को टीसीएस में रखा गया, 1 छात्र अबेती बैंगलोर में, 5 छात्र सीसेन नेटर्वक में डार्क हॉर्स डिजिटल प्राइवेट में 10 छात्र। लिमिटेड, पेंटेयर नोएडा में कुछ छात्रों को उत्कृष्टता टेक्नोलॉजी नोएडा में रखा गया है।

सामाजिक विज्ञान संकाय

इतिहास विभाग

पं० मदन मोहन मालवीय जी द्वारा स्थापित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्राचीनतम् विभागों में इतिहास विभाग एक है, जिसकी स्थापना सन् 1918 में की गयी थी। विभाग की ओर से स्नातक और परास्नातक के पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। स्नातक स्तर पर इतिहास (प्रतिष्ठा) के पाठ्यक्रम पढ़ाये जाते हैं और परास्नातक स्तर पर अनेक नये प्रश्न पत्र सम्मिलित किये गये हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानक के अनुरूप सत्र 2011-12 से ही संशोधित पाठ्क्रम की पढ़ाई हो रही है तथा 2019-2020 में ही यथावत चल रही है।

मनोविज्ञान विभाग

विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विभाग के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों मास्टर ऑफ परसोनेल मैनेजमेंट एण्ड इण्डस्ट्रियल रिलेशन, पी०जी० डिप्लोमा इन काउन्सलिंग गाईडेन्स एण्ड साइकोलाजिकल इन्टरवेंशन, तथा पी०जी० डिप्लोमा इन काउन्सलिंग एण्ड साइकोथेरेपी में वृत्ति नियोजन इस वर्ष भी जारी रहा।

शिक्षा संकाय

शिक्षा संकाय में चयन प्रकोष्ठ नियमित रूप से कैम्पस चयन का आयोजन विद्यार्थियों के लिये करके उनकी रोजगार सम्बन्धी जरूरतों की पूर्ति करता है। साथ ही संस्था एवं उद्योग जगत के साथ भी उचित सम्बन्ध स्थापित करता है।

उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड अन्य राज्यों एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं में तथा बिहार एवं उत्तर प्रदेश के डायट एवं प्राथमिक विद्यालयों में 80से अधिक विद्यार्थी में चयनित हुए हैं।

आनुवांशिक विकार केंद्र

वर्षीय पी.जी. क्रोमोसोमल, जेनेटिक एण्ड मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक पर डिप्लामा, कोर्स, इस कोर्स को यूजीसी ने अपने इनोवेटिव प्रोग्राम के तहत फंडिग के लिए चुना है। केंन्द्र ने प्लेसमेंट आदि के लिए फार्मास्यूटिक उद्योग्य और अन्य और आर एंण्ड डी प्रयोगशालाओं से संर्पक किया हैं हमारे पिछले छात्र बैच को एसजीपीजीआई-लखनऊ, आईएमएस बीएचयू, सरकारी स्कूल में शिक्षक, डीबीटी और आईसीएमआर संस्थान, विज्ञान बीएचयू, सर गंगा जैसे संस्थानों में प्लेसमेंट मिला है। राम अस्पताल, नई दिल्ली आदि।

समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र

संगठन	छात्र का नाम	पद	वार्षिक आय
दृष्टि फाउंडेशन मुरादाबाद, यूपी।	आदित्य कुमार	विदुषी फेलो	4.2
	अभिरंजन कुमार सिंह	विदुषी फेलो	4.2
दृष्टि फाउंडेशन मधुबनी, बिहार	खुशबू	विदुषी फेलो	4.2
गांधी फैलोशिप	राहूल कुमार	गांधी फेलो	1.68

राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

- एम.बी.ए. (ए.बी.) के छात्र एवं छात्राओं की नियुक्ति औसत वार्षिक पैकेज 4.5 लाख रूपये के साथ इण्डोगल्फफर्टिलाइजर, अंसल ए पी आइ, ड्यू प्वाइंट, सावन सीड, महिंद्रा टेक, पैन सीड, धनुका, बंधन माइक्रोफाइनेस सिनोकेमए चम्बल फर्टिलाइजर, एवं पर्ल अकादमी द्वारा की गई।
- एम.एस.सी. (स्वायल साइंस- स्वायल एण्ड वाटर कंजरवेशन) एवं एम.एस.सी. (एग्रो फारेस्टी) के छात्र-छात्राएं वी.एन.आर. सीड्स प्रा.लि., झारखण्ड स्टेट लाविइली हुड प्रोमोशन सोसाइटी, उत्तर प्रदेश स्टेट रुरल लाविइली हुड मिशन, एग्री बिजनेस सिस्टम तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में कार्यरत है। इनके छात्र-छात्राएं ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत आई.सी.ए.आर.-इंण्डियन इंस्टीयूट ऑफ स्वायल एवं वाटर कंनजरवेशन (देहरादून) में कार्यरत है।
- बी.फार्म. आयुर्वेद के छात्र एवं छात्राओं की नियुक्ति श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेडए इमामी प्राइवेट लिमिटेड, चरक फार्मा जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में हुई।
- बी.एस.सी. (कृषि) पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं का वर्तमान सत्र में बैकिंग संगठनों, सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों में सफल चयन हुआ।
- एम.एस.सी. (टेक) पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों का चयन विभिन्न संगठनों जैसे रामकी इन्वायरों लिमिटेड आदि में हुआ। कुछ विद्यार्थियों ने नेट परीक्षा भी पास की।
- इस सत्र में डी.डी.यू. कौशल केन्द्र में संचालित मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, रिटेल एवं लॉजिस्टिक मैनेजमेन्ट तथा हास्पिटैलिटी मैनेजमेन्ट के छात्रों का चयन विभिन्न कम्पनियों में किया गया है। जिसमें प्रमुखत: पैथकाइंड लैब्स, पैथ केयर लैब, रामकृष्ण मिशन हास्पिटल, एम हास्पिटल आदि कम्पनियों ने छात्रों को अच्छे पैकेज में चयन किया।
- मास्टर आफ टूरिज्म एवं ट्रेवल्स मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं की नियुक्ति विभन्न नामचीन कम्पनियों में हुई है। जिसमें कॉक्स एण्ड किंग, ग्रीट होलिडेज, यात्रा डाट काम, मौजी डाट काम आदि प्रमुख हैं।

- पी.जी. डिप्लोमा इन जर्नलिसमएण्ड मॉस कम्युनिकेशन के छात्र-छात्राएं विभिन्न मीडिया संगठनो में कार्यरत है। जिसमें विशेष रुप से इ. टी.वी. भारत, टाइम्स आफ इण्डिया, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान टाइम्स मुख्य है।

महिला महाविद्यालय

- एम.ए. शिक्षाा शास्त्र के विधार्थियों के नियोजन के निमित प्रेमजी अजीज फाउण्डेशन को यूनिवर्सिटी प्लेसमेण्ट सेल का.हि.वि.वि. के सौजन्य से आमंत्रित किया गया।
- बी.ए. हिन्दी तृतीय वर्ष के ग्यारह छात्राओं ने यूको बैक वारणसी में आयोजित त्रैमासिक हिन्दी यूनिकोड कार्यशाला में सहभागिता की इस प्रकार बैक की कार्यप्रणाली में हिन्दी के प्रयोग तथा विभिन्न कार्यालयों और व्यावसायिक सम्प्रेषण में हिन्दी के प्रयोग का साक्षात निर्देशन प्राप्त किया।

वसंत कन्या महाविद्यालय

सेल ने बी.ए. और एम.ए. के अंतिम वर्ष को उनके लिए उपलब्ध विभिन्न नौकरी के अवसरों के बारे में जागरूक किया। उनमें एम.ए. गृह विज्ञान की 4 छात्राओं को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जेम एंड ज्वैलरी डिजाइन, वाराणसी में 8 सप्ताह की इंटर्नशिप में सम्मिलित होने के लिए चयनित किया गया।

9.21.2.रोजगारपरक निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ

व्यावसायिक निदेशन एवं परार्मश प्रकोष्ठ की स्थापना दिसम्बर 2011 में और उद्घाटन 10 फरवरी 2012 को हुई। कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को प्रकोष्ठ प्रदान की जाने वाली सेवाओं को तीन मुख्य भागों में बाँटा जा सकता है।

- शैक्षणिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन
- मनोवैज्ञानिक परामर्श
- रोजगार परामर्श
- जागरूकता बढ़ाना और प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रकोष्ठ में परामर्श का विवरण

वर्तमान सत्र में विभिन्न संकायों के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा कैरियर गाइडेन्स काउसिलिंग सेल की सेवाओं का लाभ उठाया गया। वास्तव में वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में आमनें-सामनें की शिक्षा बंद हो गयी और पूर्णाकालिक दूरस्थ शिक्षा जारी रही हैं। इस संदर्भ में नियोजित परामर्श गतिविधियों और सभी प्रकार के मार्गदर्शन और जागरूकता कार्यक्रमों और गतिविधियों को स्थगित या रद्द कर दिया गया था।

सामाजिक/ शरीरिक दूरी और अन्य सीमाएँ चिंता और भय जैसी नकारात्मक मनोवैज्ञानिक स्थितियों का कारण बन सकती हैं और ये छात्रों की भलाई को प्रभावित कर सकती है। छात्रों को इस अवधि के दौरान सबसे मनोवैज्ञानिक कठिनाइयों वाले समूह में दिखाया गया हैं क्योंकि उन्हें किसी भी अभिविन्यास प्रक्रिया में भाग लेने और बिना किसी समर्थन के इस प्रक्रिया के अनुकूल होन के बिना दूरस्थ शिक्षा में भाग लेना पड़ा। इससें छात्रों में सामान्य निराशा पैदा हो गयी है। कोविड-19 के बाद अनुभव जनित कठिनाईयों के कारण छात्रों को स्थिति के अनुकूल होने में कठिनाईयों और सीखनें में कठिनाईयों का अनुभव किया था। और इससें उनकी चिंता बढ़ गई। इन परिस्थितियों में प्रकोष्ठ ने अप्रैल 2020 से विभिन्न मंच के माध्यम से टेलीफोन के साथ-साथ विडियों काउसिलिंग शुरू कर दी है।

आयोजित कार्यक्रम

व्यावसायिक एवं शैक्षणिक सलाहः रोजगार सलाह 138विद्यार्थी संतुष्ट; शैक्षिक मार्गदर्शन ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन मोड के माध्यम से 64 विद्यार्थी संतुष्ट।

मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं सलाहः शैक्षणिक, व्यक्तिगत, मनोवैज्ञानिक एवं अन्य 205 विद्यार्थी, संतुष्ट।

9.21.3. छात्र परिषद् कार्यालय

शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में छात्र परिषद कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अर्न वाईल लर्न कार्यक्रम

न केवल जीवन यापन के लिए बल्कि पुस्तकालय,अस्पताल,साइबर कैफे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त संख्या में जरूरतमंद और मेधावी छात्रों को काम प्रदान किया गया।

"दृष्टि" जर्नल के 9वें संस्करण का प्रकाशन

